CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 22°C

मुजफ्फरनगर, शनिवार 2 अगस्त 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 201 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com श्रावण शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 7 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**अमेरिका के समक्ष सरेंडर अच्छे दिन के संकेत नहीं: पवन खेड़ा** पेज 2



**इंग्लैंड के गेंदबाज वोक्स ओवल टेस्ट से बाहर** खेल टाइम्स



**एशिया की बिसात पर चीन की घेराबंदी, लंदन और तेल अवीव का बड़ा दांव** सम्पादकीय



**गाजा में 175 फलस्तीनियों की हत्या** पेज 12

### उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव नौ सितम्बर को

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितम्बर को कराया जाएगा। इसके लिए अधिसूचना अगले सप्ताह गुरुवार को जारी की जाएगी। चुनाव आयोग द्वारा शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए अधिसूचना गुरुवार 7 अगस्त को जारी की जाएगी। इसके साथ ही नामांकन भरने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन पत्र गुरुवार, 21 अगस्त तक भरे जा सकेंगे और नामांकन पत्रों की जांच शुक्रवार 22 अगस्त को की जाएगी। नामांकन सोमवार, 25 अगस्त तक वापस लिए जा सकेंगे। आयोग ने कहा है कि यदि आवश्यक हुआ, तो मतदान मंगलवार, नौ सितम्बर को पूर्वाह्न दस बजे से शाम पांच बजे तक कराए जाएंगे। मतगणना उसी दिन मतदान सम्पन्न होने के बाद रिटर्निंग अधिकारी की निगरानी में कराई जाएगी। सभी के मत का मूल्य एक समान (1) होगा।

### बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण पर दोनों सदनों में हंगामा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर शुक्रवार को विपक्षी दलों के सदस्यों ने भारी हंगामा करते हुए नारेबाजी की, जिसके कारण सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। पीठासीन अधिकारी कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने एक बार के स्थगन के बाद दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्ष के सदस्य नारे लगाते हुए और हाथों में तख्तियां लेकर सदन के बीचों बीच आकर हंगामा करने लगे। हंगामे के बीच पीठासीन अधिकारी ने जरूरी दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाया और इसके बाद उन्होंने नियम 377 के तहत सदस्यों से अपने मुद्दे सदन के पटल पर यह कहते हुए रखने को कहा कि उन्हें पढ़ा हुआ समझा जाएगा।

### ले. जनरल सिंह ने सेना उप प्रमुख का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह ने शुक्रवार को यहां सेना उप प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले वह सेना मुख्यालय में महानिदेशक, ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स एवं स्ट्रैटेजिक मूवमेंट के पद पर थे। कार्यभार संभालने से पहले उन्होंने यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर मातृ भूमि के लिए प्राणों का बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। जनरल ऑफिसर को दिसम्बर 1987 में पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) की चौथी बटालियन में कमीशन दिया गया था।

### वात्सायन ने नौसेना उप प्रमुख का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल संजय वात्सायन ने शुक्रवार को यहां नौसेना के 47वें उप प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले वाइस एडमिरल ने यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## शाहरुख-विक्रांत बेस्ट एक्टर, रानी बेहतरीन अदाकारा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ नेशनल अवॉर्ड 'कटहल' को बेस्ट हिंदी फिल्म का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों का ऐलान हो गया है। शुक्रवार को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के दावेदारों का ऐलान किया गया है।

इसमें शाहरुख खान को भी अपना पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला है। उन्हें फिल्म 'जवान' के लिए यह पुरस्कार मिला है। जबकि रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्ट्रेस पुरस्कार से नवाजा गया है। बता दें कि कोविड महामारी के चलते नेशनल फिल्म अवॉड्र्स में देरी हो रही है। साल 2024 में 2022 में रिलीज होने वाली फिल्मों को पुरस्कार दिए गए थे। अब इस साल उन फिल्मों को पुरस्कृत किया जाएगा, जो वर्ष 2023 में रिलीज हुईं। शाहरुख खान के अलावा विक्रांत मैसी को भी नेशनल फिल्म अवॉर्ड दिया गया है। उन्हें फिल्म 12वीं फेल के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल फिल्म अवॉर्ड दिया गया है। कटहल को बेस्ट हिंदी फिल्म का नेशनल फिल्म अवॉर्ड दिया गया है। साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म कटहल में सान्या मल्होत्रा, विजय राज और अनंत जोशी जैसे सितारे नजर आए। वहीं रानी मुखर्जी को उनकी फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नार्वे के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब मिला है। नेशनल अवॉर्ड के विनर के लिए फिल्मों को कई हफ्तों तक जूरी ने रिव्यू किया, जिसके बाद उन्होंने अपनी आखिरी रिपोर्ट मंत्री अश्विनी वैष्णव और एल मुरुगन को सौंपी है। दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस ऑर्गेनाइज किया गया, इस दौरान जूरी में फिल्ममेकर आशुतोष गोवारिकर, पी. शेषाद्री शामिल हैं।

## उद्योगपति अनिल अंबानी के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ ईडी की रेड के बाद मुश्किल में फंसे उद्योगपति !

**नई दिल्ली।** देश के बड़े उद्योगपति और रिलायंस धीरूभाई अंबानी ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है। हाल ही में ईडी ने अनिल अंबानी के ठिकानों पर रेड की थी।

ईडी ने उन्हें 5 अगस्त को दिल्ली पूछताछ के लिए बुलाया है। प्रवर्तन निदेशालय 17,000 करोड़ रुपये के कथित लोन घोटाले की जांच कर रहा है। पिछले हफ्ते ईडी -शेष पृष्ठ दो पर

# अपने फैसले से पलटे ट्रम्प

## भारत का करारा जवाबः एफ- 35 नहीं खरीदेगा

**वाशिंगटन डीसी, वार्ता**

### ट्रम्प का 25 फीसदी टैरिफ सात दिन टला




■ 90 देशों को भी राहत, कनाडा पर आज से 35 फीसदी टैरिफ, लिस्ट में चीन नहीं

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ को 7 दिन के लिए टाल दिया है। ये एक अगस्त से लागू होना था, जो अब 7 अगस्त से लागू होगा।

ट्रम्प ने 92 देशों पर नए टैरिफ की लिस्ट जारी की है। इसमें भारत पर 25 फीसदी और पाकिस्तान पर 19 फीसदी टैरिफ लगाया गया है। हालांकि, कनाडा पर एक अगस्त से ही 35 फीसदी टैरिफ लागू हो गया है। साउथ एशिया में सबसे कम टैरिफ पाकिस्तान पर लगा है। अमेरिका ने पहले पाकिस्तान पर 29 फीसदी टैरिफ लगा रखा था। वहीं दुनियाभर में सबसे ज्यादा 41फीसदी टैरिफ सीरिया पर लगाया गया है। इस लिस्ट में चीन का नाम शामिल नहीं है। ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, लेकिन 7 दिन बाद ही इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया था। कुछ दिनों बाद ट्रम्प ने 31 जुलाई तक का समय दिया था। इसके बाद ट्रम्प सरकार ने 90 दिनों में 90 सौदे कराने का टारगेट रखा था। हालांकि, अमेरिका का अब तक सिर्फ 7 देशों से समझौता हो पाया। -शेष पृष्ठ दो पर

### ट्रम्प से डिफेंस डील नहीं चाहती मोदी सरकार

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिकी अधिकारियों को बता दिया है कि उसकी एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट खरीदने में दिलचस्पी नहीं है। ब्लूमबर्ग ने अपनी एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है।

एफ-35 अमेरिका का 5वीं जेनरेशन का लड़ाकू विमान है। इसे लाकहीड मार्टिन कंपनी ने डेवलप किया है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि मोदी सरकार निकट भविष्य में अमेरिका के साथ कोई बड़ा रक्षा सौदा नहीं चाहती। सरकार रक्षा उपकरण बनाने वाली साझेदारी में ज्यादा दिलचस्पी रखती है। यानी, भारत टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और देश में उत्पादन की शर्त पर डिफेंस डील चाहता है। इस साल फरवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्हाइट हाउस दौरे के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत को फाइटर जेट बेचने की पेशकश की थी। इसके बाद अप्रैल में भारत दौरे पर आए अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी भारत को एफ-35 खरीदने का ऑफर दिया था। रिपोर्ट में अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ का भी जिक्र है।

## चुनाव आयोग करवाता है वोट चोरी, सबूत हैं हमारे पास : राहुल गांधी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कांग्रेस नेता ने कहाः जो यह चोरी करवा रहे हैं, उनका यह काम देशद्रोह, ऐसे लोगों को हम खोज निकालेंगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि चुनाव आयोग वोटों की चोरी करा रहा है और इसके उनके पास पर्याप्त सबूत हैं, लेकिन जो यह चोरी करवा रहे हैं उनका यह काम देशद्रोह है और ऐसे लोगों को खोज निकालेंगे।

श्री गांधी ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि हमारे पास सबूत है कि चुनाव आयोग वोट चोरी करवा रहा है। मैं शत-प्रतिशत सबूतों के साथ ये बात कह रहा हूं। हम जैसे ही ये सबूत सबके सामने रखेंगे, पूरे देश को पता चल जाएगा कि चुनाव आयोग वोट चोरी करा रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि चुनाव आयोग यह काम भाजपा के लिए करा रहा है। उन्होंने कहा कि सवाल है कि आयोग किसके लिए करा रहा है यह वोट चोरी, इसका जवाब है कि भाजपा के लिए करा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें मध्य प्रदेश में संदेह था, लोकसभा चुनाव में संदेह था, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में संदेह था। चुनाव आयोग हमारी मदद नहीं कर रहा था इसलिए हमने अपनी तरफ से जांच करवाई। इस जांच में छह महीने लगे और जो हमें मिला है, वह एटम बम है। चुनाव आयोग में जो भी वोट चुराने का काम कर रहे हैं, उन्हें हम छोड़ेंगे नहीं। क्योंकि आप हिंदुस्तान के खिलाफ काम कर रहे हैं, जो देशद्रोह है। आप कहीं भी हों, चाहे आप रिटायर ही क्यों न हो जाएं, हम आपको ढूंढ़ निकालेंगे।

### राहुल गांधी को चुनाव आयोग का जवाब

**लेटर का रिप्लाई नहीं दिया, अब धमकाना शुरू कर दिया**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग का बयान आया है, जिसमें राहुल गांधी को जवाब दिया है। चुनाव आयोग ने कहा कि हमने राहुल गांधी को 12 जून 2025 को एक मेल भेजा, मगर वो नहीं आए। इसके बाद 12 जून को फिर एक पत्र भेजा, लेकिन उन्होंने इसका कोई जवाब नहीं दिया। राहुल गांधी ने कभी भी किसी भी मुद्दे पर चुनाव आयोग को कोई पत्र नहीं भेजा। अब वो बेतुके आरोप लगा रहे हैं और अब चुनाव आयोग और उसके कर्मचारियों को धमकाना भी शुरू कर दिया है, ये निंदनीय है। चुनाव आयोग ऐसे गैर-ज़िम्मेदाराना बयानों को नजरअंदाज करता है और अपने सभी कर्मचारियों से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से काम करते रहने का अनुरोध करता है।

## सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों की याचिका खारिज की



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (पोश अधिनियम) के दायरे में राजनीतिक दलों को लाने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया और कहा कि यह विषय संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है।

पीठ ने अधिवक्ता योगमाया एमजी की इस याचिका पर विचार करने से मना कर दिया। पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि अदालत इस मामले में हस्तक्षेप नहीं कर सकती, क्योंकि यह संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है।

### मोदी पर टिप्पणी मामले में थरूर को राहत का संकेत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पीएम मोदी पर 2018 के कथित आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में शुक्रवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर के खिलाफ मानहानि का मामला बंद करने का संकेत दिया और शिकायतकर्ता भाजपा नेता राजीव बब्बर के अधिवक्ता से पूछा कि इस मामले में आप 'इतना संवेदनशील क्यों हैं?' पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनी और शिकायतकर्ता से कहा कि आइए इसे बंद करते हैं।

## रेप मामले में प्रज्वल रेवन्ना दोषी करार

**बेंगलुरु, वार्ता**



■ कोर्ट आज सुनाएगा प्रज्वल रेवन्ना को सजा

**जनप्रतिनिधियों** से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए गठित एक विशेष अदालत ने अपनी घरेलू सहायिका का बलात्कार करने और उसका वीडियो बनाने के मामले में शुक्रवार को कर्नाटक के हासन से सांसद रहे प्रज्वल रेवन्ना को दोषी पाया।

कर्नाटक के हासन से सांसद रह चुके और जनता दल सेक्युलर से निष्काषित राजनेता प्रज्वल रेवन्ना के लिए शुक्रवार का दिन काफी मुश्किल भरा साबित हुआ। जनप्रतिनिधियों से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए गठित एक विशेष अदालत ने अपनी घरेलू सहायिका का बलात्कार करने और उसका वीडियो बनाने के मामले में रेवन्ना को दोषी पाया। रेवन्ना के दोषी पाए जाने का आदेश जज संतोष गजानन भट्ट ने पढ़ा। अब उन्हें इस मामले में कितने बरस की सजा होगी, ये शनिवार, 2 अगस्त को तय होगा। अप्रैल महीने में रेवन्ना के खिलाफ आईपीसी की जिन धाराओं के तहत आपराधिक मुकदमा दर्ज हुआ था, वहां से उनकी सजा को लेकर कुछ इशारे मिलते हैं।

### दाऊद के गुर्गों के खिलाफ एनआईए की बड़ी कार्रवाई

**अहमदाबाद।** एनआईए ने दाऊद इब्राहिम के नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई की है। गुजरात के भरूच में उसके एक गुर्गे की दो संपत्तियों को जब्त कर लिया है। यह कार्रवाई 2015 में हुए दोहरे हत्याकांड के मामले से जुड़ी हैं, जिसमें बीजेपी कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गई थी। एनआईए ने मोहम्मद यूनुस उर्फ मंजरो नाम के आरोपी की दो अचल संपत्तियों को यूएपीए के तहत जब्त किया है।

## बुलंदशहर में इंस्पेक्टर के पांच हत्यारों को उम्रकैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**



■ हिंसा के 33 दोषियों को 7-7 साल की सजा
■ कोतवाल को मारकर फूंकी थी चौकी

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर के बहुचर्चित स्याना हिंसा मामले में शुक्रवार को कोर्ट ने इंस्पेक्टर की हत्या के 5 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, जबकि 33 दोषियों को हिंसा, आगजनी और हत्या की कोशिश के लिए 7-7 साल की सजा दी गई।

एक दिन पहले गुरुवार को कोर्ट ने सभी 38 आरोपियों को दोषी करार दिया था। सजा के लिए एक अगस्त की तारीख तय की थी। शाम 5:45 बजे जज ने फैसला सुनाया। सजा पाने वालों में जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, बीजेपी नेता, निषाद पार्टी के नेता और आरएसएस के नगर कार्यवाह भी शामिल हैं। पुलिस ने मामले में कुल 44 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इनमें से 5 आरोपियों की मौत हो चुकी है, जबकि एक नाबालिग का केस जुवेनाइल कोर्ट में चल रहा है। एएसपी ऋजुल ने बताया कि स्याना हिंसा मामले में शुक्रवार को सजा का ऐलान हुआ। कोर्ट के बाहर तीन सीओ समेत 5 थानों का फोर्स तैनात रहा। आसपास के इलाके को पुलिस ने कब्जे में ले रखा था। अदालत ने कहा कि दोषियों पर लगाए गए आर्थिक जुर्माने से वसूली का 80 फीसदी हिस्सा शहीद इंस्पेक्टर सुबोध सिंह की पत्नी को दिया जाएगा। यह फैसला शहीद परिवार के लिए राहत की बड़ी खबर साबित हुआ है। फैसले के बाद बुलंदशहर में पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी।

## पंजाब के पांच पुलिसकर्मियों पर हत्या का दोष सिद्ध

■ 32 साल पुराने फर्जी मुठभेड़ मामले में CBI कोर्ट ने सुनाया फैसला

**नई दिल्ली।** सीबीआई की एक अदालत ने 1993 में अमृतसर के रानी विल्लाह गांव के सात युवकों की हत्या से जुड़े 32 साल पुराने फर्जी मुठभेड़ मामले में एक पूर्व एसएसपी और एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) समेत पंजाब के पांच पुलिस अधिकारियों को दोषी ठहराया है।

अदालत ने पूर्व एसएसपी भूपिंदरजीत सिंह, डीएसपी दविंदर सिंह, इंस्पेक्टर सूबा सिंह, एएसआई गुलबर्ग सिंह और एएसआई रघबीर सिंह (सभी सेवानिवृत्त) को आपराधिक साजिश, हत्या, सबूत नष्ट करने और रिकॉर्ड से छेड़छाड़ करने का दोषी ठहराया है। सोमवार को सजा सुनाई जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में एक परिवार के पांच सदस्यों की मौत

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले के बेबर क्षेत्र में शुक्रवार को एक भीषण हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक बच्ची घायल है। पुलिस ने बताया कि केथोली ग्राम पंचायत के हरिपुरा निवासी दीपक (36) आगरा में अपनी भतीजी काव्या का जन्म दिन मनाकर अपने परिवार के साथ गांव लौट रहे थे कि बेबर क्षेत्र में नगला ताल के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गयी। इस हादसे में कार सवार दीपक, पत्नी पूजा, बेटी आशी और आर्या और दीपक की बहन सुजाता की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। दीपक की एक पुत्री आराध्या इस दुर्घटना में घायल है। इस दुर्घटना के बाद यातायात कुछ समय के लिए बाधित रहा। ट्रक को पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

### छत्तीसगढ़ की धरती से नक्सलवाद का खात्मा

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज संसद भवन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सौजन्य भेंट की. इस दौरान मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ के समग्र विकास, माओवादी चुनौती से निपटने की रणनीति सहित विभिन्न विषयों पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से चर्चा की. मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय गृह मंत्री को माओवादी विरोधी अभियानों की उपलब्धि एवं भविष्य की कार्ययोजना से भी अवगत कराया। सीएम विष्णुदेव साय ने बताया कि छत्तीसगढ़ में माओवादी गति. विधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों में पिछले डेढ़ वर्षों में उल्लेखनीय सफलता मिली है।

# राजनाथ ने सिविल व सैन्यकर्मियों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया

**नई दिल्ली, वार्ता**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सिविल और सैन्य कर्मियों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर देते हुए कहा है कि जब ये दोनों एकजुट होकर राष्ट्रहित में कार्य करेंगे तो देश का सुरक्षा ढांचा और भी अधिक मजबूत हो जाता है।



सिंह ने शुक्रवार को यहां सशस्त्र बल सिविल सेवा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों से सिविल और सैन्य कर्मियों के बीच तालमेल बढ़ाने की दिशा में विचार करने को कहा। उन्होंने कहा कि इस बात पर विचार किया जाना चाहिए कि सिविल सेवा को और अधिक योगदान देने के अवसर किस तरह दिए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब सिविल और सैन्य सेवाएं एकजुट होकर राष्ट्रहित में कार्य करती हैं, तब देश का सुरक्षा ढांचा और भी मज़बूत होता है। यही हमारा संकल्प भी होना चाहिए। दुनिया भर में अनिश्चितता की स्थिति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे में सिविल-सैन्य समन्वय का महत्व बढ गया है। उन्होंने कहा कि सिविल-मिलिट्री समन्वय का महत्त्व आज के समय में इसलिए भी बढ़ गया है, क्योंकि आज की दुनिया बड़ी अनिश्चित हो गई है। आज हम यह अनुमान नहीं लगा सकते कि दुनिया के जिन इलाकों में आज शांति है, वहां भविष्य में तनाव नहीं होगा। आप खुद ही सोचिए, आज से तीन-चार महीने पहले हमने कहां सोचा था, कि हमें कभी ऑपरेशन सिंदूर भी करना पड़ेगा। हमने कहां सोचा था, कि युद्ध जैसी परिस्थितियां हमारे दरवाजे पर आकर खड़ी हो जाएंगी। युद्ध की तैयारियों में सिविल सेवा के योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने सिविल सेवा कर्मियों से बदलती जरूरतों के अनुरूप खुद को तैयार करने को कहा, क्योंकि अभी जिस स्थिति में पूरी दुनिया है, उसमें जरा सी भी लापरवाही या गलती की गुंजाइश नहीं छोड़ी जा सकती।

# विपक्षी दलों ने बिहार मतदाता सूची मुद्दे पर ओम बिरला को लिखा पत्र

**नई दिल्ली, वार्ता**

इंडिया गठबंधन की विभिन्न दलों के नेताओं ने बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण मामले पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इस मुद्दे पर चर्चा कराने का आग्रह करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के पत्र लिखा है।



■ इंडिया गठबंधन के नेताओं ने बिहार में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण पर गहरी चिंता व्यक्त की

इंडिया गठबंधन के नेताओं ने बिहार में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण पर गहरी चिंता व्यक्त करते कहा है यह तब और भी चिंता का विषय बन जाता है, जब राज्य विधानसभा चुनाव कुछ ही माह में होने वाले हैं। उन्होंने इस प्रक्रिया को अभूतपूर्व बताया और कहा कि चुनाव आयोग ने संकेत दिया है कि इस प्रकार की कवायद जल्द ही पूरे देश में की जाएगी। उनका कहना था कि इस प्रक्रिया की पारदर्शिता, समय-सीमा और उद्देश्य को लेकर व्यापक आशंकाएं बन रही हैं, इसलिए इस मुद्दे पर तत्काल संसद में चर्चा करना जरूरी है।

विपक्षी दलों ने अपने पत्र में कहा कि विभिन्न दल लगातार इस मुद्दे को मौजूदा सत्र की शुरुआत से ही उठाते रहे हैं और सरकार के साथ कई बैठकों में भी इसी मुद्दे पर चिंता जताते हुए इसे दोहराया गया है। यह मुद्दा 20 जुलाई को हुई सर्वदलीय बैठक भी शामिल रहा है और सरकार ने सभी मुद्दों पर चर्चा कराने की बात कही थी, लेकिन अब तक इस पर चर्चा कराने की तिथि तय नहीं की गयी है। उन्होंने पत्र में लिखा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण का मतदान के अधिकार और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के संचालन पर सीधा असर पड़ता है। इस मुद्दे पर यदि सदन में चर्चा होती है तो इस पर और अधिक स्पष्टता, पारदर्शिता तथा जवाबदेही सुनिश्चित की जा सकेगी। पत्र में इस मुद्दे पर शीघ्रचर्चा कराने का आग्रह करते हुए कहा गया है कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण पर बिना विलंब के लोकसभा में विचार किया जाना चाहिए। पत्र में हस्ताक्षर करने वाले लोकसभा सदस्यों में सांसद सुप्रिया सुले, अभय कुमार सिन्हा, गौरव गोगोई, एनके प्रेमचंद्रन शामिल हैं।

## एमएसएमई विभाग की बैठक में बोले सीएम योगी

# नई फुटवियर-लेदर नीति से मिलेगा प्रोत्साहन

**लखनऊ, वार्ता**

यूपी के सीएम योगी ने शुक्रवार को एमएसएमई विभाग की बैठक में कहा कि सरकार फुटवियर, लेदर और नॉन-लेदर विनिर्माण के क्षेत्र को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने की दिशा में ठोस कदम उठाने के लिए तैयार है। उत्तर प्रदेश को इस क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाने की अपार संभावनाएं हैं।



■ सहायक इकाइयों और मशीनरी निर्माण प्रतिस्पर्धा को तैयार, लाखों युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध होगा

राज्य के पारंपरिक कौशल, प्रशिक्षित श्रमबल, कच्चे माल की प्रचुरता और आगरा, कानपुर व उन्नाव जैसे सशक्त औद्योगिक केंद्रों की मौजूदगी को देखते हुए एक समग्र, व्यावहारिक और परिणामोन्मुखी नीति का निर्माण आवश्यक हो गया है। बैठक में 'उत्तर प्रदेश फुटवियर, लेदर एवं नॉन-लेदर क्षेत्र विकास नीति 2025' के प्रारूप पर विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने क्लस्टर आधारित विकास मॉडल को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि नीति में स्पष्ट रूप से यह परिभाषित किया जाए कि प्रदेश के कौन-से क्षेत्र इस उद्योग के लिए सबसे उपयुक्त हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि यदि उत्पादन, डिज़ाइन, अनुसंधान और प्रशिक्षण को एकीकृत किया जाए, तो यह क्षेत्र न केवल बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित कर सकता है, बल्कि लाखों युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध करा सकता है। उन्होंने फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स जैसी अधोसंरचना सुविधाओं की स्थापना की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि औद्योगिक इकाइयों को बेहतर कार्य वातावरण मिल सके। अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रस्तावित नीति के तहत अगले कुछ वर्षों में लगभग 22 लाख नई नौकरियों के सृजन की संभावना है। यह नीति उत्तर प्रदेश को वैश्विक फुटवियर और लेदर विनिर्माण का केंद्र बनाने की दिशा में एक निर्णायक पहल मानी जा रही है। वर्तमान में भारत इस क्षेत्र में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता है, जिसमें उत्तर प्रदेश की भागीदारी महत्वपूर्ण है। अकेले कानपुर और उन्नाव में 200 से अधिक सक्रिय टैनरियां कार्यरत हैं, जबकि आगरा को देश की 'फुटवियर राजधानी' के रूप में जाना जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति के तहत न केवल लेदर और नॉन-लेदर फुटवियर निर्माण इकाइयों को बढ़ावा दिया जाए, बल्कि इससे जुड़ी सहायक इकाइयोंद्ध जैसे बकल्स, जिप, सोल, इनसोल, लेस, केमिकल्स, डाइज, हील्स, थ्रेड्स, टैग्स और लेबल्स के निर्माण को भी विशेष प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए।

### यूपी में गाय के गोबर से बनेगा कपड़ा और बायोप्लास्टिक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में निराश्रित गायों के गोबर से बायोप्लास्टिक, जैव-पॉलिमर, बायोटेक्सटाइल, वस्त्र, इको-पेपर, बोर्ड, बायोगैस, कम्पोस्ट और नैनोसेल्यूलोज जैसे उत्पाद तैयार किए जाएंगे। प्रदेश में निराश्रित गोवंश से प्रतिदिन औसतन 54 लाख किला. ग्राम गोबर उत्पन्न होता है, जिसका उपयोग इन प्रोडक्ट को बनाने में किया जाएगा। गोबर से वैज्ञानिक पद्धति के जरिए न केवल प्लास्टिक के विकल्प तैयार किए जाएंगे, बल्कि जैव प्रदूषण को भी रोका जाएगा। इससे पर्यावरण संरक्षण को भी नया बल मिलेगा।

# अमेरिका के समक्ष सरेंडर अच्छे दिन के संकेत नहीं: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस ने कहा है कि अमे. रिका के इशारे पर भारत रूस से तेल खरीदना बंद करना अच्छे दिन के संकेत नहीं है, इसलिए अमेरिका के सामने 'सरेंडर' नहीं किया जाना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका अब पाकिस्तान को तेल दे रहा है और भारत को परंपरागत मित्र रूस से तेल खरीदने से रोक रहा है। अनुमान लगाया जा सकता है कि मोदी राज में अच्छे दिन भारत के नहीं, पाकिस्तान के आए हैं। खेड़ा ने कहा कि सरेन्डर। मोदी अमेरिका के कहने पर मित्र देश रूस से तेल खरीदना बंद कर रहा है, जबकि खुद अमेरिका भारत के दुश्मन देश पाकिस्तान के साथ तेल समझौता कर चुका है। भारत पर तो अब भी 25 प्रतिशत टैरिफ़ और अघोषित पेनल्टी लगाई है, लेकिन पाकिस्तान पर केवल 19 प्रतिशत टैरिफ़ लगाया है। रूस भारत का पारंपरिक सहयोगी देश रहा है, लेकिन अब भारत की नीतियों से निराश होकर वह पाकिस्तान के साथ एक बड़ा रेल मार्ग बना रहा है। अब खुद अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि मोदी के कारण अच्छे दिन कहां आए हैं, भारत में या पाकिस्तान में। कांग्रेस नेता ने कहा कि बाकी, समझदार के लिए तो इशारा ही काफ़ी है और बेवकूफ़ के लिए नज़ारा भी काफ़ी नहीं।

---

**सेंसेक्स** 80599.91
**निफ्टी** 24565.35

**सोना रु. 97971**
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

**चांदी रु. 109819**
प्रति किलो



# आयात शुल्क के दबाव में सेंसेक्स तीन महीने के निचले स्तर पर

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिकी आयात शुल्क के दबाव में शुक्रवार को शेयर बाजारों में चौतरफा बिकवाली हुई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स लगभग तीन महीने के निचले स्तर पर आ गया।



सेंसेक्स 585.67 अंक यानी 0.72 प्रतिशत लुढ़ककर 80,599.91 अंक पर बंद हुआ, जो 09 मई के बाद का इसका न्यूनतम स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 203 अंक (0. 82 फीसदी) लुढ़ककर 24,565.35 अंक पर आ गया जो 03 जून के बाद का न्यूनतम बंद भाव है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को भारत समेत 68 देशों और यूरोपीय संघ पर नए आयात शुल्क लगाने के आदेश पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद एशिया और यूरोप के लगभग सभी बड़े शेयर बाजारों में गिरावट रही। एशिया में जापान का निक्केई 0.66 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग 1.07 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.37 प्रतिशत टूट गया। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.62 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.51 प्रतिशत नीचे थे। सेंसेक्स 111 अंक की गिरावट के साथ खुला और कुछ देर बाद हरे निशान में भी पहुंचा। लेकिन जैसे ही अमेरिका में आयात शुल्क का आदेश जारी होने की खबर आई बाजार में भारी बिकवाली देखी गई। इसका उच्चतम स्तर 81,317.51 अंक और निचला स्तर 80,495.57 अंक रहा। एनएसई में निफ्टी-50 का ग्राफ भी सेंसेक्स जैसा ही रहा। यह ऊपर 24,784. 15 अंक तक पहुंचा और नीचे 24,535. 05 अंक तक उतरा। चौतरफा बिकवाली के बीच मझोली और छोटी कंपनियों पर दबाव ज्यादा रहा। निफ्टी मिडकैप-50 में 1.54 प्रतिशत की गिरावट रही। निफ्टी स्मॉलकैप-100 भी 1.66 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। जियोजीत इनवेस्टमेंट्स लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि नए आयात शुल्क दंडात्मक शुल्क की चिंता में बाजार पर दबाव रहा, क्योंकि इससे वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिस्पर्धी क्षमता प्रभावित हो सकती है। इससे विदेशी संस्थागत निवेशकों का भी भरोसा कम हुआ है।

### सोने का दाम 563 घटकर 97,971 प्रति 10 ग्राम हुआ

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सोने-चांदी के दाम में गिरावट देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 563 रुपए गिरकर 97,971 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोने का भाव 98,534 रुपए पर था, वहीं चांदी की कीमत 131 रुपए कम होकर 1,09,819 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,09,950 रुपए पर थी। वहीं 23 जुलाई को सोने ने 1,00,533 रुपए और चांदी ने 1,15,850 रुपए ऑल टाइम हाई बनाया था। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,970 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,650 थी, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500 रही, वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500 रही, तो चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500 रही, वहीं भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,870 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550 रही।

# गेहूं, चीनी, दाल, खाद्य तेलों के दाम बढ़े

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को गेहूं महंगा हो गया, जबकि चावल के दामों में स्थिरता रही। चीनी, खाद्य तेल और दालों की कीमतों में भी तेजी रही।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा 15 रिंगिट चढ़कर 4,230 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिका में सोया तेल वायदा 0. 71 प्रतिशत लुढ़ककर 54.35 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 3,824.26 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। वहीं गेहूं 12 रुपये महंगा होकर 2,839.35 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटा भी सात रुपये चढ़कर 3,290.21 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। सरसों तेल औसतन 63 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल करीब 35 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। सोया तेल करीब 10 रुपये और वनस्पति 20 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सूरजमुखी तेल 30 रुपये और पाम ऑयल 12 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। दाल-दलहनों में मसूर दाल औसतन नौ रुपये और चना दाल 24 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल करीब 19 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। दाल मूंग भी आठ रुपये प्रति क्विंटल की बढ़त में रही। उड़द दाल के दाम स्थिर रहे। गुड़-चीनी : बाजार में गुड़ के औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल चढ़े। चीनी भी छह रुपये प्रति क्विंटल के अधिक महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन : दाल चना 7946.05, मसूर काली 8111-70, मूंग दाल 10134.02, उड़द दाल 10503-05, अरहर दाल 10946.78 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2839.35 रुपये और चावल 3824-26 रुपये प्रति लक्वटल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4284.35 और गुड़ 4930-18 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 17548.57 रुपये, मूंगफली तेल 17849.79 रुपये, सूरजमुखी तेल 15270.53 रुपये, सोया रिफाइंड 13785.98 रुपये, पाम ऑयल 12225.87 रुपये और वनस्पति तेल 14508. 20 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**अनिल अंबानी...**

ने अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप से जुड़ी कई कंपनियों और व्यक्तियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह कार्रवाई मुंबई के 35 स्थानों पर की गई थी, जिसमें 50 कंपनियां और 25 लोग शामिल थे। यह छानबीन मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत हो रही है। ईडी की जांच अनिल अंबानी समूह की कई कंपनियों द्वारा किए गए कथित वित्तीय गड़बड़ियों और 10,000 करोड़ रुपये से अधिक के लोन डायवर्जन पर केंद्रित है। खासतौर पर जांच इस बात पर है कि 2017 से 2019 के बीच यस बैंक द्वारा दिए गए लगभग 3,000 करोड़ रुपये के लोन को गैरकानूनी तरीके से दूसरी जगहों पर डायवर्ट किया गया। इस जांच के जवाब में रिलायंस पावर और रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर ने स्टॉक एक्सचेंज को बताया कि उन्हें ईडी की कार्रवाई की जानकारी है, लेकिन इस छापेमारी का उनके बिजनेस, आर्थिक स्थिति या स्टेकहोल्डर्स पर कोई असर नहीं पड़ा है। कंपनियों ने कहा, मीडिया रिपोर्ट्स में जिन लेन-देन की बात हो रही है, वे रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड से जुड़े हैं, जो 10 साल से भी पुराने हैं।

**अपने फैसले से....**

लाओस, म्यांमार, सीरिया जैसे देशों पर सबसे ज्यादा 40 फीसदी या उससे ज्यादा टैरिफ। अगर कोई वस्तु किसी और देश के जरिये भेजी गई है, ताकि टैक्स बचाया जा सके, तो उस पर 40 फीसदी टैरिफ लगेगा। यूरोपीय संघ के सामानों पर सीधे 15 फीसदी टैरिफ नहीं लगाया गया। अगर किसी प्रोडक्ट का मौजूदा शुल्क 10 फीसदी है, तो सिर्फ 5 फीसदी अतिरिक्त जोड़ा जाएगा, लेकिन अगर प्रोडक्ट पहले से 15 फीसदी या उससे अधिक शुल्क दे रहा है, तो कोई टैरिफ नहीं बढ़ेगा। चीन पर अलग से मई 2025 का एग्जीक्यूटिव ऑर्डर लागू है, इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। अभी उसे पहले की तरह 30 फीसदी टैरिफ ही देना होगा। कनाडा पर एक अगस्त की रात से ही टैरिफ लागू होगा। इसकी वजह ये है कि कनाडा ने फलस्तीन को एक अलग देश के तौर पर समर्थन देने का ऐलान किया है। आदेश लागू होने से पहले जो सामान अमेरिका के रास्ते में होगा, उसे पुराने नियमों पर ही टैक्स देना होगा। 5 अक्टूबर 2025 यह पहुंच गया, तो इसे पर पुराना टैरिफ ही लगेगा। अब अमेरिका के कस्टम सिस्टम में हर देश की अलग-अलग ट्रैकिंग होगी।

# सरकार को तानाशाही छोड़कर लोकतंत्र के तहत काम करना चाहिए: स्वामी प्रसाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पूर्व मंत्री और अपनी जनता पार्टी अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने योगी सरकार पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि सरकार को तानाशाही छोड़कर लोकतंत्र के तहत काम करना चाहिए।



मौर्य ने गोमतीनगर स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा सरकार कोई भी जन विरोधी फैसला लेती है, तो उनकी पार्टी सड़क पर संघर्ष के जरिए उसे बैकफुट पर लाने की पूरी ताकत रखती है। सरकार जनता के हितो के लिए बनती है। डबल इंजन की सरकार कहीं की हो हर जगह और अलोकत. ंत्रोक और असंवैधानिक रास्ता अपनाती है लोकतंत्र को दबाने कोशिश करती हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जिस तरह से छात्रों पर अत्याचार किया जाता है। परीक्षाओं में अनिमितताए देखने को मिल रही हैं। छात्रों ने जन आंदोलन के माध्यम से अपनी आवाज केंद्र सरकार को पहुंचने की कोशिश की है। पूर्व मंत्री मौर्य ने कहा कि संवेदनशीलता से समस्या को निपटने की बजाय लाठीचार्ज किया गया। थाने पर रात में बैठाया गया। सरकार की जिम्मेदारी है कि छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर समय रहते उनका निस्तारण करे। एक सवाल के जवाब में मौर्य ने कहा कि अगर भगवा आतंक नहीं है, तो कौन सा आतंक है। इस देश में आतंकवादी भगवा हो या अन्य आतंकवादी आतंकवादी होता है।

रवि किशन पर बोलते हुए मौर्य ने कहा कि अगर राजनीति में रगड़ घिस कर के आए होते, तो शायद जमीनी मुद्दों पर बात करते हैं। मौर्य ने कहा कि पूरी भाजपा सरकार अराजकता के रास्ते पर चल रही है जनहित का कोई कार्य नहीं करती। योगी सरकार जनहित की मुद्दों की अनदेखी कर रही है। अपनी जनता पार्टी में स्कूल मर्जर को लेकर अपने आंदोलन को खत्म नहीं किया है। अपनी जनता पार्टी अगर सरकार कोई कूटनीति के तहत कुछ गलत करेंगी, तो उसका विरोध करेगी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# तीन दुकानों की बिल्डिंग ध्वस्त, धमाके से दहशत

## शाहपुर मुख्य बाजार में जमींदोज हो गई दुकानें, राष्ट्रीय जांच एजेंसी करेगी जाँच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** कस्बा शाहपुर के मुख्य बाजार में आधी रात को भीषण धमाके ने पूरे इलाके को दहला दिया। धमाके की गूंज इतनी तेज थी कि पूरे कस्बे में अफरा-तफरी मच गई और आसपास की तीन दुकानें जमींदोज हो गई। बाजार में देर रात अचानक उठे इस धमाके से चारों ओर धुआँ फैल गया और लोग घरों से निकलकर सडकों पर आ गए। शाहपुर हिंदू-मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र है, ऐसे में धमाके ने इलाके की संवेदनशीलता और बढ़ा दी। सबसे बडी राहत यह रही कि धमाका रात में हुआ, वरना दिन के समय जब मुख्य बाजार खचाखच भरा रहता है तो जनहानि बहुत बडी हो सकती थी और यह हादसा नरसंहार का रूप ले सकता था। घटना की सूचना पर प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मेरठ भानु भास्कर पूरे पुलिस बल के



साथ घटनास्थल पर पहुँचे और हालात का जायजा लिया। वहीं पुलिस अधीक्षक देहात आदित्य बंसल (भारतीय पुलिस सेवा) ने मौके पर निरीक्षण कर निर्देश दिया कि धमाके से प्रभावित दुकानों की दीवारें और इमारतें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, इसलिए किसी भी अप्रिय दुर्घटना से बचने के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एन.डी.आर.एफ.) को तैनात किया जाए और पूरे इलाके को खाली कराया जाए। पूरी रात पुलिस बल ने क्षेत्र को घेराबंदी कर रखा और लोगों को घटनास्थल से दूर रखा गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जाँच अब राष्ट्रीय स्तर तक पहुँची है। केंद्र सरकार की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एन.आई.ए.) को इस धमाके की गहन पडताल का जिम्मा सौंपा गया है। घटनास्थल पर क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह, बम निरोधक दस्ते और वैज्ञानिक साक्ष्य दल (फॉरेंसिक टीम) ने पहुँचकर मौके से नमूने एकत्र किए और धमाके की परिस्थितियों की पडघ्ताल शुरू कर दी।

अधिकारियों ने माना कि धमाके की असली वजह अभी तक स्पष्ट नहीं है, इसलिए हर कोण से गहन जाँच की जा रही है। धमाके के बाद पूरे शाहपुर कस्बे में गहरी दहशत छाई हुई है। लोग तरह-तरह की चर्चाएँ कर रहे हैं और प्रशासन से घटना का खुलासा करने की माँग कर रहे हैं।

कई लोग मानते हैं कि यह केवल दुर्घटना नहीं बल्कि किसी गहरी साजिश का हिस्सा भी हो सकता है। प्रशासन ने पूरे कस्बे को हाई अलर्ट पर रखा है और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है। स्थानीय लोग लगातार आशंकित हैं और बाजघर के मलबे को देखते हुए दहशत का आलम ऐसा है कि लोग आज भी उस रात की आवाज और कंपन को भूल नहीं पा रहे।

## सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो वायरल करने वाला युवक गिरफ्तार

**खतौली।** मीरापुर खुर्द गांव में फायरिंग की फर्जी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले युवक को पुलिस ने पकडघ् लिया है। युवक द्वारा गलत सूचना फैलाने और शांति भंग करने के आरोप में कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, युवक ने एक पुरानी फायरिंग की वीडियो, जो उसे व्हाट्सएप के माध्यम से प्राप्त हुई थी, को मीरापुर खुर्द गांव की घटना बताकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस वायरल वीडियो से ग्रामीणों में भय और अफरातफरी फैल गई थी। जब पुलिस ने वीडियो की सच्चाई जानने के लिए युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने स्वीकार किया कि उसने बिना पुष्टि किए वीडियो को मीरापुर खुर्द की बताकर वायरल कर दिया। पुलिस ने बताया कि यह वीडियो कई व्हाट्सएप ग्रुप में चल रही थी। जिसे उक्त युवक ने वायरल की थी। युवक ने अपनी गलती मानी, जिसके बाद पुलिस ने शांति भंग की धारा 170 के तहत चालान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कोतवाल ब्रजेश कुमार शर्मा ने जनता से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति बिना सत्यापन के किसी भी प्रकार की संदिग्ध या आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल न करें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति आदेशों की अवहेलना करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कडी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## घर से लापता युवक का शव नहर से बरामद

**नाराजगी में विगत 27 जुलाई को निकला था घर से**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** मौहल्ला नमक मंडी निवासी सचिन कुमार (30 वर्ष), पुत्र बिजेन्द्र चौधरी 27 जुलाई को दोपहर लगभग 11 बजे घर से नाराज होकर निकला था, उसका शव पांच दिन बाद गंगा नदी से बरामद हुआ। परिजनों के अनुसार, सचिन बिना कुछ बताए घर से चला गया था। कुछ घंटे बाद रामराज पुलिस को गेट नंबर-15 के पास सचिन की बाइक, जूते और अन्य सामान मिले थे, जिसके बाद से ही गंगा बेराज क्षेत्र में पीएसी के गोताखोरों द्वारा उसकी लगातार तलाश की जा रही थी।

गुरुवार को मेरठ जनपद के मवाना क्षेत्र स्थित ग्राम मखदुमपुर के पास गंगा में एक शव बहता हुआ दिखाई दिया। स्थानीय लोगों ने तुरंत गोताखोरों और पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। शव की शिनाख्त मौहल्ला नमक मंडी, मीरापुर निवासी सचिन कुमार के रूप में की गई। शव काफी सड़-गला हुआ था, लेकिन पहचान के आधार पर परिजनों ने उसकी पुष्टि की। पुलिस ने मौके पर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गमगीन माहौल में सचिन का गंगा बेराज पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मामले को लेकर पुलिस ने भी अलग-अलग पहलुओं पर जांच शुरू कर दी है।

## जरूरतमंद की सेवा सबसे बड़ा पुण्य: मीनाक्षी स्वरूप

**पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने किया फ्री मेडिकल कैम्प का शुभारंभ**

**मुजफ्फरनगर।** शहर के वार्ड संख्या 3 के अंतर्गत सूजडू स्थित मोहल्ला खेड़ा पट्टी में शुक्रवार को एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शि. विर का आयोजन किया गया।

यह चिकित्सा शिविर किरन समाज उत्थान सेवा समिति और समता संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। शिविर का आयोजन श्री गुरु रविदास मंदिर परिसर में किया गया, जहां मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज, बेगराजपुर से आई चिकित्सकों की टीम ने मरीजों का परीक्षण कर मरीजों को दवाइयां भी वितरित की गईं। नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने शेर का उद्घाटन कर और यहां पर उपचार परामर्श पाने के लिए आई महिला एवं पुरुष रोगियों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना। जरूरतमंद व्यक्ति की सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य है। शिविर में मेडिकल कॉलेज से आये चिकित्सकों डॉ. मनीष सरकार, डॉ. अपूर्वा गोयल, डॉ. अर्जब डेन, डॉ. आयुष्मान, डॉ. अनुराग व डॉ. वेंकटेश आदि ने अपनी सेवा प्रदान की। इस दौरान भाजपा नेता विकल्प जैन, सभासदपति मौहम्मद सलीम, पूर्व सभासद आशुतोष गुप्ता, जोन्टी त्यागी, गोपाल त्यागी के अलावा संस्था से रामबीर शर्मा, रविता ढांगे, सचिव जोनी, डॉ. अश्वनी कुमार, धर्मपाल सिंह, लक्ष्मी देवी व सविता देवी आदि मौजूद रहे।

## बेटे से चली गोली ने ले ली पिता की जान

### जांच में खुलासा, परिजनों ने बदमाशों पर लगाया था आरोप

**किसान संजय की मौत की गुत्थी सुलझी, मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** कोतवाली क्षेत्र के गांव अंति में 30 जुलाई को हुई किसान संजय की मौत की गुत्थी पुलिस जांच में सुलझ गई है। पहले परिजन व ग्रामीणों ने इसे बदमाशों द्वारा की गई हत्या करार दिया था, लेकिन पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि किसान की मौत बदमाशों के कारण नहीं, बल्कि उसके ही बेटे से गलती से चली गोली के कारण हुई थी।

गौरतलब है कि अंति गांव निवासी 46 वर्षीय किसान संजय पुत्र चरता 30 जुलाई की सुबह अपने बेटे प्रिंस के साथ खेत की ओर गया था। उनके पास लाइसेंसी बंदूक भी थी। खेत की ओर जाते समय रास्ते में अचानक बेटे प्रिंस से बंदूक का ट्रिगर दब गया, जिससे चली गोली सीधे संजय की जांघ में जा लगी।

गोली लगते ही संजय गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही अधिक खून बहने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने यह आरोप लगाया था कि जंगल में घात लगाए बदमाशों ने संजय को गोली मारी है। इस आधार पर पुलिस ने अपनी जांच शुरू की। लेकिन जब तथ्यों की गहनता से पडताल की गई, तो कहानी कुछ और ही निकली। मृतक संजय के चचेरे भाई धर्मवीर पुत्र भरत सिंह ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी, जिसमें बताया गया कि यह पूरी घटना दुर्घटनावश हुई है। धर्मवीर के अनुसार खेत पर जाते समय संजय के बेटे प्रिंस से गलती से ट्रिगर दब गया था, जिससे यह हादसा हुआ।

कोतवाल ब्रजेश कुमार शर्मा ने जानकारी दी कि तहरीर के आधार पर संजय के बेटे प्रिंस के खिलाफ आवश्यक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## खनन व ओवरलोडिंग पर कसा गया शिकंजा

**परिवहन विभाग ने आधा दर्जन वाहन सीज कर जुर्माना वसूला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिले में अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चलाए गए अभियान में आरटीओ विभाग व यातायात पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। बीते दिन भोपा-मोरना रोड पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें आधा दर्जन से अधिक ओवरलोड ट्रॉले सीज कर दिए गए।इस अभियान का नेतृत्व एआरटीओ सुशील मिश्रा और टीएसआई इंद्रजीत ने किया, जिनके साथ ट्रैफिक पुलिस विभाग की टीम और भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा। अभियान के दौरान परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्त कार्यवाही करते हुए लाखों रुपये का जुर्माना वसूला गया।

सूत्रों के अनुसार, यह अभियान अवैध खनन और लगातार ओवरलोडिंग की मिल रही शिकायतों के चलते शुरू किया गया था। विभागीय अधिकारियों ने चेता. वनी दी है कि आगे भी ऐसे चेकिंग अभियान जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। आरटीओ विभाग की ओर से यह संदेश साफ हैरू नियम तोड़ने वालों पर अब कोई रियायत नहीं।

## बेकाबू ट्रक दुकानों में घुसा

**बुढाना।** एक चालक को ट्रक चलाते समय अचानक से नींद की झपकी आ गयी तो ट्रक अनियंत्रित होकर दो दुकानों में घुस गया। जिसमें चालक घायल हो गया और दुकानों में भी नुकसान हो गया। यह घटना दरअसल अर्धरात्रि में हुई अगर दिन में होती तो कोई बडी घटना भी हो सकती थी। घायल चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सवेरे चार बजे उस वक्त हडकंप मच गया जब एक अनियंत्रित ट्रक रोड पर स्थित दो दुक. ानों से जा टकराया। बताया जा रहा है कि ट्रक चालक को नींद की झपकी आने से यह हादसा हुआ। इस दौरान चाय की दुकान का टीन शेड और एक काउंटर आदि सामान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया हालांकि इस हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

## खेतों में मगरमच्छ दिखाई देने से दहशत

**पुरकाजी।** थाना क्षेत्र के गांव भदोला में शिवालिक पहाडियों का बारिश का पानी खादर क्षेत्र में आने से खेतों में भर गया है जिसमें शुक्रवार को शिव मंदिर के नजदीक तीन मगरमच्छ एक साथ देखे गए मगरमच्छ पानी से बाहर आकर खेत में घूमते हैं जिससे गांव में बच्चों में दहशत फैल गई है और बच्चों ने घरों से बाहर निकलना बंद कर दिया है। गांव के किसान अरुण कुमार ने बताया की कई बार पहले भी मगरमच्छ मगरमच्छ के बच्चे देखे गए हैं। शुक्रवार को प्रात: लगभग 9 बजे तीन मगरमच्छ एक साथ चलते हुए पानी से बाहर आ रहे थे जिससे गांव में दहशत का माहौल है और छोटे बच्चे डरे हुए हैं। बच्चों ने घरों से बाहर निकलना बंद कर दिया है ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि उक्त मगरमच्छ को पडकर सुरक्षित स्थान पर छोड जाए।

# बिलासपुर कट पर ओवरब्रिज निर्माण को एजेंसी नामित:मंत्री कपिल

## मंत्री कपिल देव अग्रवाल के प्रस्ताव पर केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने की पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में दुर्घटनाओं से निजात के लिए बिलासपुर कट पर अब शीघ्र ही ओवरब्रिज का निर्माण कार्य प्रारंभ हो जायेगा। यह ऐतिहासिक निर्णय केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की संवेदनशीलता व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व तथा प्रदेश के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल की निरंतर पहल का परिणाम है।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा बार-बार इस विषय को प्राथमिकता पर उठाया गया। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर अवगत कराया था कि बिलासपुर कट चौराहा हर समय व्यस्त रहने के कारण यहाँ जाम लगा रहता है और आये दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है। उनकी इस गंभीर पहल पर संज्ञान लेते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एएचएआई) को बिलासपुर कट पर ओवरब्रिज निर्माण के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

इस आदेश के क्रम में एनएचएआई के परियोजना निदेशक अमित प्रणव ने मंत्री कपिल देव अग्रवाल को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि बिलासपुर कट पर प्रस्तावित ओव. रब्रिज की व्यवहार्यता और तकनीकी परीक्षण के लिए कार्य स्वतंत्र परामर्शदाता संस्था मैसर्स एल. एन. मालवीय इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. को सौंपा जा चुका है। साथ ही यह प्रस्ताव भविष्य में छह लेन के विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) में सम्मिलित किया जाएगा।

इस निर्णय से मुजफ्फरनगर शहरवासियों को न केवल वर्षों पुरानी ट्रैफिक समस्या से राहत मिलेगी, बल्कि क्षेत्र में व्यापार, उद्योग और जीवन की गति को नई दिशा भी मिलेगी। यह ओवरब्रिज विकास का प्रतीक ही नहीं, भाजपा सरकार की जनसंकल्पना का भी प्रमाण है।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में विकास केवल वादे नहीं, धरातल पर उतरते हुए परिणाम हैं। जनता की समस्याओं को लेकर हमारी प्रतिबद्धता स्पष्ट है और यह ओवरब्रिज उसी प्रतिबद्धता की एक महत्वपूर्ण कडी है।

## मंत्री कपिल देव का ग्रामीणों को आश्वासन, किसी की भी जमीन जबरन नहीं होगी अधिग्रहित

**अधिग्रहण का विरोध, राज्य मंत्री कपिल देव से की मुलाकात**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आज प्रात: 9 बजे शेरनगर, बिलासपुर, धंधेडा, कुकडा, अलमासपुर और सरवत के सैकडों किसान उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद की प्रस्तावित अधिग्रहण योजना के विरोध में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल से मिले।

किसानों की बात को गंभीरता से लेते हुए मंत्री ने उन्हें बैठक में बैठाकर शांतिपूर्वक पूरी बात सुनी। उन्होंने किसानों को यह आश्वासन दिया कि किसानों की सहमति के बिना कोई भी कार्यवाही नहीं की जाएगी और उनकी बातों को प्राथमिकता के आधार पर सरकार के समक्ष रखा जाएगा।

मंत्री ने तत्काल मुजफ्फरनगर के जिलाधिकारी से फोन पर वार्ता कर किसानों के लिए एक विशेष बैठक पंचायत भवन में आयोजित करवाई, जिसमें स्वयं जिलाधिकारी ने किसानों से संवाद किया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि कोई भी भूमि अधिग्रहण जबरन नहीं किया जाएगा। सभी निर्णय किसानों की सहमति और भागीदारी से ही लिए जाएंगे।

उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि प्रशासन किसानों की समस्याओं को सुनेगा और समाधान की दिशा में कदम उठाएगा। इस पूरे घटनाक्रम में किसानों ने सरकार द्वारा दिए गए आश्वासन का स्वागत किया, परंतु स्पष्ट किया कि वे अपनी उपजाऊ कृषि भूमि किसी भी हालत में, किसी भी कीमत पर नहीं देंगे।



मुजफ्फरनगर : पुरानी पेंशन बहाली को रैली निकालते शिक्षक व अन्य कर्मचारी।

## ऐतिहासिक मार्च कर सरकार को दिया सन्देश, पुरानी पेंशन से कम कुछ भी मंजूर नहीं

**हजारों शिक्षक, कर्मचारी एवं अधिकारी सड़कों पर उतरे**


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर शिक्षकों ने एनएमओपीएस एवं प्रदेशीय कार्यकारिणी अटेवा के संयुक्त आह्वान पर जुलूस निकालकर संदेश दिया कि पुरानी पेंशन बहाली से कम कुछ भी मंजूर नहीं है।

शुक्रवार को रोष मार्च प्रभारी विशाल भारद्वाज के नेतृत्व में जनपद मुजफ्फरनगर के विभिन्न विभागों के हजारों शिक्षक, कर्मचारी एवं अधिकारी एकत्र होकर 'एनपीएस / यूपीएस / निजीकरण मर्जर के विरोध में एक विराट रोष मार्च में सम्मिलित हुए। रोष मार्च की शुरुआत इस्लामिया इंटर कॉलेज, आर्य समाज रोड से हुई, जहाँ पर हजारों की संख्या में शिक्षक, कर्मचारी व अधिकारी दोपहिया वाहनों के साथ उपस्थित हुए। यह रोष मार्च महावीर चौक, सर्कुलर रोड, सुजडू चुंगी, शिव चौक होते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुँचा। रोष मार्च में शामिल कर्मचारी स्कूटी, मोटरसाइकिल पर सवार होकर पुरानी पेंशन बहाली के पक्ष में नारे लगाते हुए आगे बढे। कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रतिनिधि मंडल द्वारा जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया।

इस विशाल मार्च में जनसमूह को संबोधित करते हुए अटेवा सहारनपुर मंडल उपाध्यक्ष प्रीतवर्धन शर्मा ने कहा:जब तक निजीकरण बंद नहीं होता तथा हमें पुरानी पेंशन नहीं मिल जाती है, तब तक यह संघर्ष रुकने वाला नहीं है। यह आंदोलन अब जनआंदोलन का रूप ले चुका है।

अटेवा मुजफ्फरनगर के जिला अध्यक्ष डॉ. दीपक गर्ग ने चेतावनी भरे स्वर में कहा:-यदि सरकार पुरानी पेंशन बहाल नहीं करती है, तो आने वाले समय में आंदोलन और अधिक उग्र रूप लेगा। यह कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार है, और हम इसके लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ संजीव लांबा ने कहा-यह रोष मार्च एक प्रदर्शन नही, बल्कि सरकार को एक स्पष्ट संदेश है कि यदि शीघ्र ही पुरानी पेंशन बहाल नहीं की जाती है, तो देशभर में और भी बडे आंदोलन होंगे। इस रोष मार्च में मुजफ्फरनगर के लगभग सभी विभागों के कर्मचारी और अधिकारी सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए, जिनमें मुख्यत: शामिल रहे-बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग, स्वास्थ विभाग,सिंचाई, लोक निर्माण, जल-कल विभाग, जीएसटी, आयकर विभाग, आई टी आई, कृषि, पशुपालन, समाज कल्याण, बाल पुष्टाहार, पंचायत राज विभाग,नगर पालिका, तहसील, कलेक्ट्रेट, रेलवे, बिजली विभाग,डाक विभाग, रोजगार विभाग, दूरसंचार विभाग आदि। इस विशाल रोष मार्च को सफल बनाने में सम्मानित पदाधिकारी एवं कर्मचारी मनोज कुमार, यशपाल अरोरा, रमेश चंद, सुनील पंवार, पुष्पेंद्र चौधरी, संगीता जावला, अंजू वर्मा, गरिमा राठी,सरिता चौधरी, सार्थक शर्मा, प्रशांत शर्मा, संजय राठी, कपिल शर्मा, सुभाष यादव, डॉ. नासिर,अजहर साबिर,जावेद आलम, अनुज कुमार, अमित तोमर, मनीष बैसला, अंकित कुमार, अशोक कुमार,अम्मार हैदर, संध्या रानी, प्रीति चौहान, हेम जैन, वंदना बालियान, राजश्री शर्मा, दीपा रावत, हंस कुमार, विकास मोतला, महेंद्र कुमार, दीपक बाबरे, सोमपाल, राकेश राठी, बालेंद्र कुमार, शिवकुमार, रविंद्र सिंह, अरविंद मलिक, सरफराज, संचय त्यागी, निखिल बालियान, विजय सिंह, संजीव बालियान, राहुल कुशवाहा, राहुल चौधरी, विजय त्यागी, मगनवीर सिंह, अमित बालियान, हरिकेश सिंह, राम. रतन, भारत कुमार, अमित शर्मा,मनोज त्यागी, अमित जैन, संदीप तोमर, रोशन लाल, राजबल सिंह, अनिल सिंह, पासी राकेश, डॉ मदनपाल, अर्चना आर्य, बबीता त्यागी, बबीता मलिक रहे।



मुजफ्फरनगर: रक्षाबंधन पर्व के लिए खरीदारी करती महिला।

## एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के छात्रों ने बनाया कीर्तिमान

### डीआरडीओ की इकाई में सनी और अमन का चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एस. डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन ब्रांच के छात्रों ने एक नई उपलब्धि हासिल की है। कॉलेज के होनहार छात्र सनी कुमार और अमन चंदेल का चयन देश के प्रतिष्ठित रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की इकाई के लिए चयन हुआ है।

इस वर्ष पूरे देश से कुल 14 छात्रों का चयन हुआ, एस. डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में मुजफ्फरनगर के सनी कुमार और अमन चंदेल भी शामिल हैं। यह इंटर्नशिप 11 अगस्त 2025 से प्रारंभ होगी, जिसमें चयनित छात्रों को डीआरडीओ की प्रयोगशाला में अत्याधुनिक रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स परियोजनाओं पर कार्य करने का अवसर मिलेगा।



सचिव अनुभव कुमार ने इस उपलब्धि को संस्थान के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि हमारे छात्रों का डीआरडीओ जैसी प्रतिष्ठित संस्था में चयन होना हमारे शिक्षकों की कड़ी मेहनत, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और छात्रों की लगन का परिणाम है। हमें विश्वास है कि सनी और अमन इस अवसर का पूर्ण लाभ उठाकर कॉलेज और जिले का नाम और रोशन करेंगे। निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि यह चयन हमारे छात्रों की योग्यता और तकनीकी क्षमता को दर्शाता है। डीआरडीओ में कार्य करना किसी भी छात्र के लिए एक स्वप्न होता है, और हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी इस मुकाम तक पहुंचे हैं। हम उन्हें इस इंटर्नशिप के लिए शुभकामनाएं देते हैं और आशा करते हैं कि वे आने वाले समय में देश की तकनीकी प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

कॉलेज के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन विभाग के प्राध्यापकों ने भी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और कहा कि यह सफलता पूरे विभाग के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने छात्रों को बधाई देते हुए भविष्य में और भी ऊंचाइयों पर पहुं. चने की शुभकामनाएं दीं।

शिवा ग्रुप ऑफ कॉलेज
COURSE OFFERED
D. PHARMA (डी. फार्मा) C.C.-1491
POLYTECHNIC
(ELECTRICAL, CIVIL, MECHANICAL, FASHION DESIGNING)
(डिप्लोमा) C.C.-1183
ITI (आई0टी0आई) C.C.-3978
(ELECTRICIAN, FITTER, COPA, FASHION DESIGING)
इण्टर कॉलेज (PCM, PCB, COMM., ART) C.C. 1339
पता:- NEAR NH-58, जौली रोड, बिलासपुर, मुजफ्फरनगर
Ph. 9690731170, 9411449915, 9927075234, 8077158717

# सड़क हादसों में 1 माह में 8 लोगों की मौत

## हर चौथे दिन आ रहा हैं एक मौत का औसत, यातायात नियम तक नहीं जानते काफी लोग

**सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए प्रशासन के पास नहीं है कोई योजना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** बीते 30 जून से लेकर बीते 31 जुलाई तक इस 01 महीने के समय में बुढाना कोतवाली क्षेत्र में 05 सडक दुर्घटनाओं में 02 महिलाओं सहित 08 लोगों की मौत हुई। इस हिसाब से इन 32 दिनों में 08 मौत होने से हर चौथे दिन एक मौत का औसत आ रहा है। इन मौतों पर भविष्य में अंकुश लगाया जा सकता है अगर वाहन चलाने वालों को यातायात के नियम बताए जाएं। वैसे अगर देखा जाए तो आज के दौर में हर आदमी को कहीं का कहीं जाने की बहुत ही जल्दी है और ये दुर्घटनाएं जल्दबाजी का ही नतीजा हैं। अगर हर सप्ताह किसी ना किसी गांव में लोगों के एक बडे समूह को इकठ्ठा करते हुए उनको यातायात के नियम बताए जाएं तो काफी हद तक सडक दुर्घटनाओं में अंकुश लग सकता है लेकिन यातायात महीने के दौरान चलने वाले अभियानों में सिर्फ और सिर्फ औपचारिकताएं ही पूरी की जा रही हैं।

खासकर कुछ कालेज और स्कूलों के छात्र व छात्राओं को सडकों पर रैली के रुप में उतारकर आने जाने वाला व्यक्ति क्या यातायात के नियम समझ पाता होगा यह भी सोचने वाली बात है। अगर देखा जाए तो बुढ़ाना कस्बे में कांधला रोड पर बीती 30 जून की देर रात लगभग पोने 11 बजे एक बडे वाहन ने बाइक पर सवार बुढघना निवासी पति व पत्नि शमशाद और जमशीदा को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। बीती 05 जुलाई को सायं के समय ई रिक्शा में सवार गांव उमरपुर निवासी चांदबीबी पत्नि आरिफ कुरैशी और उसके 03 साल के पुत्र अली की एक बडे वाहन से कुचलकर मौत हो गयी थी।

बीती 10 जुलाई को खतौली रोड पर बुढाना कोतवाली क्षेत्र में भसाना गांव में हरियाणा राज्य निवासी कार चालक अजीत कुमार की एक बडे वाहन की टक्कर से मौत हो गयी थी।

बीते 28 जुलाई को बुढाना कस्बे के मौहल्ला शिक्षक कालोनी निवासी अहसान उस्मानी की एक तेज रफ्तार बाइक स्लिप हो गयी थी। जिससे अहसान का सिर जोरदार तरीके से सड़क में लग गया था और उसकी मौके पर ही मौत हो गयी थी।

अब बीती 31 जुलाई बृहस्पतिवार की देर रात गांव जौला निवासी चाचा भतीजे अब्दुल और सलमान की एक कार की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गयी।

कुल मिलाकर बुढाना कोतवाली क्षेत्र में पूरे लगभग एक महीने में 08 मोतें अलग अलग 05 सडक दुर्घटनाओं में होने से यह सिद्ध करता है कि यातायात के नियमों की जानकारी न होने पर ही तेज रफ्तार युवक अपनी सांसों की डोर को खुद ही काट रहे हैं। क्या पुलिस और प्रशासन इस ओर ध्यान देगा?

## सड़क हादसे मे बाईक सवार की मौत, दूसरा घायल

**भोपा।** देर शाम रसूलपुर-पंचेडा मार्ग पर बाईक सवारो को घायल अवस्था मे पड़े देखकर एम्बुलेंस को सूचना दी। जिसके बाद घायलों को भोपा अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी।

भोपा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर शुक्रवार की देर शाम एम्बुलेंस द्वारा दो घायलों को अस्पताल मे लाया गया जहां एक व्यक्ति को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान राकेश पुत्र बाबूराम शर्मा निवासी गांव ढिंढावली थाना तितावी मुजफ्फरनगर के रूप मे हुई है वहीं घायल आशु पुत्र अमरेश शर्मा थाना भोपा क्षेत्र के गांव गादला निवासी बताया गया है। पुलिस ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी।

## उपकार क्लीनिक के विरुद्ध सीएमओ को भेजी शिकायत

### संचालक को बताया झोलाछाप कम्पाउंडर

**बुढाना।** एक मरीज ने उपकार क्लीनिक के संचालक के विरुद्ध जनपद मुजफ्फरनगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को लिखित रुप में एक बार फिर शिकायत भेजते हुए गंभीर आरोप लगाते हुए कडी कार्यवाही की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे की सफीपुर पट्टी के निवासी सुलेमान नामक युवक ने बताया कि उसने लगभग डेढ़ माह पूर्व भारतीय स्टेट बैंक बुढाना के पीछे स्थित उपकार क्लीनिक से दवाई ली थी। उसकी दवाई लेते ही ओर तबीयत खराब हो गयी थी क्योंकि उस पर जो बैठता है वह खुद को डॉक्टर बताता है जबकि वह कतई झोलाछाप व अनपढ किस्म का कम्पाउंडर है। वह फर्जी डिग्री पर यह क्लीनिक चलाकर मनुष्यों के जीवन से खिलवाड कर रहा है तथा कई लोगो के तो कान के पर्दे भी खराब हो गये हैं तथा नये नये लडको को सेक्स व नशे जैसी लत की दवाई भी देता है। इसका नाम विनोद पुत्र जयपाल निवासी गांव खानपुर बुढाना है जो इसकी दुकान पर कही भी लिखा हुआ नही है तथा उल्टा धमकी देता है कि तुम मेरा कुछ नहीं बिगाड सकते क्योकि मैं सीएमओ के यहां हर महीने पैसे देता हूँ। पीडित ने सीएमओ से उक्त क्लीनिक की जांच कर बन्द करवाने की मांग की है ताकि भविष्य में किसी भी रोगी का जीवन बर्बाद न हो। पीडित ने बीते 13 जून को डीएम व मुख्यमंत्री को भी ये शिकायत भेजी थी लेकिन डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी स्थानीय स्वास्थ्य विभाग आरोपी संचालक के विरुद्ध कोई भी कार्यवाही नहीं कर पाया। जिससे प्रतीत होता है कि स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के इस झोलाछाप डाक्टर से मधुर संबंध हैं। इस संबंध में जब सीएचसी प्रभारी डॉक्टर अर्जुन सिंह से बात की गयी तो उनका कहना था कि अगर उन पर शिकायत आई तो अवश्य कार्यवाही की जाएगी।

## बैंक मे मोबाइल चोरी से हड़कंप

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल कस्बे में स्थित स्टेट बैंक की शाखा से दिनदहाडे मोबाईल चोरी होने से नगर मे हड़कंप मच गया , दिनदहाडे बैंक में मोबाइल चोरी की घटना से सुरक्षा व्यवस्था की सारी पोल खुल गयी आनन फानन मे मोबाईल चोरी की सुचना पुलिस को दी गयी पुलिस ने बैंक मे पहुंचकर मोबाईल चोरी की घटना की जानकारी ली बताते चले की थाना क्षेत्र के गांव न्यामु निवासी उमर का दोपहर के समय स्टेट बैंक से मोबाईल चोरी कर लिया गया इसके अलावा जहाँ चरथावल क्षेत्र मे आधा दर्जन से भी अधिक चोरिया पूर्व मे हो चुकी है और आज तक चरथावल चौकी क्षेत्र मे हुई चोरियो का कोई खुलासा नहीं हो पाया हैस और तो और चरथावल चौकी क्षेत्र मे हुई चोरियो की रिपोर्ट दर्ज करना भी पुलिस मुनासिब नहीं समझती है और चोरी की घटनाओ को ठंडे बस्ते मे डाल दिया जाता है जिससे दिन प्रतिदिन चरथावल क्षेत्र मे चोरो के हौसले बुलंद हो रहे है और तो और चरथावल मे अपराधियों द्वारा बाहर से आकर खुलेआम फायरिंग की घटना को अंजाम दे दिया जाता हैस और फायरिंग की घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी आराम से घटनास्थल से फरार हो जाते हैस चरथावल मे हो रही घटनाओ के बाद नगरवासियो मे दहशत का माहौल है और अब तो चोर बेंको जैसी सुरक्षित जगहों को भी निशाना बना रहे है आज बैंक मे दीनदहाड़े हुई मोबाईल चोरी की घटना ने चरथावल पुलिस की मुशतैदी की सारी पोल खोल कर रख दी पुलिस देर रात्रि तक इधर उधर भागती नजर आयी लेकिन मोबाईल चोर का कोई सुराग पुलिस को नहीं लगा चोर का पता नहीं लगने से नगरवासियो मे पुलिस के प्रति भारी रोष है और चोरी की घटनाओ पर रोक लगाने की माँग की है न्यामु निवासी उमर ने तहरीर देते हुए पुलिस से अपना चोरी हुआ मोबाईल जल्द से जल्द बरामद करने की मांग की है।

# शिक्षाविद् महावीर राठी ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**भोपा।** भोपा मेंशुक्रवार को जनता इंटर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य शिक्षाविद् महावीर सिंह राठी की रस्म तेरहवीं पर शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें गणमान्यों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



शोक सभा में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल ने कहा कि मैं विद्यालय का पुरातन छात्र रहा हूं। गुरुजी विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि शिक्षाविद् एवं जनपद जाट महासभा के संरक्षक महावीर सिंह राठी ने शैक्षिक व सामा. जिक कार्यों में बढ-चढकर हिस्सा लिया और ग्रामीण अंचल की शिक्षा संस्था में शिक्षा का उजियारा किया। उनकी सेवाओं को हमेशा याद किया जाएगा। लखनऊ सचिवालय के संयुक्त सचिव डॉ. ध्रुवपाल सिंह ने कहा कि एक गुरु के रूप में उनसे शिक्षा ग्रहण करने का अवसर प्राप्त हुआ और उनके सानिध्य में रहकर संस्कारों को सीखा। शोक सभा में ज्येष्ठ पुत्र प्रमुख अभियंता विनय कुमार, गन्ना समिति के चेयरमैन देवेन्द्र सिंह, चौधरी छोटूराम महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डा. नरेश मलिक, पूर्व विधायक उमेश मलिक, कुंवर विजय राज, रालोद के जिलाध्यक्ष संदीप मलिक, जनपद जाट महासभा जिलाध्यक्ष जगदीश बालियान, इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर विराज तोमर, ब्लॉक् प्रमुख अनिल राठी, पूर्व प्रबंधक धर्मपाल सिंह राठी, प्रबंधक देवेन्द्र कुमार शिवाच, पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र सिंह राठी, चीफ प्राक्टर विपिन कुमार राठी, प्रधानाचार्य इंटर कालेज भोकरहेडी कैप्टन डा. प्रवीण चौधरी, पूर्व प्रधानाचार्य राकेश कुमार, पूर्व प्रधानाचार्य प्रहलाद सिंह, देवेंद्र राठी आदि मौजूद रहे।

# मौहम्मद रफी देश की धरोहर: मनीष चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय सामा. जिक संस्था के अध्यक्ष मनीष चौधरी के द्वारा शुक्रवार को सूजडू चुंगी स्वाधीनता चौक पर मासिक सामूहिक राष्ट्रगान कार्यक्रम का आयोजन किया। यह पार्श्वगायक मौहम्मद रफी को समर्पित किया गया और उनके गीत कर चले हम फिदा का गायन भी हुआ। मनीष चौधरी ने कहा कि मौहम्मद रफी देश की अमूल्य धरोहर हैं और उनका सम्मान हर वर्ग करता है।



राष्ट्रीय सामाजिक संस्था के अध्यक्ष प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी ने कहा कि संस्था लगातार सामूहिक सद्भाव को मजबूत करने के लिए सामूहिक मासिक राष्ट्रगान कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। आवाज के जादूगर मौहम्मद रफी की पुण्यतिथि के कारण आज का यह राष्ट्रगान उनको समर्पित किया गया है। पूरी दुनिया में उनके करोड़ों समर्थक हैं और दिलों में उनका सम्मान है। यहां हमने समाज की सेवा करने के लिए कई लोगों को सम्मानित भी किया, सम्मान उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करता है। समाज में हमने धर्म और जाति से पहले देश की भावना जागृत करने के लिए ही यह अभियान शुरू किया है, जिसमें भरपूर प्यार मिल रहा है।

इंजीनियर नफीस अहमद राणा ने कहा कि मनीष चौधरी देश की युवा पीढ़ी में देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिए बेहतर प्रयास कर रहा है। ऐसे कार्यक्रमों से राष्ट्रवाद के प्रति माहौल बनता है, इनका प्रयास सराहनीय है और इसके लिए ये कार्यक्रम पूरे देश में होने चाहिए।

डॉ. तबस्सुम आरा ने कहा कि देश अखंड बना रहे, यही हमारा प्रयास है। कार्यक्रम के दौरान सीएमओ के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित पीएचसी सूजडू के अधिकारी डॉ. सनव्वर, सूजडू चुंगी चौकी इंचार्ज एसआई रविन्द्र कुमार और न्यू लाइफ लाइन हॉस्पिटल मॉडल टाउन की डायरेक्टर डॉ. तबस्सुम आरा को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से केपी चौधरी, फैजुर रहमान, भारतवीर, जयदेव पंवार, रिजवान खान, जुल्फकार, दिलशाद, आसमीन, सुहाना, विक्की माही सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# विद्यालय परखने को चलेगा औचक निरीक्षण अभियान: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विकास भवन सभागार में शुक्रवार को जिला शिक्षा परियोजना समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला अनुश्रवण समिति/डीटीएफ की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शिक्षा व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की गई तथा कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए। बैठक में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन विद्युत लाइनों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बच्चों व शिक्षकों की सुरक्षा के मद्देनजर विद्युत खंभों एवं ट्रांसफार्मरों को कावड़ यात्रा की तर्ज पर पॉलिथीन से सुरक्षित ढका जाए। साथ ही विशेष अभियान चलाकर सभी विद्यालयों का निरीक्षण किया जाएगा। यदि किसी विद्यालय परिसर में ट्रांसफार्मर पाया जाता है तो उसे बैरिकेडिंग से सुरक्षित किया जाएगा। जर्जर अवस्था में पहुंचे कक्षा-कक्षों के तत्काल ध्वस्तीकरण के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने सभी बीईओ और बीडीओ को वीडियोग्राफी सहित दस्तावेज तैयार करने के लिए कहा है। यह प्रक्रिया एक अगस्त को ही पूरी की जानी है। वीडियोग्राफी में विद्यालय की अवस्थिति, नामांकन, भवन की स्थिति आदि सभी बिंदुओं का समावेश आवश्यक बताया गया। 'स्कूल चलो अभियान' की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने नामांकन में अपेक्षित वृद्धि न होने पर नाराजगी जताई और चेतावनी दी कि जिन ब्लॉकों में नामांकन असंतोषजनक मिलेगा, वहां के बीईओ को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी। टास्क फोर्स के निरीक्षणों की समीक्षा में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी समयबद्ध तरीके से निरीक्षण करें और रिपोर्ट बीएसए को सौंपें। निरीक्षण में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, भवन की स्थिति, जल निकासी और प्रकाश व्यवस्था की भी जांच की जाएगी। खंड शिक्षा अधिका. रियों को अपने-अपने क्षेत्र से कम से कम 10 ऐसे शिक्षकों के नाम देने के निर्देश दिए गए हैं, जो बेहतर शिक्षण कार्य कर रहे हैं। इन शिक्षकों को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया जाएगा।डीबीटी योजना की समीक्षा में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक विद्यार्थी के अभिभावक के खाते में शत-प्रतिशत धनराशि पहुं. चनी चाहिए। सभी बच्चों का आधार कार्ड बनवाना भी अनिवार्य बताया गया। बैठक में फर्नीचर आपूर्ति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि बच्चों के लिए खरीदे जा रहे फर्नीचर की गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर समझौता न किया जाए। यदि किसी विद्यालय में घटिया फर्नीचर आपूर्ति पाई गई तो संबंधित बीईओ की जिम्मेदारी तय की जाएगी। फर्श और बाउंड्री वॉल के अधूरे कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शीघ्रातिशीघ्र कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। जिला. धिकारी ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि दिए गए निर्देशों का पालन गंभीरता और समयबद्धता से किया जाए ताकि विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ और सुरक्षित बनाई जा सके।

## गन्ना उपायुक्त ने खोकनी गांव में किया गन्ने की फसल का निरीक्षण

**मोरना।** टिकौला शुगर मिल के गन्ना प्रबंधक अरविंद शर्मा ने बताया कि गांव खोकनी के किसान ईसम सिंह के खेत पर गन्ना सर्वे का निरीक्षण गन्ना उपायुक्त सहारनपुर मण्डल ओ. पी.सिंह द्वारा खेत पर पहुंचकर गन्ने की फसल सर्वे तथा गन्ने में लगने वाले कीटों का निरीक्षण किया। किसान रोहिताश्व कुमार ने भी उपायुक्त से गन्ने में लगने वाले रोगों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने किसानो के साथ फील्ड स्टाफ को गन्ने में टॉप बोरर कीट की पहचान भी बताई और उसके रोकथाम के बारे में भी विस्तार से बताया । उपायुक्त ने गन्ना की नवीन उन्नतिशील प्रजातियों 15023 , 14201ओर 0118 ओर 13235 को लगाए जाने तथा 0238 गन्ना प्रजाति को पूर्ण रूप से हटाने का भी अनुरोध किया ।

# जनपद के गायकों का सहारनपुर में जलवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सहारनपुर कला मंच द्वारा आयोजित मोहम्मद रफी ओपन गायन प्रतियोगिता में का विशाल आयोजन राजमहल होटल सहारनपुर में पाशा खाँन द्वारा किया गया कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि फिल्म एक्टर प्रोड्यूसर डायरेक्टर सलीम गौर रहे जिसमें कराटे किंग वेदप्रकाश शर्मा और गायक मदन ढींगरा ने तारों में सजके अपने सूरज से गीत गाकर महफिल में समां बांध दिया वहीं मदनलाल ढींगरा ने 'नखरे वाली' किशोर कुमार का गीत गाकर वाहवाही लूटी। जय कुमार ने रफी साहब का मशहूर गीत गम उठाने के लिए मैं तो जिएं जाऊंगा गाकर प्रथम पुरस्कार जीता वही भीमसेन ने चेहरा है या चाँद खिला गाकर द्वितीय पुरस्कार जीता और महिला वर्ग में गीता काकरान ने 'तूने ओ रंगीले कैसा जादू किया गीत गाकर द्वितीय पुरस्कार अपने नाम किया, रविन्द्र कुमार एवं प्रवीण कुमार ने भी अपनी मधुर गायकी से दर्शकों को लुभाया। जल्द रॉयल सिनेमा पर सम्मानित करने का आश्वासन दिया।

### सूचना

मेरे पुत्र अरूण व अंकुर ने अपनी मर्जी से गैर धर्म मे शादी की है जिनके नाम रुखसार व मुस्कान है ये सभी आवारा लोगो की संगत मे रहकर आवारा हो गये है और आये दिन मेरे व मेरे परिवार के साथ गाली गलौच व लडाई झगडा करते है। इसलिए मैं अपने पुत्रो व पुत्रवधुओं को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ भविष्य मे अप्रिय घटना के लिए वे चारो स्वयं जिम्मेदार होंगे

**वीर सिंह**
**पुत्र छोटा उर्फ नकलीराम**
**निवासी-ग्राम हरिनगर, थाना पुरकाजी, जिला मुजफ्फरनगर**

### सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं.7172/12.08.17 मे नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा नाम गलत दर्ज करा दिया गया था, जबकि उसका वास्तविक नाम उत्कर्ष शर्मा पुत्र सतेन्द्र कुमार शर्मा व माता का नाम अनुराधा शर्मा है। भविष्य में उत्कर्ष शर्मा के नाम से जाना व पहचाना जाये।
नाम पंजीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**सतेन्द्र कुमार शर्मा**
791/14/1 रामपुरी(मु.नगर)
8445097580

### सूचना

मैं, राकेश वती पत्नी श्री धर्मपाल सिंह निवासी गांव कुरावा थाना फुगाना, तहसील-बुढाना, जिला मुजफ्फरनगर (यूपी) घोषणा करती हूँ कि मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में मेरे नाम की वर्तनी ''राकेश देवी'' एवं जन्म तिथि ''01.07.1965'' गलत दर्ज थी। जबकि मेरा सही नाम ''राकेश वती' और मेरी जन्मतिथि ''01.07. 1962'' है, जिसको परिवर्तित कर सही किया गया हैं।

# रेशू ने कल्कि धाम में किया शिला पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भगवान के अवतरण से पूर्व निर्माणाधीन कल्कि धाम में आजकल शिला पूजन का कार्य चल रहा है। इस शुभ काम के लिए कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम के विशिष्ट निमंत्रण पर सत्यप्रकाश रेशू ने भी शिला पूजन किया। शिला पूजन के लिए देश विदेश से भी अनेकों भक्तो को कल्कि धाम में बुलाया जा रहा है। कल्कि धाम का महत्व पुराणो में भी लिखा है। विशिष्ट शिला पूजन में उपमुख्यमंत्री ब्रिजेश पाठक, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार व सत्यप्रकाश रेशू भी आचार्य प्रमोद कृष्णम की साथ शामिल हुये। देश के विद्वान पंडितो द्वारा मंत्रोच्चारण की साथ पूरा वातावरण कल्किमय हो गया। कल्कि धाम में आयोजित कार्यक्रम में आचार्य प्रमोद कृष्णम ने मंच से सत्यप्रकाश रेशू का परिचय कराया व संबोधन के लिए बुलाया। जिस पर सत्यप्रकाश रेशू ने आचार्य प्रमोद कृष्णम की कल्कि धाम बनाने के लिए 'ज्ञान-श्रद्धा-संयम' की बात को गंभीरता से सभी भक्तो के समक्ष रखा। जिसे देश-विदेश से आये सभी भक्तो ने स्वीकार किया। कल्कि धाम के महत्व को समझाने के लिए सत्यप्रकाश रेशू सायंकालीन मीटिंग में भी शामिल हुये जो रात्रि 12 बजे तक चली। इसी कारण रात्रि विश्राम कल्कि धाम में ही करने का शुभावसर मिला।

# नशे के कारोबार पर अंकुश लगाए प्रशासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** क्रांतिसेना शिवसेना के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी उमेशचंद्र मिश्रा से मुलाकात कर जनपद में बड़े पैमाने पर चल रहे नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग करते हुए कहा कि नशे के सौदागरों ने अपनी नई मुहिम के तहत उन बेरोजगार युवाओं को निशाना बनाया है जो काम ना होने के कारण परेशान है और छोटे मोटे काम की तलाश में रहते हैं, नशा माफिया ऐसे बेरा. जगारो को जाल में फंसा कर उनके नाम से मेडिकल स्टोर लाइसेंस बनवा लेता है और उस लाइसेंस पर स्वम् नशीली दवाओं का कारोबार करता है, भंडाफोड़ होने पर उक्त लाइसेंस धारक मेडिकल स्टोर स्वामी गिरफ्तार हो जाता है जबकि ड्रग्स माफिया आजाद रहता है उन्होंने जिलाधिकारी से इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा कि प्रशासन अबतक इन मामलों में लापरवाही बरतता आ रहा है, जबकि नशे के इस कारोबार और उनके कारोबारीयो को सख्ती से कुचलने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन देते हुए कहा कि वह शीघ्र ही इस मामले में संज्ञान लेकर कार्रवाई करेंगे।

### सार्वजनिक सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाणपत्र सं. 11438/5.11.2018 मे नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्री का नाम माही रानी अंकित नही कराया गया। पुत्री का वास्तविक नाम यही है। नाम पंजीकरण हेतू आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया गया है।

**नवीन कुमार**
**ग्राम खेड़ी विरान, मुजफ्फरनगर**
**मो. 9897452882**

### संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मनोज व उसकी पत्नी पूजा मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। गलत संगत में पड गए हैं इनका चाल चलन ठीक नहीं है जिस कारण मैने मनोज व उसकी पत्नी पूजा को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उनसे संबंध विच्छेद कर लिए हैं। किसी भी कृत्य व लेनदेन या अपराधिक कृत्य के लिए मनोज व उसकी पत्नी पूजा स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी या मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**ओमवती पत्नी स्व. परसराम**
**निवासी-गांव जट नंगला**
**थाना कोतवाली**
**हाल निवासी- खंजापुर**
**जिला मुजफ्फरनगर**

### सूचना

मेरी पुत्री मिति सिंघल (Meeti Singhal)मेरे कहने सुनने से बाहर है और उसका आचरण मेरे व परिवार के सदस्यों के साथ सही नहीं है। उसकी गलत हरकतों को देखते मैने उससे अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद मेरा व परिवार के सदस्यों का उससे कोई मतलब वास्ता नहीं रहा है। अपने किसी भी प्रकार के लेनदेन, लड़ाई-झगडे, एवं अपराधिक कृत्य के लिए मिति सिंघल (Meeti Singhal) स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरी व परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**अमित कुमार**
**पुत्र श्री सुशील कुमार,**
**निवासी-फ्लेट संख्या-501,**
**किरण होम्स, निकट एलआईसी कार्यालय अन्सारी रोड,**
**आर्यपुरी तहसील सदर,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

### सम्बन्ध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री निशा मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड गयी है। निशा ने परिवार की मर्जी के खिलाफ किसी दिनेश निवासी पुरकाजी से प्रेम विवाह कर लिया है। इसलिए मैने इससे सम्बन्ध विच्छेद कर इसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेन देन की स्वयं जिम्मेदार होगी।

**श्रीमती सीता देवी**
**पत्नी स्व. इन्द्रपाल सैनी**
**निवासी- 305/3 रामलीला टिल्ला थाना कोतवाली नगर,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# द एसडी पब्लिक स्कूल में कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** द एसडी पब्लिक स्कूल, द्वारिका सिटी, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर में सीबीएस ई0 द्वारा प्रतिपादित दो दिवसीय कार्यशाला एक्सपीरियंशियल लर्निंग' का आयोजन किया गया।



कार्यशाला का संचालन विषय विशेषज्ञ डा0 वाग्मिता त्यागी (प्रधानाचार्या, गार्गी गर्ल्स स्कूल, मेरठ) एवं कविता जोसेफ (प्रधानाचार्या, सेंट मेरी कान्वेंट स्कूल, धामपुर) ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्या नीलम माहना एवं रिसोर्स पर्सन (विषय विशेषज्ञ) द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रधानाचार्या जी ने डॉ. वाग्मिता त्यागी जी और डॉ. कविता जोसेफ को विद्यालय की परंपरानुसार एक-एक सुंदर पौधा देकर उनका अभिनंदन किया एवं सभी उपस्थित अध्यापक एवं अध्यापिकाओं से उनका परिचय करवाया। कार्यशाला का मुख्य केंद्रित विषय 'एक्सपीरियंशियल लर्निंग' था। डॉ. वाग्मिता त्यागी एवं कविता जोसेफ जी ने बताया कि किस प्रकार से बच्चों में अध्ययन के प्रति नीरसता को दूर कर उनमें जीवंतता, आनंद एवं रुचि उत्पन्न की जा सकती है। कार्यशाला में भिन्न-भिन्न विद्यालय से आए शिक्षकों ने भाग लिया। सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए तथा रोल प्ले आदि विविध गतिविधियों के माध्यम से सीखा कि कैसे बच्चों को उत्साहित करके उन्हें अध्ययन के लिए प्रेरित किया जा सकता है। कार्यशाला के अंत में विद्यालय की निर्देशिका चंचल सक्सेना एवं प्रधानाचार्या नीलम माहना जी ने डॉ0 वाग्मिता त्यागी और डॉ0 कविता जोसेफ जी को एक-एक स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनकी उपस्थिति हेतु धन्यवाद दिया। कार्यशाला अपने सभी उद्देश्य को पूर्ण करने में पूर्णत: सफल रही।

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र रमन कश्यप पुत्र श्री ओमबीर सिंह निवासी ग्राम शौरों थाना शाहपुर जिला मुजफ्फरनगर मेरे कहने में नहीं है। गलत लोगों की संगत में पड गया है इसलिये मैंने अपने पुत्र रमन कश्यप को अपने व अपने परिवार से तथा अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज से मैं उसके किसी अच्छे बुरे कार्य के लिये व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदार नहीं होगी। कोई व्यक्ति मेरे पुत्र रमन कश्यप से लेन देन व अन्य किसी प्रकार का व्यवहार रखता है तो उनकी जिम्मेदारी स्वयं होगी।

**प्रार्थी: ओमबीर पुत्र श्री पूरण सिंह जाति कश्यप निवासी ग्राम शौरों बडा बगड थाना शाहपुर तहसील बुढ़ाना जिला मु.नगर।**

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पत्नी श्रीमती सोनम पुत्री साजिद निवासी ग्राम दिनकरपुर थाना शाहपुर तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर (उ0प्र0) 251318 व मकान नम्बर 28 ओम विहार फेज-4 नगर व थाना उत्तमनगर दिल्ली-110059 हाल निवासी ग्राम पपलोहा नियर आरा मशीन थाना व तहसील कालका जिला पंचकुला (हरियाणा) 133302 के साथ मेरी शादी/निकाह दिनांक 17.08.2020 को ग्राम दिनकरपुर जिला मुजफ्फरनगर मे हुई बिना किसी कारण के दिनांक 07.10.2022 को मेरी पत्नी श्रीमती सोनम अपने मायके वालो के साथ हसी खुशी अपने मायके चली गयी। जिसके सम्बन्ध मे मैने अपनी पत्नी सोनम को अपने घर बुलाने के कई प्रयास किये जिसमे मै निराश होकर माननीय न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय कोर्ट नं0-2 मुजफ्फरनगर के समक्ष वाद सं-1088 सन् 2023 हक्के ए जोजियत (वैवाहिक सम्बन्धो को पुर्नस्थापित) वाद प्रस्तुत किया गया जिसमे मेरी पत्नी सोनम को तीन बार अलग अलग दिनांको में नोटिस जारी किये गये परन्तु मेरी पत्नी सोनम जानबूझकर माननीय न्यायालय के समक्ष उपस्थित नही हुई माननीय न्यायालय ने मुझे सुना और मेरे हक अधिक. ार में आदेश व डिकी पारित करा दी गयी। जिसके लिये मैं माननीय न्यायालय का आभारी हूँ। मैंने अपनी पत्नी सोनम के उपरोक्त तीनो पतो पर दिनांक 23.05.2024 को माननीय न्यायालय के आदेशित अनुसार उपरोक्त आदेश व डिकी की प्रति पंजीकृत डाक से उपरोक्त पतो पर भेजी गयी परन्तु मेरी पत्नी सोनम आज तक मेरे घर नही आयी। मुझे अपने विश्वसनीय सूत्रो से पता चला है कि मेरी पत्नी सोनम मुझसे तलाक लेना चाहती है फिर भी मैं अपना वैवाहिक सम्बन्धो को पुर्नस्थापित करना चाहता हूँ। जिसके लिये मै सार्वजनिक घोषणा करता हूँ कि मेरी पत्नी सोनम अपने घर आ जाये अर्थात इस सार्वजनिक सूचना की प्रकाशित दिनांक से 10 (दस) दिन तक मेरे घर नही आती तो मैं दूसरी शादी करने को स्वंतत्र होऊंगा जिसकी किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरी पत्नी सोनम व उसके परिवार वालो की आपत्ति मान्य नही होगी।

**आस मौहम्मद पुत्र जमील अहमद, निवासी-ग्राम जसोई थाना तितावी तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर ( उ0प्र0 ) 251301**


## किराए पर हॉल उपलब्ध है

डॉ. हारून की कोठी के सामने, सुजडू मैन रोड पर 2600 स्क्वायर फुट तैयार हाल किराय के लिए उपलब्ध है। स्कूल, पॉली-क्लिनिक, अस्पताल, शापिंग सेंटर, शौ-रूम कोचिंग सेंटर आदि के लिए उपयुक्त

**सम्पर्क करें**
**हुसैन अहमद**
**7669895967**
**9886045547**

# मौलाना मुआज कासमी का निधन

## सुपुर्द ए खाक के समय हजारों की भीड़ उमड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव हुसैनपुर कलां में मशहूर आलिमे दीन मौलाना मुआज हसन कघसमी के इंतेकाल की खबर से इलाके में गम की लहर दौड गई। मौलाना एक सादा मिजाज, नर्म-खुलूस और मिलनसार शखसियत के मालिक थे। वह कौम और मिल्लत के एक फिक्रमंद और सरगर्म किरदार के तौर पर जाने जाते थे। आप जमीयत उलमा ए हिंद जिला मुजफ्फरनगर के नायब सदर भी थे और कई सालों से अपने आबाई गांव हुसैनपुर कलां में एक दिनी मदरसे जामिआ अरबिया मसीहुल उलूम के मोहतमिम की हैसियत से इल्म की शमा रौशन कर रहे थे। इस मदरसे में न सिर्फ गांव के बल्कि आसपास के इलाकों के भी दर्जनों बच्चे तालीम



हासिल कर रहे हैं। मौलाना साहब पिछले एक साल से दिल की बीमारी में मुब्तला थे। दिल के बढने की वजह से उनके गुर्दों ने भी काम करना बंद कर दिया था। मेरठ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान बीपी गिरने और दूसरे अंगों के काम बंद कर देने के बाद डॉक्टरों ने आज शुक्रवार को दिन निकलने से पूर्व ही अर्धरात्रि मे उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौलाना साहब अपने पीछे छह बेटे और सात बेटियाँ छोड गए हैं। उनके जनाजे में सैकडों मोमिनों ने शिरकत की। इस मौके पर मुफ्ती ताहिर साहब शैखुल हदीस मिफ्ताहुल उलूम जालालाबाद, कारी जाकिर हुसैन प्रदेश सचिव जमीयत उलमा ए हिंद, मुफ्ती आस मोहम्मद कासमी शहर सदर जमीयत उलमा ए हिंद शाखा बुढ़ाना, जनरल सेक्रेटरी हाफिज अय्यूब त्यागी, मौलाना अब्दुल हक लुई, कारी शाहनवाज भनवाडा, मोहम्मद अहमद, शिफा दवाखाना के ऑनर तैय्यब सैफी, तोसीफ राही व गज्जू पठान समेत अनेक लोग मौजूद रहे। मौलाना मुआज हसन कघसमी साहब को उनके ही आबाई गांव हुसैनपुर कलां में सुपुर्द ए खाक किया।

## वर्षा के चलते तहसील परिसर हुआ जलमग्न

**बुढ़ाना।** कस्बा व देहात क्षेत्र में सुबह सवेरे अधिक वर्षा के कारण कस्बे का बाजार व देहात की गलियां जलमग्न हो गई। तहसील परिसर में पानी भर गया। अधिवक्ताओं के चेम्बर में भी पानी भरने के कारण न्यायिक कार्य करने में अधिवक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पडा है। बार एसोसिएशन की मीटिंग में सबकी सहमति से तहसील परिसर में जल भराव को देखते हुए न्यायिक कार्यों से विरत रहने का निर्णय लिया गया। बार एसोसिएशन बुढाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी और महासचिव ओमपाल सिंह मलिक डुंगर ने संयुक्त रूप से बताया कि न्यायिक कार्यों विरत रहने की सूचना सभी न्यायालयों में भेज दी गई है। इस मीटिंग में अधिकतर अधिवक्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। कस्बे व देहात क्षेत्र में आज पांचवें दिन भी बारिश हुई। गांव की गलियां व बाजार जलमग्न हो गए। किसानों की फसलों के लिए हर बूंद चांदी के समान रही।

# बदमाशों की दहशत: जंगलों में ग्रामीणों ने संभाला मोर्चा

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** अंति गांव की दर्दनाक वारदात के महज दो दिन बाद अब मीरापुर खुर्द गांव के जंगलों में बदमाशों की मौजूदगी से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने खुद मोर्चा संभाल लिया। लाठी-डंडों, धारदार भालों और लाइसेंसी बंदूकों से लैस ग्रामीण देर रात तक गन्ने के खेतों में घूमते रहे। इस दौरान कई राउंड फायरिंग भी हुई, जिससे पूरे गांव में अफरातफरी मच गई।

बताया जा रहा है कि गुरुवार की देर रात मीरापुर खुर्द गांव के जंगलों में कुछ संदिग्ध लोगों की गतिविधियां देखी गईं। ग्रामीणों को आशंका हुई कि यह वही बदमाश हो सकते हैं जिन्होंने दो दिन पूर्व अंति गांव के किसान संजय पुत्र चतरसिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसी आशंका पर गांव के लोगों ने बिना देरी किए खुद सुरक्षा का बीडघ उठा लिया। देखते ही देखते दर्जनों ग्रामीण हाथों में बंदूकें, भाले और लाठियां लेकर खेतों की ओर दौडघ पडे। ग्रामीणों ने जंगलों में घुसकर कई दिशाओं में फायरिंग की जिससे बदमाशों में दहशत फैलने की उम्मीद जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी रामआशीष यादव और कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार शर्मा भारी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। इसके बाद देर रात तक पुलिस टीम ने गांव के जंगलों में सघन कांबिंग की, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग हाथ नहीं लगा।

**हत्या के बाद गांवों में डर का माहौल:** गौरतलब है कि दो दिन पूर्व अंति गांव के 50 वर्षीय किसान संजय की बदमाशों ने ईख के खेत में गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस सनसनीखेज वारदात के बाद गांव में भय का माहौल व्याप्त हो गया था। पुलिस अभी उस हत्याकांड की जांच में ही जुटी थी कि मीरापुर खुर्द गांव में बदमाशों की हलचल ने फिर से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खडघे कर दिए हैं।

**ग्रामीण बोले-अब खुद करना पडेगा सामना:** गांव में लगातार हो रही आपराधिक वारदातों से ग्रामीणों का सब्र टूटता नजर आ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक पुलिस कार्रवाई करती है, तब तक बदमाश वारदात कर भाग निकलते हैं। ऐसे में अब उन्हें अपनी सुरक्षा खुद करनी होगी। यही कारण है कि ग्रामीण देर रात खुद हथियारों से लैस होकर खेतों में उतर आए।

**पुलिस ने बढाई गश्त, बन रही रणनीति:** घटना के बाद से पुलिस ने गांव और आसपास के इलाकों में गश्त बढा दी है। सीओ रामआशीष यादव ने बताया कि संदिग्धों की तलाश में कॉम्बिंग अभियान चलाया गया है। ग्रामीणों से भी अपील की गई है कि वह पुलिस को पूरा सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी तुरंत दें। गांव में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

**क्या कहते हैं अधिकारी?** सीओ रामआशीष यादव ने बताया कि अंति गांव की घटना से लेकर मीरापुर खुर्द में बदमाशों की गतिविधियों के तार जोडकर देखे जा रहे हैं। बहुत जल्द बदमाशों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**गांव में अब भी पसरा सन्नाटा:** घटनाक्रम के बाद गांव में भय और सन्नाटा पसरा हुआ है। लोग आपसी बातचीत में यही चर्चा कर रहे हैं कि आखिर जंगलों में घूम रहे ये बदमाश कौन हैं और क्या वे अगली किसी वारदात की फिराक में थे? वहीं ग्रामीण अपने खेतों की रखवाली करने से भी डरने लगे हैं।

# खेत में बदमाशों से ग्रामीणों की मुठभेड़ का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** थाना क्षेत्र के मीरापुर खुर्द गांव में बदमाशों की सूचना पर ग्रामीणों के खेतों में भाले और बंदूक के साथ घुसकर फायरिंग करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आते ही पुलिस प्रशासन में हडकंप मच गया। अफसरों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी।

वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि ग्रामीण समूहों में हथियारों से लैस होकर खेतों की ओर बढघ रहे हैं और फायरिंग कर रहे हैं। यह वीडियो सामने आते ही क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल बन गया। हालांकि वीडियो के वायरल होने के बाद मीरापुर खुर्द के कई ग्रामीणों ने यह दावा किया कि न तो उनके गांव में ऐसा कोई घटनाक्रम हुआ है और न ही वीडियो उनके गांव का है।

कुछ लोगों ने तो इसे किसी अन्य जिले का वीडियो बताया है। स्थानीय पुलिस और खुफिया टीमें अब वायरल वीडियो की सत्यता की जांच में जुटी हुई हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल वीडियो की लोकेशन और इसमें दिख रहे लोगों की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि यदि वीडियो फर्जी या भ्रामक पाया गया तो वीडियो वायरल करने वालों के खिलाफ कडी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# अंतर-विद्यालयी हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एम.जी. पब्लिक स्कूल में एक प्रेरणादायक आयोजन के तहत अंतर विद्यालयी हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जो विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय हरबंस लाल गोयल की 103वीं जयंती को समर्पित था। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को सामा. जिक और पर्यावरणीय विषयों पर सो. चने, बोलने और जागरूकता फैलाने के लिए मंच देना था। प्रधानाचार्या मो. निका गर्ग ने बताया कि एम.जी. पब्लिक स्कूल के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय हरबंस लाल गोयल जी की 103वीं जयंती के पावन उपलक्ष में विद्यालय परिसर में एक भव्य अंतर-विद्यालयी हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने प्रतियोगिता में आये प्रतिभागी छात्र-छात्राओं और निर्णायक मंडल के सदस्यों का विद्यालय परिवार की ओर



से स्वागत किया।

यह प्रतियोगिता दो श्रेणियों में आयोजित की गई कृग्रुप ए (कक्षा 9वीं व 10वीं) के विद्यार्थियों ने एक कदम धरती के नाम-छोटा प्रयास, बड़ा परिवर्तन जैसे प्रेरणादायक विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जबकि ग्रुप बी (कक्षा 11वीं व 12वीं) के प्रतिभागियों ने असंतुलित धरती, जिम्मेदार कौन? जैसे समसामयिक विषय पर प्रभावशाली भाषण दिए। प्रतियोगिता में जिले के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग करते हुए पर्यावरणीय विषयों पर गंभीर चिंतन प्रस्तुत कर सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में देहरादून से पधारे साहित्यकार मधुर नागवान, जैन कन्या पाठशाला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ. रेशु चौहान, तथा राजकीय इंटर कॉलेज, मुजफ्फरनगर से सेवानिवृत्त व्याख्याता विपिन त्यागी शामिल रहे। प्रतियोगिता में ग्रुप-ए में अनन्या रंधावा एमजी वर्ल्ड विजन प्रथम, सर्वज्ञा गुप्ता एसडी पब्लिक स्कूल द्वितीय, दीपांशी जीसी पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान पर रहीं। नालंदा पब्लिक स्कूल की चांदनी त्यागी को सांत्वना और एम.जी. पब्लिक स्कूल की मैत्री शर्मा को स्पेशल प्राइज के लिए चुना गया। वहीं ग्रुप-बी में कृष देशवाल मेपल्स अकादमी बुढ़ाना प्रथम, कृष्णा जोशी एसडी पब्लिक स्कूल द्वितीय, कनिष्का दयाल जीसी पब्लिक स्कूल व निशी ग्रोवर सेंट जेवियर स्कूल मीरा. पुर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। श्रेया मूंधडा जीडी गोयनका को सांत्वना पुरस्कार तथा आशी एम.जी. पब्लिक स्कूल को स्पेशल प्राइज के लिए चयनित किया गया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने सभी प्रतिभागी छात्रों, शिक्षकों और निर्णायकों का धन्यवाद जताया।

## संक्षिप्त समाचार

### कबूतरों के पैरों में लाइटें बांधने वाले ने दी धमकी

**खतौली।** खतौली क्षेत्र के इस्लामाबाद भूड गांव में कबूतरबाजी के शौक ने कानून व्यवस्था की धज्जियां उडा दीं। गांव निवासी इंतजार पुत्र जमील ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही एक युवक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीडित के अनुसार, आरोपी युवक रात के समय कबूतर उडाने के लिए सरक. ारी हाईमास्ट लाइट पर ईंट-पत्थर मारकर उसे क्षतिग्रस्त करता है, ताकि अंधेरे में कबूतरों को पकडने में आसानी हो सके। इसके बाद वह कबूतरों के पैरों में लाइट बांधकर उन्हें आसमान में उडाता है। इंतजार ने बताया कि जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी युवक ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इससे ग्रामीणों में भय का माहौल है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं आरोपी युवक की तलाश भी तेज कर दी गई है। ग्रामीणों की मांग है कि ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और माहौल बिगाडने वालों पर लगाम लग सके।

### मकान के बाहर की जाली काट रहे चोर लौटे बैरंग

**बुढाना।** एक मकान के बाहर लगी लोहे की जाली को काटकर अंदर मकान मे घुसने का प्रयास कर रहे कुछ अज्ञात चोर शोर शराबा होने पर बैरंग ही लौट गये। मौहल्लेवासियों की शिकायत पर मौके पर डायल नंबर 112 और बुढघना पुलिस भी पहुंची और घबराए हुए लोगों को सांत्वना दी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे की नगर पंचायत के पीछे स्थित मोहल्ला नई बस्ती में आज शुक्रवार को दिन निकलने से पहले ही अर्धरात्रि में चोरों के आने का शोर मचता रहा। जिसके चलते मौहल्ले के लोग डर के चलते जाग गये। सूचना पर मौके पर पहुंची बुढाना पुलिस और डायल नंबर 112 भी अज्ञात चोरों को गली गली में तलाशती रही लेकिन चोर तो दूर की बात कोई संदिग्ध व्यक्ति तक नहीं मिला। पुलिस ने इस शोर शराबे को किसी शरारती तत्व की करतूत बताया और कहा कि वे अफवाहों पर किसी भी तरह का ध्यान ना दें। दूसरी और इसी मौहल्ले के वरीशघ कुरैशी के मकान के बाहर की लोहे की जाली काटने का प्रयास अज्ञात चोरों के द्वारा किया गया था तभी 2-3 अज्ञात युवकों को देखकर गृहस्वामी वरीश के परिजनों ने शोर मचाया था। उधर हैड कांस्टेबल हरीश चौधरी ने गश्त करने में कोई कौर कसर नहीं छोडी और मौके पर गश्त के कई राउंड लेकर लोगों का भय कम किया।

### प्रश्नोत्तरी में शुकतीर्थ के छात्र वैभव को पहला स्थान

**मोरना।** जनपद स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी में श्री शुकदेव संस्कृत विद्यालय शुकतीर्थ के छात्र वैभव भारद्वाज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।गुरु जनो द्वारा विद्यार्थी का सम्मान कर उत्साह वर्धन किया गया। भागवत पीठ शुकदेव आश्रम पीठाधीश्वर स्वामी ओमानंद महाराज ने प्रतिभावान छात्र वैभव भारद्वाज को शील्ड देकर व पटका तथा धार्मिक ग्रंथ भेंट कर आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि धर्म, संस्कृति,अध्यात्म,संस्कार के साथ समाज के मार्ग दर्शक के रूप मे गुरुकुल कार्य कर रहे हैं। प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र उप्रैती ने कहा की शास्त्रों का ज्ञान व शिक्षा, संस्कार के साथ योग व अनुशासन गुरुकुल के छात्रों को दिया जाता है।

### गांव-गांव जाकर दे रहा हूं वार्षिकोत्सव का निमंत्रण

**मुजफ्फरनगर।** गांव छपार में शुक्रवार को यशवीर योग साधना केंद्र बघरा के पीठाधीश्वर स्वामी यशवीर महाराज का गौरव गुप्ता के आवास पर जोरदार स्वागत किया गया।

यशवीर महाराज ने कहा कि आगामी 20 सितंबर को योग साधना केंद्र का 23 वां वार्षिकोत्सव कर महायज्ञ का आयोजन किया जायेगा, जिसमें 51 किलोग्राम देशी घी की आहूति दी जायेगी। उन्होंने कहा कि गांव-गांव जाकर महायज्ञ में पहुंचने का निमंत्रण दिया जा रहा है।

# श्री चैतन्य टेक्नो में स्टूडेंट्स को दिलाई शपथ

**बुढाना।** चैतन्य टेक्नो स्कूल बुढाना में शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन शुक्रवार को हुआ। श्री चौतन्य टेक्नो स्कूल बुढघना में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए छात्र परिषद के सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन हुआ। चीफ गेस्ट पूनम विश्नोई जिला खेल अधिकारी रही।

उन्होंने नवनिर्वाचित हेड बॉय, हेड गर्ल, डिप्टी हेड बॉय, डिप्टी हेड गर्ल, हाउस कैप्टन, वाइस हाउस कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन एवं को-करिकुलर एक्टिविटी कैप्टन को बैज पहनाकर शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि विश्नोई ने अपने प्रेरणादायक भाषण में विद्यार्थियों को अनुशासन, नेतृत्व, खेल व शिक्षा के संतुलन का महत्व समझाया।

उन्होंने ये संदेश दिया कि जीवन में सफलता पाने के लिए खेलों में भागीदारी के साथ अध्ययन में भी समर्पण जरुरी है। यहां स्कूल के सब वरिष्ठ अधिकारी एग्जीक्यूटिव एजीएम विक्रम रेड्डी, एजीएम जॉन वंसी कृष्णा, एग्जीक्यूटिव डीन सनम, जोनल डीन चंद्रशेखर, जोनल रीजनल इंचार्ज हरि दुर्गा प्रसाद, रीजनल इंचार्ज कार्तिक गौर, प्रधानाचार्या प्रतिभा गंगवार, डीन मोहित कुमार व अन्य शिक्षक मोजूद थे। शपथ ग्रहण समारोह का उद्देश्य स्कूल के भावी नेतृत्व को उत्तरदायित्व की भावना से परिचित कराना व उनमें नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास व अनुशासन को विकसित करना था। ये आयोजन स्कूल के गौरवशाली मूल्यों व शिक्षा के प्रति समर्पण को दर्शाता है। यहां छात्रों में विशेष उत्साह और गर्व की भावना देखी गई।

# शारदेन किड्स में मनाई जंगल पार्टी

**मुजफ्फरनगर।** शारदेन किड्स मुजफ्फरनगर स्कूल में नन्हे मुन्ने छात्रों के द्वारा जंगल पार्टी मनाई गई। जिसमें सभी बच्चों ने भिन्न-भिन्न जानवरों की ड्रेस पहन कर अपना किरदार बखूबी निभाया। नन्हे मुन्ने बच्चे शेर, तितली,मोर, हंटर इत्यादि के रूप में बहुत सुंदर लग रहे थे और मंच पर अपनी प्रस्तुति दे रहे थे। इन सभी बच्चों ने अपने किरदार से सभी को अपनी ओर आकर्षित किया।

इस कार्यक्रम में प्ले क्लास के मेहर आनंद ने शेर की भूमिका, मनस्वी ने तितली की, फतेह सिंह ने शेर की, आयरा राठी ने मोर की और जोहान प्रीत ने हंटर की भूमिका अदा की। नन्हे नन्हे बच्चों ने इन किरदारों में अपनी पूरी जान डालकर अपना किरदार निभाया।

स्कूल के डायरेक्टर विश्व रतन ने और प्रधानाचार्य धारा रतन ने छोटे-छोटे बच्चों की गतिविधियों को देखकर प्रसन्नता से उनका हौसला बढाया और अध्यापकों को भी इस तरह की गतिविधियां करने के लिए और छात्रों को प्रतिभाग कराने के लिए प्रोत्साहित किया।

# पीडीए जन पंचायत अब 10 के बजाए 17 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पीडीए जन पंचायत के आयोजक सतेंद्र पाल ने कहा कि पीडीए के हक को लेकर बुढाना के फैज गार्डन में होने वाली जन पंचायत अब 10 अगस्त के बजाए 17 अगस्त को होगी। जिसमें सपा प्रदेशाध्यक्ष श्यामलाल पाल मुख्य अतिथि होंगे और पीडीए विरोधी पार्टियों के विरुद्ध जमकर दहाडेंगे। सपा बुढाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष अकरम खान ने सपा नेता व जन पंचायत के आयोजक पाल के हवाले से खुद ये जानकारी दी। खान ने बताया कि 17 अगस्त को सपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य व पूर्व सांसद अरविन्द कुमार सिंह द्वारा लेटर जारी किया गया है। जिसमे सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल पीडीए जन पंचायत में शामिल होकर पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक के हक व अधिकार को लेकर सरकार की गलत नीतियों पर गरजेंगे।

बुढ़ाना क्षेत्र में सपा नेता सतेंद्र पाल पीडीए जन पंचायत की सफलता को लेकर क्षेत्र में 2 माह से गांव दर गांव 10 अगस्त के कार्यक्रम को लेकर भ्रमण कर रहे थे लेकिन किन्ही कारणों से कार्यक्रम रद हो गया था



जबकि सपा के वरिष्ठ नेता सतेंद्र पाल के क्षेत्र में लगातार अच्छे सम्पर्क सूत्र को देखते हुए अब पार्टी कार्यालय लखनऊ ने 17 अगस्त के इस कार्यक्रम की अनुमति दी है। जिसे लेकर सपा जिला अध्यक्ष जिया चौधरी समेत अन्य नेताओं में खुशी की लहर है। इसी के चलते सपा की विशाल पीडीए जन पंचायत की तैयारियां जोरो शोरों से एक बार फिर शुरु हो गयी है।

# श्रावण मास की संध्याकालीन महाआरती संपन्न

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** मराठा कालीन सिद्धपीठ झारखंड महादेव देवालय में श्रावण मास की संध्याकालीन महाआरती भक्ति और श्रद्धा के वातावरण में प्रतिदिन संपन्न हो रही है। यह आयोजन 10 जुलाई, गुरुपूर्णिमा से आरंभ होकर 9 अगस्त, श्रावण पूर्णिमा तक अनवरत रूप से चलेगा। मंदिर के इतिहास की बात करें तो यह देवालय मराठा कालीन समय का बताया जाता है। झाडियों के बीच स्थित होने के कारण इसका नाम झारखंड महादेव पडा। यह एक सिद्धपीठ स्थल माना जाता है, जहाँ भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। 31 जुलाई, गुरुवार की संध्या को आयोजित विशेष महाआरती में मुख्य यजमान के रूप में विजय महेश्वरी ने मिथलेश महेश्वरी, दर्पण



महेश्वरी व अंशिका महेश्वरी, तथा अर्पण महेश्वरी के साथ भाग लिया और दीप प्रज्वलन कर आरती कर भगवान भोलेनाथ से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर शिव भक्तों की भारी भीड देखने को मिली।

कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहेरू संरक्षक वेद प्रकाश अग्रवाल, अध्यक्ष सुधीर गोयल, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सूरी, सचिव तरुण सूरी, कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल, मदन छाबडघ, मनोज उपाध्याय, संदीप अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, संजय गोस्वामी, शुभम टेलर्स, रमेश कुमार, सुनील दत्त शर्मा, सुनील कुमार अलीपुर, अशोक कुमार शर्मा, संजय भार्गव, सुनील बजाज, पंकज भटनागर (पूर्व सभासद), अनिल वर्मा ज्वैलर्स, प्राची अग्रवाल, उपासना अग्रवाल, शशि भारद्वाज, कमलेश देवी, पूनम देवी, विमला देवी, मालती शर्मा, कृष्णा वर्मा, शशि उपाध्याय, आरती, ऐशवती गोस्वामी, नीरज मिश्रा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आरती यज्ञाचार्य कमलेश मिश्रा एवं अनुराग शास्त्री द्वारा विधिवत रूप से सम्पन्न कराई गई। श्रावण मास की इस पुण्य बेला में झारखंड महादेव देवालय शिवभक्तों की आस्था और श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है।

# एक-एक कर कई शिकायतों का किया निपटारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** उप जिला अधिकारी बुढ़ाना अपूर्वा यादव द्वारा आज शुक्रवार के दिन अपने कार्यालय में बैठकर अपनी समस्याओं के निस्तारण के लिए बडघी उम्मीद से आए हुए आए कई फरियादियों की समस्याएं सुनी और उनका प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकरियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए हाथों हाथ निस्तारण किया।

मिली जानकारी के अनुसार एसडीएम बुढाना अपूर्वा यादव द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। एसडीएम बुढाना अपूर्वा यादव द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों



कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि जन सुनवाई महिला हेल्प डेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनायें ताकि पीडित शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने क्षेत्र से तहसील कार्यालय आने की आवश्यकता न हो साथ ही सभी कर्मचारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान क्षेत्र स्तर से हो सकता है उनका समाधान तहसील स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करें। उनके समक्ष कोई पिछली शिकायत दोबारा उनके पास ना आए।

इससे पीडित पक्ष तहसील के चक्कर काटता है और अधिकारी कर्मचारी की ढिलाई सामने आती है।

## 13 को होने वाली बैठक की तैयारियों में जुटे एआईएमआईएम कार्यकर्ता

**बुढाना।** शुक्रवार के दिन आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के जिला अध्यक्ष मौलाना इमरान कासमी के निर्देश पर आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी नये अध्यक्ष अब्दुल रहीम के आवास पर आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी की एक मीटिंग बुलाई गई।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉक्टर महताब के कार्यक्रम जो कि बुढ़ाना कस्बे के फेज गार्डन में आयोजित किया जाएगा डाक्टर महताब आल इंडिया मजलिस ए इत्ते. हादुल मुस्लिमीन पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ आने वाले जिला पंचायत के चुनाव के संबंध में बातचीत करेंगे। यहां पर बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर 09 से जुनेद सिद्दीकी को वार्ड का अध्यक्ष बनाया गया।

# पुरकाजी व्यापार मण्डल इकाई का पुनर्गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुरकाजी शंकर लाल गोयल बने अध्यक्ष तनवीर आलम महामंत्री मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की पुरकाजी नगर इकाई में समीक्षा बैठक के बाद नगर इकाई का पुनर्गठन एवं विस्तार किया गया।

जिसमें सर्वसम्मति से शंकर लाल गोयल उर्फ कप्तान को नगर अध्यक्ष, तनवीर आलम को नगर महामंत्री, व पंडित भानु शर्मा को नगर संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंप गई तथा युवा नगर इकाई में युवा नगर अध्यक्ष अंकुर गुप्ता युवा नगर महामंत्री दानिश अंसारी युवा नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष ऋषभ गोयल आदि पदा. धिकारी मनोनीत किए गए इसके अलावा वरिष्ठ व्यापारी एवं प्रमुख समाजसेवी उमेश पुरी पम्मी को संरक्षक एवं सभासद इस्तकार उर्फ लाल्ला को जनपद की टीम में जिम्मेदारी सौंप जाएगी इस अवसर पर



प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि प्रदेश दौरे का मतलब संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए व्यापारियों से उनकी समस्याओं की जानकारी हासिल कर उन्हें उच्च स्तर पर उठाते हुए उनका समाधान कराना है ।

प्रदेश दौरे के तहत प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग के साथ जिला अध्यक्ष रामकुमार तायल मौजूद रहे बैठक में मुख्य रूप से उमेश पुरी उर्फ मम्मी, शंकर लाल गोयल, तनवीर आलम, मोहम्मद इस्तकार, पंडित भानु शर्मा, विकास मेहता, दानिश अंसारी , अंकुर गुप्ता, ऋषभ गोयल, कामिल प्रधान, दीपक कुमार, मनोज कुमार, विपिन कुमार, अर्जुन गुप्ता, रजनीश कुमार व आकाश कुमार आदि मौजूद है।

# सकल जैन समाज के चुनाव पर हाईकोर्ट की रोक जारी

## एसोसिएशन की करेक्शन अपील हाई कोर्ट में खारीज

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** सकल जैन समाज खतौली की शिक्षण संस्था श्री कुंदकुंद जैन एजुकेशन एसोसिएशन से जुडी चुनाव प्रक्रिया में अनियमितताओं को लेकर चल रहे विवाद के बीच शुक्रवार को एक अहम बैठक मोहल्ला राजाराम स्थित सुधीर जैन मुखिया जी के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में समाज के प्रमुख सदस्यों ने वर्तमान चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर आपत्तियां दर्ज करते हुए न्यायिक कार्रवाई की जानकारी साझा की।

**हाईकोर्ट ने की स्थगन की पुष्टि:** बैठक में सुधीर जैन मुखिया ने बताया कि एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया में व्यापक स्तर पर फर्जीवाडा सामने आया है। एक ही पते पर 30 से 40 वोट दर्ज करना, जीवित सदस्यों को मृत घोषित कर उनका वोट अधिकार समाप्त करना, फर्जी प्रॉक्सी के जरिए मतदान करवाना तथा बिना समाज को सूचित किए नए सदस्य बनाना जैसी गंभीर अनियमितताओं को लेकर हाईकोर्ट इलाहाबाद में याचिका दायर की गई थी। इन तथ्यों को स्वीकार करते हुए उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने दिनांक 21 अगस्त 2025 तक चुनाव प्रक्रिया पर स्टे (अस्थायी रोक) लगा दी थी।

**अपील की खारिज, हाईकोर्ट का कडा रुख:** इस स्टे को निरस्त कराने हेतु एसोसिएशन द्वारा हाईकोर्ट में करेक्शन अपील दाखिल की गई थी, जिसकी सुनवाई की तिथि 12 अगस्त 2025 निर्धारित की गई थी। साथ ही एसोसिएशन ने जल्दी सुनवाई के लिए एक अतिरिक्त अर्जी भी दायर की थी।

लेकिन दिनांक 30 जुलाई 2025 को सुनवाई करते हुए माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने एसोसिएशन की यह अपील खारिज कर दी है, जिससे स्पष्ट है कि कोर्ट चुनावी प्रक्रिया में की गई गडबडियों को गंभीरता से ले रहा है।

**बैठक में प्रमुख सदस्य रहे उपस्थित:** इस अहम बैठक में समाज के कई प्रतिष्ठित और जागरूक सदस्य शामिल होने वालों में मनोज जैन महलका वाले, कुलद. ीप जैन बैंक वाले, अनुपम जैन आढ़ती, सुरेंद्र जैन घडी वाले, अमित जैन पूर्व मंडल अध्यक्ष, भाजपा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने एक स्वर में चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता बहाल करने और समाज के विश्वास को बनाए रखने के लिए निष्पक्ष एवं सत्यनिष्ठ मार्ग अपनाने की आवश्यकता जताई।

**समाज में आक्रोश, पारदर्शी चुनाव की मांग:** समाज के कई वरिष्ठ सदस्यों ने यह भी कहा कि जब तक चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं होती, तब तक किसी भी प्रकार का चुनाव आयोजन समाज के हित में नहीं होगा। सभी ने न्यायालय के निर्णय का स्वागत करते हुए यह स्पष्ट किया कि समाज में पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों की बहाली ही प्राथमिक उद्देश्य होना चाहिए।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हाई वोल्टेज आने से फुके घरों के उपकरण, लोगों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला सरावयज्ञान निवासी एक महिला ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों सहित ऊर्जा मंत्री को शिकायती पत्र भेज कर बताया कि विद्युत विभाग की लापरवाही से हाई वोल्टेज आने के कारण पीड़िता के घर में कई उपकरण फूंक गए और ब्लास्ट हो गया महिला सहित कई लोगों ने प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को कस्बे के मोहल्ला सरावयज्ञान निवासी महिला संतोष कुमारी जैन पत्नी सलेकचंद जैन ने बताया कि उनके मोहल्ले के निकट पावर सप्लाई के लिए नगर के छोटे बिजली घर पर ट्रांसफॉर्मर खराब हो गया था। विगत 28 जुलाई की देर शाम विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने ट्रांसफार्मर बदल दिया, आरोप है की विद्युत विभाग ने बिना टेस्टिंग किए ही सप्लाई चालू कर दी। अचानक से विद्युत सप्लाई हाई वोल्टेज हो गई जिस कारण पीड़िता के घर में एयर कंडीशन, रेफ्जिरेटर में जोर से ब्लास्ट हुआ। ब्लास्ट होने से मोहल्ले में अफरातफरी का माहौल बन गया। पीड़िता सहित अन्य कई लोगों के घरों के उपकरण फूंक गए। घरों के उपकरण फूंक जाने के कारण पीड़िता सहित मोहल्ले के लोगों का लाखों रूपए का नुकसान हो गया। पीड़ित महिला का आरोप है कि पूर्व में भी कई बार हाई वोल्टेज आने के कारण घटना घटित हो चुकी है। पीड़िता सहित मोहल्ले के मनोज जैन, अरविंद सैनी, मनी जैन, दीपक शर्मा, आमिर राणा ने प्रदर्शन कर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ, ऊर्जा मंत्री ऐके शर्मा एवं जनपद के उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर विद्युत विभाग के कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई एवं प्रकरण की जांच कराए जाने की मांग की है।



## साफ-सफाई की

**बढ़ापुर।** प्राथमिक विद्यालय में छात्राओं से साफ-सफाई कराने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जोरों से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक छात्रा झाड़ू और दूसरी छात्रा वाईपर ले जाते हुए नजर आ रही है।

कस्बे के मुहल्ला नौमी के प्राथमिक विद्यालय में छात्राओं द्वारा झाड़ू लगाने व वाइपर ले जाने की एक वीडियो सोशल मीडिया पर जोरों से वायरल हो रही है। एक छात्रा प्राथमिक विद्यालय के आंगन में झाड़ू से साफ सफाई करते नजर आ रही है तो वहीं दूसरी छात्रा वाइपर ले जाते हुए नजर आ रही है। छात्राओं द्वारा कराई जा रही साफ-सफाई की यह घटना वहां से गुजर रहे किसी व्यक्ति ने मोबाइल कमरे में कैद कर ली और सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। वीडियो वायरल होने पर अभिभावकों में शिक्षिका के खिलाफ रोष है। वहीं इस संबंध में प्राथमिक विद्यालय की मुख्य अध्यापिका निधि अग्रवाल ने बताया कि विद्यालय के आंगन में बच्चे पौधे लगा रहे थे।

# विवाहिता की मौत, पति सहित तीन के विरुद्ध अभियोग दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी रामकौर में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। सूचना पर मृतक विवाहिता के परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने मृतक विवाहिता के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर पति सहित तीन के विरुद्ध हत्या का अभियोग दर्ज किया है।

थाना क्षेत्र के गांव गढी रामकौर निवासी कृष्ण के पुत्र रामसूमन्तर की शादी जनपद सहारनपुर के मोहल्ला पंत नगर निवासी अनिका के साथ जनवरी 2020 में हुई थी। विगत गुरुवार की सुबह को अनिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। विवाहिता की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया था। मृतक विवाहिता के ससुराल पक्ष के लोगों ने मामले की सूचना मृतक महिला के परिजनों को दी।

सूचना पर मृतक महिला के परिजन भी मौके पर आ गए। मृतक विवाहिता के परिजनों ने हंगामा करते हुए मृतक विवाहिता के ससुरालियों पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया था। सूचना पर पुलिस भी गांव में पहुंच गई और मृतक विवाहिता के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया था। शुक्रवार को पुलिस ने पीड़ित पिता चरणपाल की तहरीर पर पति रामसुमन्तर, ससुर कृष्ण पाल, सास सुलोचना, पर दहेज के लिए उसकी पुत्री को प्रताड़ित करते हुए दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित पिता की तहरीर पर अभियोग दर्ज कर लिया गया है जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर क्षेत्र में निकाली बाइक रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुरानी पेंशन बहाली हेतु सड़कों पर उतरे सरकारी कर्मी आज ऑल टीचर्स इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) द्वारा जिला संयोजक अध्यक्ष नवनीत गहमरी की अध्यक्षता में प्रदेश आह्वान पर नई पेंशन स्कीम (एनपीएस) व यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) निजीकरण मर्जर के विरोध में तथा पुरानी पेंशन बहाली हेतु रोष मार्च राष्ट्रीय किसान इंटर कॉलेज शामली से फव्वारा चौक होते हुए जिला कलेक्ट्रेट शामली तक बाइक रैली निकाली गई।

जिसमें 20 से अधिक विभिन्न संगठनों के सरकारी कर्मी, पदाधिकारी शामिल होकर पुरानी पेंशन की आवाज को बुलंद किया। जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर माननीय उप जिलाधिकारी विनय भदौरिया शामली के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार व माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को पुरानी पेंशन बहाली हेतु ज्ञापन सौंपा।' इस रोष मार्च में विभिन्न प्रमुख संगठनों ने हिस्सा लिया।






जिसमें प्राथमिक, जूनियर शिक्षक संघ के सभी संगठन, माध्यमिक शिक्षक संघ से चेतनारायण गुट, ठकुराई गुट एकजुट, महिला शिक्षक संघ, कौमी उर्दू शिक्षक संघ,युटा, राष्ट्रीय शैक्षिक शिक्षक संघ, TSCT डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन,विशिष्ट बीटीसी संगठन, भारतीय किसान यूनियन (शिक्षक प्रकोष्ठ), उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ, सिंचाई संघ, नगर पालिका परिषद,उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी परिषद, मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग, राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन आदि 20 से अधिक संगठनों ने प्रतिभाग कर नई पेंशन स्कीम (एन.पी.एस) यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यू.पी.एस.), निजीकरण, मर्जर का विरोध किया तथा पुरानी पेंशन बहाली हेतु अपनी आवाज उठाई। इस अवसर पर एन.पी.एस, यू.पी.एस बंद करो, बंद करो। पुरानी पेंशन बहाल करो। निजीकरण, मर्जर बंद करो, बंद करो। लेकर रहेंगे-पुरानी पेंशन आदि के नारे लगे। इस अवसर पर नवनीत गहमरी, प्रताप सिंह, चंद्र कुमार, विकास वर्मा,, प्रवीण, अमृता चौधरी, बीना कुमारी, रश्मि चौधरी, पूनम तोमर, , शाइस्ता खान, गंगा राम मौर्य, रमेश चंद, प्रदीप मलिक, नवीन कुमार, पप्पू बोकाडिया, रजनीश कुमार, नितिन पंवार, अमित खैवाल, अमित निर्वाल, रामवीर, नरेंद्र कुमार, अजय शर्मा, वीरेंद्र चौहान, रविंद्र कुमार, सुरेंद्र पाण्डेय , रोहित जटराना, प्रविनदर, आदेश पवार, पवन जावला, योगेश राठी, सुनील कुमार, गुलाब सिंह, रजनीश ,संजीव शर्मा, एकंत देव , अमित कुमार,अमित मित्तल,विनय त्यागी,रामफूल, हारुन चौधरी, गुलाब सिंह, अमित, सुदेश, रविन्द्र, शचीन्द्र, यशपाल मलिक आदि मार्च मे शामिल हुए।

## एक नजर

### चोरों ने ट्यूबवैलों को बनाया निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** गत रात्रि चोरों ने कस्बा ऊन के जंगल में नलकूपों को निशाना बनाते हुए करीब एक दर्जन टयूब बैलों से तांबे का सामान चोरी कर लिया लगातार क्षेत्र में चोरी की वारदातें नलकूपों पर हो रही है लेकिन पुलिस अभी तक चोरों को नहीं पकड़ पाई है। कस्बा ऊन में गत रात्रि चोरों ने सुरेंद्र पुत्र किशन लाल, रामकुमार पुत्र सुकन, कृष्ण पुत्र महावीर, सतवीर पुत्र जिले सिंह, रामवीर, मांगे राम कश्यप, सुरेंद्र ठेकेदार के नलकूपों को निशाना बनाया तथा ताला तोड़कर व नकब जनी कर अंदर से केवल, कट आउट से तांबे का सामान चोरी कर लिया पीड़ित किसानों ने सुबह खेत पर जाकर देखा फिर पुलिस को सूचना दी इससे पूर्व भी गांव ढिंढाली में चोरों ने किसानों के नलकूपों को निशाना बनाते हुए करीब आधा दर्जन टड्ूब बैलों से तांबे का सामान चोरी कर लिया था। लगातार चोर नलकूपों को निशाना बना रहे हैं जिससे किसान परेशान है लेकिन पुलिस अभी तक घटना का खुलासा नहीं कर पाई है।

### पशु पालक प्रोत्साहन योजना की दी जानकारी

**शामली।** डॉ चन्द्रभानु कश्यप, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी नोडल अधिकारी, नन्द बाबा दुग्ध मिशन संयोजक शामली द्वारा अवगत कराया गया कि दुग्ध आयुक्त मिशन निदेशक, नन्द बाबा दुग्ध मिशन,उ.प्र., लखनऊ के पत्र दिनांक 8/7/25 द्वारा नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना वित्तीय वर्ष हेतु जनपद शामली का लक्ष्य 8 इकाई (प्रति इकाई 10 गाय), मुख्यमंत्री स्वदेशी गो सर्वधन योजना हेतु वित्तीय वर्ष का लक्ष्य 14 पुरुष एवं 14 महिला (2 गायों की 28 इकाई), नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना हेतु वित्तीय वर्ष का लक्ष्य 2 इकाई (25 गाय), मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना हेतु वित्तीय वर्ष का लक्ष्य 15 है। डॉ चन्द्रभानु कश्यप द्वारा इस योजना के अन्तर्गत के साहीवाल, गिर, हरियाणा, थारपारकर एवं गंगातीरी नस्ल की गायो का प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन उच्च स्तर पर होने पर (निर्धारित मानकों के अनुसार) चयनित गोपालकों को रुपये 10,000 अथवा रुपये 15,000 की प्रोत्साहन धनराशि एवं प्रशस्ति-पत्र दिया जाएगा। उक्त योजनाओं के आवेदन पत्र नन्द बाबा दुग्ध मिशन पोर्टल https://nand babaad ugdh mission.up.gov.in पर ऑनलाइन दिनांक 13.8.2025 तक आमंत्रित किए जाएंगे। अत: सभी पशु पालक भाईयों से अपील है कि आप उक्त योजनान्तर्गत दी गई नियत तिथि तक दुग्ध मिशन पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

### भूतपूर्व सैनिकों की बैठक 12 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

शामली। कर्नल अजय कुमार सिंह, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी,शामली द्वारा जनपद शामली के सभी सम्मानित भूतपूर्व सैनिकों विधवाओं और वीर नारियों को सूचित किया जाता है कि जी.ओ.सी. पश्चिम यू.पी. सब एरिया मेरठ दिनांक 12 अगस्त 2025 दिन मंगलवार को रिमांउट ट्रेनिंग स्कूल एवं डिपो सहारनपुर में भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके परिजनों से संवाद करेंगें। इच्छुक भूतपूर्व सैनिक, वीर नारियां एवं उनके परिजन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय शामली मोवनंव- 8765610973 पर सम्पर्क कर सकते हैं। तदैव उनके आवागमन की व्यवस्था की जाएगी।

### हज यात्रा पर गए हाजियों व ट्रेनर्स के साथ बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मैत्री रस्तोगी द्वारा अवगत कराया कि आज 1.8.2025 को समय 1:30 पर मदरसा अरबिया इशाहातुल इस्लाम, पानीपत रोड कैराना में उ.प्र. हज समिति के सदस्य कामरान खान ने वर्ष- 2025 में हज यात्रा पर गए हाजियों एवं ट्रेनर्स के साथ बैठक की। सदस्य द्वारा हज यात्रियों से उनके अनुभव जाने तथा यात्रा के दौरान सरकार की ओर से किए गए इंतजामों के विषय में पूछा। उपस्थित हाजियों द्वारा सरकार द्वारा दी जा रही सहुलियात एवं इंताजामात की सराहना की गई। सदस्य द्वारा हज ट्रेनरों को निर्देश दिए कि हज यात्रियों को सभी तरह की गाइड लाइन से परिचित कराया जाए, जिससे उन्हें हज यात्रा के दौरान किसी तरह की परेशानी न हों। बैठक में मौजूद जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मैत्री रस्तोगी द्वारा सदस्य को अवगत कराया गया कि वर्ष 2025 में जनपद शामली से 147 हज यात्रा पर गए थे। उन्होंने बताया कि हज से सम्बन्धित सभी कार्य ससमय पूर्ण किए जाते है। बैठक में मौलाना बरकतउल्ल अमीनी (मदरसा प्रबन्धक अरबिया इशाहातुल इस्लाम), मुफ्ती फरहान, मुफ्ती शहजाद, हाजी मी. हाशिम, हाजी अबरार, हाजी तसलीम अहमद भी उपस्थित थे।

### हवन यज्ञ के साथ विद्यालय के नए सत्र का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के हिन्दू महिला महाविद्यालय में नए सत्र का आरंभ हवन यज्ञ के साथ किया गया। कालेज की छात्रा शिवानी द्वारा यज्ञ संपन्न कराया। शुक्रवार को शहर के हिन्दू महिला महाविद्यालय के 25 वर्ष पूर्ण होने पर हवन यज्ञ के साथ विद्यालय के नए सत्र की शुरूआत की गई है। इस दौरान वैदिक मंत्रों के साथ छात्राओं ने यज्ञ में आहुति प्रदान की। सभी ने संस्थान की उन्नति, स्मृद्धि की कामना की। प्राचार्या डा। मंजू गर्ग ने कहा कि यह समय केवल पढाई की शुरूआत न होकर बल्कि आत्म विश्लेषण, आत्म विश्वास और आत्म निर्माण की दिशा में कदम बढाने का अवसर है। शिक्षकों ने भी छात्राओं को प्रेरित किया।

### डेंटल हेल्थ कैंप का आयोजन



**शामली।** शुक्रवार को रोटरी क्लब शामली द्वारा द्वितीय डेंटल हेल्थ कैंप का आयोजन शहर के माजरा रोड़ स्थित प्राइमरी पाठशाला पर किया गया। जिसमें बच्चों को निशुल्क दंत परीक्षण एवं परामर्श प्रदान किया गया। इस शिविर में मुख्य चिकित्सक के रूप में वरिष्ठ दंत विशेषज्ञ एवं रोटरी क्लब शामली के सचिव डॉ। मनीष गर्ग ने सेवाएं दीं। वहीं, प्रोजेक्ट चेयरमैन की भूमिका में डॉ। मृदुला जैन ने कैंप का समन्वय किया। इस सेवा शिविर के दौरान बच्चों को डेंटल किट, स्टेशनरी किट एवं पौष्टिक स्नैक्स भी वितरित किए गए, जिनमें डॉ। मनीष गर्ग और डॉ। मृदुला जैन का सहयोग सराहनीय रहा। कैंप में बच्चों को दांतों को साफ करने के लिए किट भी प्रदान की गई। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष नवनीत जैन, कोषाध्यक्ष आकाश गुप्ता, राजेश बंसल, अवि गर्ग मौजूद रहे।

# वोट डालकर हेड ब्वॉय, हेड गर्ल का चयन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल शामली में हेड बॉय, हेडगर्ल, स्पोर्टस कैप्टन व हाऊस कैप्टन का चयन करने के लिए मतदान प्रक्रिया का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 5 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने अपनी अपनी पसंद के उम्मीदवारों का चयन करने के लिए वोट डालकर अपने मताधिकार का प्रयोग उत्साह पूर्वक किया।

शुक्रवार को चुनाव में हेडबॉय के लिए कक्षा 12 के तनिष्क, दिव्यांश, हर्षवर्धन, सक्षम कक्षा 11 के पार्थ, कृष्णम व हेडगर्ल के लिए कक्षा 12 की अंशिका भाटिया, अनुज्ञा, निशु अग्रवाल, अनोखी, संस्कृति व कक्षा 11 की अंशिका निर्वाल, नव्या आदि ने चुनाव लड़ा। स्पोर्टस कैप्टन के लिए का कक्षा 12 के कार्तिकेय, वंश वर्मा, रचित तरार व कक्षा 11 के आर्यन तोमर, अरमान, उत्कर्ष, प्रियांशु, सक्षम, शिवम मलिक, गर्वित, अर्पित, रोहल व गर्ल्स में कक्षा 11 की अंशिका, अतिथि, निधि, राशि, नित्या व अंशु चुनावी मैदान में थे। इसके अतिरिक्त हाऊस कैप्टन के लिए एंबीशन हाऊस से, कक्षा 12 से आर्यन, विक्रान्त, जयंत, वंश वर्मा कक्षा 11 से रोहित सिंह, आर्यन तोमर, रक्षित, पार्थ देवराज, कृष्णम गर्ल्स में हर्षिता, अदिति सहित 5 छात्राओं के नाम थे।




स्प्रिट हाउस कैप्टन के लिए बॉय में 7 व गर्ल्स में 7 डिस्कवरी हाऊस से 3 बॉयज व गर्ल्स, लेगेसी हाउस से 4 बॉयज व 4 गर्ल्स ने चुनाव प्रक्रिया में भाग लिया। चुनाव के अंत में प्रधानाचार्या उजमा जैदी ने कहा कि स्कूल में चुनाव कराने का मुख्य उदेश्य बच्चों को मतदान अधिकार का महत्व एवं चुनावी प्रक्रिया से परिचित कराना है। इस अवसर पर दीपा उप्पाध्याय, रेणु मिश्रा, रश्मि बंसल, राज त्यागी, प्रिया शर्मा, अंजुल चौधरी, रवि हुड्ड्डा, प्रशांत, अनुपम मित्तल, किरणपाल, आयुषी सिंघल, प्रिया सिंघल, अरुण आदि मौजूद रहे।

# 7 वर्षीय बालक बाइक की चपेट में आने से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** कस्बे के बाईपास मार्ग पर घर के बाहर साइकिल पर खेल रहे एक सात वर्षीय मासूम बालक को अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। शुक्रवार को कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी साबिर का 7 वर्षीय पुत्र उमर साइकिल लेकर घर के बाहर खेल रहा था। तभी परिजनों के अनुसार घर के बाहर खेल रहे बालक को अज्ञात बाइक सवार ने अपनी चपेट में ले लिया बाइक की टक्कर लगने से 7 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने आनन-फानन में घायल अवस्था में मासूम बालक को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में घायल बालक को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। मामले में खबर लिखे जाने तक घायल बालक के परिजनों ने थाने पर कोई भी तहरीर नहीं दी थी।

# 12 मेधावी छात्राओं को धनराशि से किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में जन कल्याण योग सेवा ट्रस्ट द्वारा 12 मेधावी छात्राओं को 2100-2100 रूपए की धनराशि देकर सम्मानित किया गया।

शुक्रवार को कार्यक्रम का शुभारंभ जन कल्याण योग सेवा समिति के संरक्षक अरुण जैन, अध्यक्ष अशोक कोरियर, महासचिव कुलश्रेष्ठ सैनी, सचिव उमेश खुरमान, यूनिट हेड अपर दोआब शुगर मिल प्रदीप सालार, विभा सालार, सुनीत गुप्ता व प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने किया। मुख्य वक्ता प्रदीप सालार ने बालिकाओं को सदाचरण का पालन करने के लिए प्रेरित किया तथा विद्यालय की मेधावी छात्राओं रिया, सिया सैनी, अंशिका शर्मा, नैना, कशिश, गौरी वर्मा, कशिश चौहान, कोमल, दिव्या, अंकिता चौहान, कनिका, प्रज्ञा को 2100-2100 की धनराशि देकर सम्मानित किया। गत दिवस मुरली मनोहर इंटर कॉलेज इस्सोपुरटील में आयोजित संस्कृत प्रतिभा खोज में जनपद स्तर पर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं प्रथम दिव्या, द्वितीय एकता जांगिड़, तृतीय कनक वर्मा, शालिनी शर्मा को भी स्मृति चिन्ह वह प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वर्तमान में गुड़गांव में सीए के पद को सुशोभित करने वाली पूर्व छात्रा अंशिका तायल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संजीव कुमार, संदीप कुमार, गीता, कविता, अनीता, सुरभि, अमित कुमार, रवि कुमार, कपिल कुमार, दिव्या, मो. निका, नीलम, वंदना, अश्विनी, विकास, मोहित आदि मौजूद रहे।

## रविवार में भी होंगे आईटीआई में प्रवेश

**बिजनौर।** जनपद बिजनौर में संचालित समस्त राजकीय एवं निजी आईटीआई में तीसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया जारी है, जिसकी अंतिम तिथि 5 अगस्त 2025 निर्धारित है। अभ्यर्थियों की सुविधा को देखते हुए रविवार 3 अगस्त को शासकीय अवकाश में भी समस्त आईटीआई में प्रवेश काउंटर खुले रहेंगे। अत: तीसरी सूची के चयनित अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्र के साथ रविवार में भी संस्थान में उपस्थित होकर प्रवेश ले सकते हैं।

# शामली को प्राप्त हुई 1320.0 मै. टन इफको डी.ए.पी. तथा विभिन्न संस्थाओं का 399 मै.टन यूरिया खाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला कृषि अधिकारी, शामली प्रदीप कुमार यादव ने अवगत कराया कि जनपद शामली को 1320 मै.टन इफको की डी.ए.पी. प्राप्त हुई है, साथ ही जनपद शामली को विभिन्न संस्थाओं/ कम्पनियो (राम फर्टिलाइलर्स लि., एन.एफ.एल. कम्पनी) का कुल 399 मै.टन यूरिया खाद प्राप्त हुआ है।

जिससे जनपद में यूरिया 2367. 750 मै. टन डी.ए.पी 1763.400 मै. टन तथा एन.पी. के. 1113.350 मै. टन उपलब्ध है। जनपद शामली के बफर गोदाम जसाला में प्रीपोजिशनिंग मे यूरिया 1095.12 मै. टन एवं वेयर हाऊस (सामान्य) में यूरिया 75.915 मै.टन, प्रीपोजिशनिंग मे एन.पी. के. 800 मै.टन तथा डी.ए.पी. 1193.50 मै.टन (सामान्य) भण्डार में उपलब्ध है। साथ ही जिन सहकारी समितियों पर किसी भी प्रकार के उर्वरक की कमी हो रही है पी.सी.एफ. प्रबन्धक तथा सहकारिता विभाग द्वारा उनकी मॉग तथा पोस मशीन की उपलब्धता के आधार पर तत्काल उर्वरक प्रेषण की कार्यवाही की जा रही है।

जनपद में यूरिया तथा डी.ए.पी. सहित सभी प्रकार के उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता के साथ ही इनकी निर्धारित दरो पर इनकी बिक्री की जा रही है। कृषकों भाईयो से निवेदन है कि वह सन्तुलित मात्रा में उर्वरको का प्रयोग करे और अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकार के उर्वरको का भण्डारण न करे साथ ही आवश्यकता से अधिक उर्वरकों का क्रय न करे। उर्वरको की संतुलित मात्रा फसलो के अनुसार निम्नानुसार है, जिसके अनुसार किसान भाई अपनी फसल में उर्वरको का प्रयोग करें। जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रही। जिसमें-फसल गन्ना, एन-पी-के की संतुलित की मात्रा (पूर्ण फसल हेतु) किलो में 180-80-40, प्रति एकड (यूरिया) उर्वरकों का प्रयोग (पूर्ण फसल हेतु)-03 बैग प्रति एकड लगभग/144 किलोग्राम प्रति एकड, प्रति एकड (डी.ए.पी.) उर्वरकों का प्रयोग (पूर्ण फसल हेतु)-1.5 बैग प्रति एकड लगभग 69 किलोग्राम प्रति एकड। गेहूं फसल, एनपी के की संतुलित की मात्रा (पूर्ण फसल हेतु) किलो में 150-60-40, प्रति एकड (यूरिया) उर्वरकों का प्रयोग (पूर्ण फसल हेतु)-03 बैग प्रति एकड लगभग 120 किलोग्राम प्रति एकड, प्रति एकड (डी.ए.पी) उर्वरकों का प्रयोग (पूर्ण फसल हेतु)-01 बैग प्रति एकड लगभग 52 किलोग्राम प्रति एकड। जनपद के सभी उर्वरक विक्रेताओं को उर्वरक बिक्री पर अनिवार्य रूप से कैश मैमो देने व पी.ओ.एस. मशीन से उर्वरक बिक्री के साथ-साथ स्टॉक रजिस्टर को अपडेट रखने के निर्देश दिए गए है एवं सभी कृषको को पी.ओ.एस. मशीन से उनकी जोत के अनुसार उर्वरक देने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद के किसी भी उर्वरक बिक्री केन्द्र पर आई.एफ.एम.एस. पोर्टल मे उपलब्ध सम्भार एवं बिक्री केन्द्र पर उपलब्ध सम्भार मे भिन्नता या अनियमितता पाई जाती है अथवा कृषक विक्रेताओं द्वारा अवैध भंडारण पाया जाता है तो उस उर्वरक विकेता अन्य के विरुद्ध जांचोपरान्त उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 उर्वरक संचलन नियंत्रण आदेश 1973 के अन्तर्तीव नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## धारदार हथियारों व डंडों से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के गांव ढिंढाली निवासी जमशेद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार की रात में अपने परिवार के साथ घर में सो रहा था। करीब 11 बजे हमारे घर का गेट तोडकर रोजूदीन, हारुण, रियासत, शदाकत, आबिद, जब्बार व अन्य चार अज्ञात घर में घुस आए तथा गाली गलौच करते हुए धार दार हथियारो लाठी डन्डो व तमन्चो आदि से हमारे ऊपर हमला कर मारपीट कर दी। मारपीट मे नवाब पुत्र नूरदीन माता मोमीना पत्नि नवाब व भाई नदीम व क"यूम को गम्भीर चोट आई, जिनको हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जमशेद द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने छह नामजद सहित चार अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# कब्रिस्तान में घुसे बेसहारा गोवंश, वीडियो सोशल मीडिया पर की प्रसारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के बाईपास मार्ग पर स्थित कब्रिस्तान में बेसहारा गौवंश घुसने को लेकर कई लोगों ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए आवारा गौवंश को पकड़कर गौशाला भेजने की मांग की है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गोवंशों को पकड़कर गौशाला भेजने के निर्देश देते हुए करोड़ों रूपए खर्च कर गौशाला का निर्माण कराया था। करोड़ों रूपए खर्च होने के बाद भी सड़कों पर बेसहारा गोवंश घूम रहे हैं जो लोगों की जान के दुश्मन बने हुए हैं कई बार बेसहारा गोवंश से टकराकर लोग चोटिल हो जाते है और कई बार अपनी जान भी गवा बैठते हैं। संबंधित विभाग की लापरवाही से सड़कों पर बेसहारा गौवंश दिखाई देते हैं। शुक्रवार को कस्बे के मोहल्ला गुजरान के कई लोगों ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करते हुए बताया कि उनके कब्रिस्तान में दर्जनों की संख्या में बेसहारा गोवंश घुस जाते हैं जो कब्रो को क्षतिग्रस्त कर देते हैं। इस दौरान कई लोगों ने वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करते हुए जिला प्रशासन से बेसहारा गोवंशों को पकड़कर गौशाला भेजने की मांग की है।



# हथिनीकुंड बैराज से यमुना में छोड़ा 30,321 क्यूसेक पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कैराना में यमुना के जलस्तर में 65 सेंटीमीटर की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं, शुक्रवार को हथिनीकुंड बैराज से 30,321 क्यूसेक पानी यमुना नदी में प्रवाहित किया गया है। बैराज से छोड़े गए पानी से क्षेत्र में यमुना के जलस्तर में और वृद्धि होने की संभावना है।

पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में हो रही बारिश के चलते हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में पानी छोड़े जाने का सिलसिला निरन्तर जारी है। बैराज से प्रवाहित किए जा रहे पानी से शुक्रवार को कैराना में यमुना नदी के जलस्तर में 65 सेंटीमीटर की वृद्धि दर्ज की गई है। शुक्रवार प्रात: आठ बजे यमुना नदी का जलस्तर 228.64 मीटर से बढ़कर 229.29 मीटर पर पहुंच गया। वहीं, शुक्रवार को शाम चार बजे



हथिनीकुंड बैराज से यमुना में अधि. कतम 30,321 क्यूसेक पानी यमुना नदी में प्रवाहित किया गया। जबकि इससे पूर्व प्रात: आठ बजे 21,272 क्यूसेक जल यमुना में डिस्चार्ज किया गया था। बैराज से छोड़ा गया पानी 24 घंटे में कैराना पहुंच जाएगा। इस पानी से यमुना के जलस्तर में वृद्धि होने की प्रबल संभावना है। हालांकि जलस्तर बढ़ने से क्षेत्र में खतरे की कोई आशंका नही है। वहीं, ड्रेनेज विभाग के अवर अभियंता आशु कुमार ने बताया कि हथिनीकुंड बैराज से शुक्रवार शाम चार बजे अधिकतम 30,321 क्यूसेक पानी यमुना में प्रवा. हत किया गया है। इस पानी से क्षेत्र में यमुना के बहाव में आंशिक वृद्धि होने की संभावना है। हालांकि यमुना का जलस्तर बढ़ने से फिलहाल खतरे की कोई बात नही है। यमुना ब्रिज पर लगे सूचकांक के अनुसार क्षेत्र में चेतावनी बिंदु 231.000 मीटर व खतरे का निशान 231.500 मीटर पर निर्धारित किया गया है।

## एक अभियुक्त गिरफ्तार

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आद. ेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिक. ारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, जिसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ है।

गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त अवनीश पुत्र शिवकुमार निवासी मौहल्ला ब्लॉक रोड शामली थाना कोतवाली शामली जनपद शामली है। पुलिस टीम खूब सिंह, आशीष कुमार, अंकुर कुमार आदि शामिल रहे।

# सीआरपीएफ में प्लाटून कमांडर के रूप में अर्चित के चयन के बाद जनपद में खुशी का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के चौधरी चरण सिंह कॉलोनी निवासी अर्चित चौधरी ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में प्लाटून कमांडर के रूप में अपने चयन से जनपद का नाम रोशन किया है।

अर्चित ने कोयंबटूर (तमिलनाडु) स्थित सीआरपीएफ ट्रेनिंग कॉलेज में 11 माह का कठोर प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इसके उपरांत आयोजित भव्य दीक्षांत समारोह (पासिंग आउट परेड) में उन्हें विधिवत प्रमाणपत्र प्रदान कर प्लाटून कमांडर घोषित किया गया।

दीक्षांत समारोह के दौरान जैसे ही अर्चित के कंधे पर स्टार लगाए गए, उनके पिता डॉ। ओमपाल सिंह तथा अन्य परिजन खुशी से झूम उठे। समारोह में अर्चित की बड़ी बहनें, डॉ। संध्या और प्रियंका भी



उपस्थित रहीं, जिन्होंने अपने छोटे भाई को गले लगाकर आशीर्वाद दिया। समारोह के पश्चात रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। सीआरपीएफ की वर्ष 2024-25 बैच में अर्चित सहित कुल 376 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण पूर्ण किया। अर्चित चौधरी की पहली तैनाती 120 बटालियन के साथ मेघालय में की गई है, जहां वे 4 अगस्त को कोयंबटूर से रवाना होंगे। गौरतलब है कि अर्चित के पिता डॉ. ओमपाल सिंह एक सेवा. निवृत्त शिक्षक हैं। बेटे की इस उपलब्धि पर पूरे परिवार और नगर में हर्ष का माहौल है।

# विकास प्राधिकरण का बुल्डोजर अवैध कॉलोनियों पर चला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को जिले में विकास प्राधिकरण का बुल्डोजर अवैध कालोनियों में जमकर चला। शहर में करीब पांच स्थानों पर एमडीए की टीम ने कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से स्थापित की जा रही कालोनियों को बुल्डोजर चलाकर ध्वस्त कराया। टीम की कार्यवाही से भू-माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

जिले में हाईवे बनने के साथ साथ अवैध कालोनियों का निर्माण लगातार किया जा रहा है। हाईवों के चारो और अवैध कालोनियों विक. सित हो रही है, लेकिन जिला प्रशासन से लेकर एमडीए विभाग कार्यवाही के नाम पर सिर्फ ध्वस्तीकरण तक ही सीमित है। एक अनुमान के अनुसार जिले में 200 से अधिक कालोनियों कृषि भूमि और बाग बगीचों को खत्म कर स्थापित की जा रही है। बार बार शिकायतों के बावजूद विभाग एमडीए की कार्यवाही में शिथिलता साफ नजर आती है। गत चार दिन पूर्व भी शहर के मदरलैंड स्कूल के प्रबंधक चेतन मुंजाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर स्कूल के बराबर में अवैध कालोनी काटकर रास्ते में अतिक्रमण करने का आरोप लगाया था। मामला मुख्यमंत्री के दरबार में पहुंचा तो एमडीए मुजफ्फरनगर की टीम शुक्रवार को शामली पहुंच गई। टीम ने सबसे



पहले मदरलैंड स्कूल के बराबर में काटी जा रही अवैध कालोनी को बुल्डोजर से ध्वस्त कराया। एमडीए की टीम ने बताया कि कालोनी मालिक द्वारा फरवरी माह में नक्शे के लिए आवेदन किया था, लेकिन स्कूटनी में फेल हो गया था। जिसके बाद उनके द्वारा नक्शे के लिए कोई आवेदन नही किया गया और पांच माह बीत जाने के बाद भी नक्शा पास न कराए जाने पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई है। एमडीए की टीम ने बताया कि इसके अलावा शहर के मुजफ्फरनगर रोड, करनाल रोड, झिंझाना रोड पर भी बिना नक्शा पास कराए काटी जा रही अवैध कालोनियों को नोटिस देकर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई है।

### बार-बार निर्माण पर होगी एफआईआर

एडीए अधिकारियों का कहना है कि जिले में अवैध रूप से काटी जा रही अवैध कालोनियों को लेकर रजिस्ट्रीय कार्यालय से लेकर विद्युत विभाग को भी सूचना दी जाती है। यहां अवैध कालोनी काटने वाले लोग मिलीभगत कर रजिस्ट्री, बैनामे भी करा लेते है और विद्युत विभाग उनको कनेक्शन भी काट देता है। ऐसे में एडीए को अवैध कालोनियों पर कार्यवाही करने में दिक्कते होती है। विभाग हर माह अभियान चलाकर पूरे जिले में अवैध कालोनियों पर कार्यवाही करता है। बार बार निर्माण कराने पर एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी।

## छेड़छाड़ करने व वीडियो बनाने का आरोप

**कैराना।** क्षेत्र निवासी महिला ने पति की गैर-मौजूदगी में एक नामजद समेत दो युवकों पर घर में घुसकर छेड़छाड़ करने व वीडियो बनाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है।

खादर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। बताया कि गुरुवार दोपहर करीब दो बजे उसका पति बाहर गया था, जबकि उसकी चार वर्षीय पुत्री और वह घर पर थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार होकर तीन युवक वहां पर पहुंचे, जिनमें से दो युवक घर के अंदर आ गए। जबकि एक बाहर गली में ही खड़ा रहा। आरोप है कि घर में घुसे दोनों युवकों ने उसे कमरे में खींच लिया और उसके साथ में जबरदस्ती दुष्कर्म का प्रयास किया।

आरोप है कि उनमें से एक आरोपी ने उसकी वीडियो भी बनाई तथा घटना के सम्बंध में किसी को बताने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। पीड़िता ने शिकायती-पत्र में एक आरोपी को क्षेत्र के गांव इस्सापुर खुरगान का निवासी होने की बात कही है। वहीं, पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ग्रामीण रातों को जागकर दे रहे पेहरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर एवं क्षेत्र में चोरों का शोर मचा हुआ है नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग रातों को चोरों के डर से पहरा दे रहे हैं। पुलिस लगातार क्षेत्र में गस्त कर रही है। पुलिस प्रशासन ने नगर एवं क्षेत्र के लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने एवं किसी भी तरह की घटना होने पर पुलिस को सूचना देने की अपील की है।



विगत कई दिनों से लगातार ड्रोन की अफवाह एवं क्षेत्र में चोरों की गैंग होने की अफवाहों से दहशत का माहौल बना हुआ है। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग चोरों के डर से लाठी डंडे लेकर सड़कों पर चारपाई डालकर पहरा दे रहे। हालांकि थाना क्षेत्र में अभी तक कहीं भी चोरों के होने की पुष्टि नहीं हुई है।और नहीं अभी तक कोई घटना नहीं हुई है। पुलिस लगातार क्षेत्र में गस्त कर लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने एवं कानून अपने हाथ में नहीं लेने की अपील कर रही है।

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग दावा कर रहे हैं कि क्षेत्र में चोरों की गैंग सक्रिय है लगातार रात भर कहीं ना कहीं चोर होने का शोर मचा दिया जाता है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने नगर एवं क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दे।

कानून अपने हाथ में ना ले कई बार भीड़ चोरी के शक में पकड़कर किसी भी निर्दोष के साथ मारपीट कर देती है जिससे मोबलीचिंग जैसी घटना हो जाती है। कानून हाथ में लेने पर कार्रवाई की जाएगी पुलिस लगातार क्षेत्र में गस्त कर रही है।

## न्यायालय ने सुनाई सजा व लगाया अर्थदंड

**शामली।** वर्ष 2024 में अभियुक्त जय उर्फ बबलू पुत्र अरविन्द निवासी खानपुर कला थाना झिंझाना जनपद शामली के विरुद्ध थाना झिंझाना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय एसीजेएम कैराना शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि के कारावास की सजा व कुल 2000/- रू. के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। अर्थदण्ड अदा न करने पर 10 दिवस का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### एक नजर

## नाला चोक होने से पानी-पानी हुआ न्यायालय परिसर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नाला चोक होने के चलते बारिश के पानी से न्यायालय परिसर जलमग्न हो गया। इस दौरान कचहरी परिसर में स्थित अधिवक्ताओं के चौंबरों में भी पानी घुस गया। गुरुवार रातभर व शुक्रवार सुबह हुई बारिश से न्यायालय परिसर पानी-पानी हो गया। कचहरी परिसर में चारों ओर बारिश का पानी भरा हुआ दिखाई दिया। इस दौरान न्यायालय परिसर में स्थित अधिवक्ताओं के चौंबरों में भी बरसात का पानी घुस गया। सब-रजिस्ट्रार कार्यालय का पुराना भवन भी पूरी तरह जलमग्न हो गया। नाला चोक होने की वजह से न्यायालय परिसर में पानी भरने का कारण बताया जा रहा है। न्यायालय पहुंचने वाले अधिवक्ताओं व वादकारियों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ा, जिसके चलते उन्हें भारी परेशानी से रूबरू होना पड़ा। नाले की साफ-सफाई अच्छी न होने के कारण न्यायालय परिसर में जलभराव की समस्या पैदा हुई। हालांकि बाद में नाले के रास्ते बारिश का पानी धीरे-धीरे निकल गया, जिस पर न्यायालय पहुंचने वाले लोगो ने राहत महसूस की। वहीं, अधिवक्ताओं ने बारिश से हुए जलभराव पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है।

## सीडीओ ने ग्राम टिटौली में की चौपाल, ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कैराना विकास खंड की ग्राम पंचायत टिटौली में शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने पहुंचकर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया और विकास कार्यों का सत्यापन कराया। सीडीओ ने विकास पुस्तिका के माध्यम से अब तक ग्राम में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी ली और ग्रामीणों से उनके प्रमाणिकता की पुष्टि कराई। चौपाल में ग्रामीणों ने पेंशन, आवास, राशन कार्ड जैसी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं रखीं, जिनके शीघ्र निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शी ढंग से पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी कैराना, एडीओ पंचायत, ग्राम प्रधान समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में

**शामली।** थाना कोतवाली शामली क्षेत्रान्तर्गत एक बाल अपचारी का संरक्षित पशु के साथ असामाजिक कृत्य करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे असामा. जिक कृत्यों कार्यों में लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा घटना में लिप्त बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लेने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है, तथा बाल अपचारी को माननीय किशोर न्यायालय के समक्ष पेश कर बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है।

## बी.फार्मा चतुर्थ वर्ष का परीक्षाफल घोषित

**बिजनौर।** डा. एपीजे अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिर्वसिटी लखनऊ द्वारा बी.फार्मा चतुर्थ वर्ष के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बिजनौर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बी. फार्मा चतुर्थ वर्ष के छात्र मौ. आरिश ने 78.92 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम एवं साक्षी कुमारी ने 78.61 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबंध निदेशक अभिषेक सिंह, प्राचार्य एवं विभाग के समस्त शिक्षको ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## श्री राम इंस्टीट्यूट में ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**धामपुर।** श्री राम इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी पीपलसाना में नवीन सत्र के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के समस्त स्टाफ व छात्रों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत में फार्मेसी विभागाध्यक्ष चंचल कुमार सैनी ने प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यार्थियों को फार्मेसी विषय की संपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने फार्मेसी की शिक्षा, करियर विकल्प, उद्योग से संबंध और इस क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ. एन.पी. सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और अनुशासित ढंग से शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। कॉलेज की सेक्रेटरी डॉ. शिखा सिंह ने संस्थान के नियमों और मूल्यों से सभी को अवगत कराया तथा विद्यार्थियों से उच्च आदर्शों को अपनाने का आग्रह किया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. ममता सिंह ने छात्रों को स्वागत भाषण में भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में समस्त शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई और नए विद्यार्थियों का स्वागत किया।

# जीवन में ऊंचाई प्राप्त करने को सुलझे हुए भाव जरूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में मुनि 108 विव्रत सागर ने प्रवचन करते हुए बताया कि जैन कुल में जन्म लेना पूर्व के पुण्योदय का फल है। हालांकि, यह सिर्फ एक शुरुआत है। जीवन में ऊंचाई प्राप्त करने के लिए परिणामों की सरलता और सुलझे हुए भाव आवश्यक हैं। एक सीधी गन्ना आसमान को छू लेता है, जबकि उलझी हुई जलेबी संकुचित रहती है, भले ही दोनों मीठे हों।

उन्होने कहा कि जैन कुल सौभाग्य से प्राप्त होता है, लेकिन जैन धर्म का पोषण और अभ्यास करना पड़ता है। केवल जैन कुल में जन्म लेने से सुखद गति या मोक्ष की गारंटी नहीं होती। एक सेठ का उदाहरण दिया जाता है जो जैन कुल में जन्म लेकर भी मेंढक बन गए, क्योंकि उन्होंने



परिणामों को नहीं संभाला। मुनिराज बताते हैं कि सच्चे देव, शास्त्र और गुरु के प्रति विपरीत भाव या कपट रखने से नियति और निकाचित कर्म बंधते



हैं, जो अन्य पापों से भी अधिक गंभीर होते हैं और जिनका फल अनिवार्य रूप से भोगना पड़ता है। धर्म क्षेत्र को सम्मान और श्रद्धा का स्थान समझना चाहिए, न कि अपमान या झगड़े का। गुरुवर कहते हैं कि तीन प्रकार के व्यक्तियों के साथ कभी कपट नहीं करना चाहिए। पहला, जिसने आप पर विश्वास किया हो द्धजैसे बाबा भारती और खड़क सिंह डाकू की कहानीऋ, दूसरा, जिसने आपको पाला-पोसा हो या योग्य बनाया हो द्धजैसे माता-पिताऋ, और तीसरा, गुरु। इन तीनों के साथ छल-कपट या अभिमान रखने से स्वयं का ही अहित होता है। आज दीप प्रज्जवलन अरविंद जैन, पाद प्रक्षालन पारस जैन, राजेश जैन, राजीव जैन, मोहित जैन, एवं शास्त्र भेंट मनीष जैन, सविता जैन, रेशु जैन परिवार द्वारा किया गया। दोनों मुनियों की आहार चर्या सुभाष चंद्र जैन एवं सचिन जैन के निवास पर संपन्न हुई।

# पालतु पशुओं को विषैला पदार्थ दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** देर रात्रि पशु डेरी में बंधे पालतु पशुओं को अज्ञात लोगों ने चारे में मिलाकर विषैला पदार्थ खिला दिया। जिससे एक दुधारू पशु की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन पशुओं की हालत चिंता जनक बनी हुई है। पशु चिकित्सकों की टीम ने मौके पर पहुंचकर पशुओं को उपचार दिया है।



कस्बा बनत निवासी सभासद इकराम उर्फ मुन्नु की पशु डेरी मौहल्ला हकीकतनगर में स्थित है। बताया जाता है कि गत गुरूवार देर रात्रि बारिश के बाद सभासद व उसके परिजन डेरी को बंद न कर खुला छोडकर किसी कार्य से चले गए। आरोप है कि इसी दौरान अज्ञात लोगों ने डेरी में घुसकर वहां बंध रहे दुधारू पशुओं को चारे में विषैला पदार्थ खिला दिया। जिससे अचानक पशुओं की हालत बिगड गई। जब रात्रि में सभासद डेरी में पहुंचा तो पशुओं की हालत खराब देख उसके होश उड़ गए। सूचना पाकर पशु चिकित्साकों की टीम मौके पर पहुंची काफी काफी प्रयास के बाद पशुओं का उपचार शुरू किया गया, लेकिन इस दौरान एक दुधारू पशु भैंस की मौत हो गई। जबकि चार भैंस, दो गाय और एक कटिया का उपचार चल रहा है। पशु चिकित्सक डा। अरविन्द ने बताया कि पशुओं को विषैला पदार्थ खिलाया गया है। जिस कारण एक भैंस की मौत हुई है। फिलहाल बाकी पशुओं का ईलाज किया जा रहा है।

## गुलदार ने कुत्ते को बनाया शिकार

**अफजलगढ़।** जंगल छोड़कर शिकार की तलाश में आबादी क्षेत्र में घूम रहे हैं।

गुलदार बीती रात नगर के आबादी क्षेत्र में घूम रहे गुलदार ने एक कुत्ते को अपना शिकार बनाया। बीती रात्रि नगर के मौहल्ला किला निवासी सोनू कुमार बैटरी वाले के घर के सामने मुख्य सड़क पर गुलदार ने एक कुत्ते को अपना शिकार बनाकर मौत के घाट उतार दिया। घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कमरे में कैद हो गई। घटना रात्रि 12:00 बजे की है।



**शामली/कैराना।** हज यात्रियों की समस्याओं के निराकरण करते हुए। (खबर पेज 6 पर)

## ग्रामीणों की गाड़ी पर अज्ञात बदमाशों का हमला, शीशा तोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** शुक्रवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे कांधला थानाक्षेत्र के गांव डुन्डूखेड़ा निवासी मनोज की पत्नी ज्योति की तबीयत अचानक बिगड़ गई। युवक मनोज परिवार के लोगो के साथ में अपनी आल्टो कार से पत्नी को मुजफ्फरनगर में चिकित्सक को दिखाने के लिए घर से चल दिया। कार में मनोज के अलावा उसका बड़ा भाई अनुज, बेटा आयुष व उसकी माता भी सवार थी। कार को अनुज चला रहा था। मनोज के अनुसार, जैसे ही वह कैराना-तीतरवाड़ा मार्ग पर कस्बे से पहले स्थित नाशपाती के बाग के सामने पहुंचे, तभी सड़क किनारे खड़े लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से लैस करीब दर्जनभर अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रुकने का इशारा किया। ड्राइविंग कर रहे उसके भाई ने स्थिति को भांपने में देर नही की। उसने कार को नही रोका, जिस पर बदमाशों ने लाठी अथवा डंडे का प्रहार करके कार के अगले शीशे को क्षतिग्रस्त कर दिया। बदमाशों के हमले से वह घबरा गए। वह कार को लेकर कोतवाली में पहुंचे। जहां पर उन्होंने कोतवाली पर मौजूद पुलिसकर्मियों को मामले की मौखिक सूचना दी। इसके बाद वह मुजफ्फरनगर के लिए चले गए। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह का कहना है कि मामले में कोई तहरीर प्राप्त नही हुई है। शिकायती-पत्र मिलते ही मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।



# लूट की झूटी सूचना देने वाले आरोपी को भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गन प्वांइट पर लूट की सूचना देकर पुलिस को दौड़ाकर सनसनी फैलाने वाले आरोपी ने आखिरकार देर रात घटना को फर्जी बताने के बाद पुलिस को रुपये बरामद कराये। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

गांव थिथकी निवासी हुसैन अहमद ने गुरुवार को पुलिस को सूचना दी कि खुड्डा नगला से गोपाली के रास्तें में उससे काले रंग की बाइक सवार दो अज्ञात लोगों 75 हजार रुपये छीन लिए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस फोर्स मौके पर दौड़ पड़ी। घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी सहारनपुर ने भी घटना की जानकारी को सर्विलांस टीम और एसओजी की टीम को मौके पर रवाना कर तीन टीमें बना घटना के खुलासे को निर्देशित किया। इस दौरान पुलिस ने आसपास के सीसी कैमरों को खंगालने के साथ साथ आसपास के लोगों से घटना के संबंध में जानकारी की तो मामला संदिग्ध लगने लगा। पुलिस ने जब पीडित हुसैन की बाइक की तलाशी ली तो बाइक के टूल से दो लाख रुपये भी बरामद हो गए। घटना के संबंध में जब उससे कड़ाई से पूछताछ की तो उसने घटना का स्वंय ही खुलासा कर दिया। बताया कि उसे मामा के पुत्र को 75 हजार रुपये देने थे, उसे रुपये न देने पड़े इसलिए लूट की झूठी सूचना फैला दी। पुलिस ने आरोपी हुसैन के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए देवबंद न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि हुसैन से गहनता से पूछताछ की गई तो उसने बाइक से दो लाख रुपये बरामद किए। बताया कि रुपये हड़पने के लिए ही उसने झूठी लूट का मामला रचा था। बताया कि हुसैन के पास दो लाख रुपये कहां-कहां से आए जानकारी की जा रही है।



## हथियारबंद बदमाशों के देखे जाने से गांव में दहशत का माहौल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** हथियारबंद बदमाशों के गांव में देखे जाने से दहशत फैल गई है। आरा. ेप है कि ग्रामीण जाग गए, तो बदमाशों ने फायरिंग शुरु कर दी। जवाब में ग्रामीणों ने भी लाइसेंसी हथियारों से कई राउंड फायरिंग की। इसके चलते बदमाश भाग खड़े हुए। लेकिन बदमाशों की दस्तक से गांव में दहशत का माहौल है।

विभिन्न जनपदों से आ रही ड्रोन वाले चोरों की खबरों के बीच बीती रात सांपला खत्री गांव में हथियारबंद बदमाशों के देखे जाने से दहशत फैल गई। बताया गया कि बदमाशों की संख्या एक दर्जन से अधिक थी, जो इधर उधर फैले हुए थे। कुछ ग्रामीणों की उन पर नजर पड़ी तो उन्होंने शोर मचा दिया। देखते ही देखते भारी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों का दावा है बदमाशों ने खुद को घिरता देख फायरिंग की, जवाब में ग्रामीणों की ओर से भी कई राउंड फायरिंग की गई। जिसके चलते वह फरार हो गए। बाद में पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ करते हुए उनकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस का कहना है रात्रि में इस प्रकार की जानकारी मिली थी, पुलिस टीम को गांव में भेजा गया था। लेकिन ग्रामीणों के अलावा वहां कोई नहीं मिला। पुलिस रात में लगातार गश्त कर रही है।

# दिव्यांग बच्चो के साथ स्नेहपूर्ण व्यवहार करना चाहिए: तोमर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**देवबन्द।** खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमति नीलम तोमर ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के साथ शिक्षको व अभिभावको को स्नेहपूर्ण व्यवहार करना चाहिए। ताकि उन्हें दिव्यांगता का अहसास न हो पाये।

नीलम तोमर खंड संसधान केंद्र गुनारसा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की पांचवी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में चल रहे अखिल भारतीय शिक्षा समागम कार्यक्रम के तहत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की काउंसिलिंग के दौरान अपने विचार व्यक्त कर रहीं थी। उन्होने कहा कि दिव्यांग बच्चों को अन्य बच्चों की अपेक्षा अधिक सहानुभूति और प्रेम की जरूरत होती है। अभिभावकों को चाहिए कि वह अपने ऐसे बच्चों को कभी भी दिव्यांगता का अहसास न होने दें। ऐसे बच्चों से स्नेहपूर्ण व्यवहार करें और उनका सामाजिक मनोबल बढ़ाएं। उन्होने बताया कि प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के स्कूलों में सरकार ने दिव्यांग बच्चों के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई है। इस मौके पर योगेंद्र मलिक, शेषनाथ, अखिलेश राय आदि अभिभावक शामिल रहे।

# बोर्ड परिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रो को किया पुरुस्कृत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह वर्धन किया गया।

सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल प्रागण में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए उपजिलाधिकारी युवराज सिंह ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही हम अपने जीवन के उद्देश्य को प्राप्त कर सकते हैं। संरक्षक हरि सिंह सैनी व प्रधानाचार्य रुपेश कुमार सैनी ने कहा कि उज्जवल भविष्य के लिए शिक्षा ही एकमात्र माध्यम है। कार्यक्रम में एसडीएम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूल के छात्र-छात्रा अभिनव राणा, सौम्या गर्ग, कृष्णा, ईशान, शिवांश, रिंकू सैनी, कृष्णा तायल, प्राची शर्मा, श्रृष्टि अग्रवाल, आर्या त्यागी, तुलिका, सृष्टि सैनी, वैष्णवी त्यागी, दक्ष व स्नेहा अरोड़ा को पदक देकर सम्मानित किया। साथ ही स्कूल के शिक्षक मोहम्मद मुर्सलीन, देवेंद्र कुमार, सुबोध यादव, सपना गुप्ता, सुनिता तोमर व पूनम सैनी को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।



## युवक के साथ की आकारण मारपीट का आरोप

**देवबन्द।** रंजिश के चलते युवक को रास्ते में रोक कर गाली गलौच व मारपीट करने का आरोप लगाया।

मोहल्ला पठानपुरा निवासी रियाजुद्दीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बृहस्पतिवार को रात के समय बेटा अजहरुद्दीन गंगोह बाइपास स्थित दुकान से सामान लेने के लिए गया था। आरोप है कि भायला रेलवे फाटक के समीप रहने वाले दो युवक उससे रंजिश रखते हैं। इसी रंजिश के चलते उन्होंने उसे रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर उसके साथ बेल्ट से मारपीट की गई। जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# स्कूल मर्ज के निर्णय को वापिस लेना जनता की जीत: माविया

**एमए अंसारी**

**देवबन्द।** प्रदेश सरकार द्वारा स्कूलो को बंद व मर्ज किये जाने के आदेश के विरोध में अखिलेश यादव की पीडीए पाठशाला के आयोजन से घबराई सरकार ने अपने ही निर्णय को वापिस लेने पर सपाईयों ने जनता की जीत बताते हुए हर्ष जताया।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा मुख्या अखिलेश यादव के आदेशो के बाद प्रदेश सरकार द्वारा स्कूलो के बंद व मर्ज के आदेश के विरोध में गांव-गांव एवं नगर-नगर अखिलाश यादव की पीडीए पाठशाला के आयोजन से बैक फुट पर आई प्रदेश सरकार ने अपने निर्णय को वापस लिये जाने पर पूर्व विधायक माविया अली ने इसको जनती की जीत बताते हुए कहा कि जनता व युवाओं के हितों की रक्षा के लिए सपा मुख्या अखिलेश यादव के संघर्ष का ही परिणाम हैं कि प्रदेश की







भाजपा सरकार को अपना निर्णय वापिस लेना पड़ा उन्होने कहा कि सपा सरकार ही यवाओं को शिक्षा व रोजगार देने का काम कर सकती हैं। सपा नेता हैदर अली ने कहा कि प्रदेश की जनता व युवाओं का हित समा. जवादी पार्टी में हैं क्योंकि सपा सरकार में ही बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के साथ ही जनहित में जो विकास कार्य किये गए वह अन्य किसी सरकार में नहीं हुए। यही कारण हैं कि प्रदेशवासी सपा की ओर देख रहे हैं और आने वाला समय समाजवादी पार्टी का हैं। सपा नगर अध्यक्ष रमजानी कुरैशी, सपा नेता इस्राईल गौड ने सरकार द्वारा दिये गए अपने निर्णय को वापिस लेने पर सपा की गीत बताते हुए कहा कि बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए आने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को भारी मतो से जिताकर जनहितेषी सपा मुख्या अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करने का काम करें।

## नजरअंदाज न करें बीमारी के लक्षणों को: डा. कालरा

**स्योहारा।** वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एच.एस. कालरा ने बरसात के मौसम में बढ़ने वाली बीमारियों को लेकर नगरवासियों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान मच्छरों से फैलने वाली बीमारियां जैसे डेंगू मलेरिया, चिकनगुनिया, टाइफाइड, पीलिया और सर्दी-जुकाम आदि का खतरा तेजी से बढ़ जाता है। जिससे समय पर बचाव और जागरूकता ही सबसे बड़ा उपचार है। डॉ. एच एस कालरा ने बताए ये अहम बचाव उपाय पानी जमा न होने दें। घर के आसपास कूलर, गमलों या टायरों में पानी न जमने दें जिससे मच्छरों का प्रजनन रोका जा सके उबला हुआ या फिल्टर किया पानी पीए। बरसात में पानी से होने वाले संक्रमणों से बचने के लिए शुद्ध जल का सेवन जरूरी है। खुले में खाना न खाएं। बाहर का बासी और खुला खाना खाने से फूड पॉयजनिंग और दस्त जैसी बीमारियां हो सकती हैं। पूरी आस्तीन के कपड़े पहने, मच्छरों के काटने से बचाव के लिए शरीर को ढककर रखें, घरों और आसपास सफाई रखें, गंदगी और नमी से बीमारियों के कीटाणु पनपते हैं, नियमित सफाई करें, बुखार होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें, बुखार को हल्के में न लें, समय रहते जांच कराएं, डॉ. एच एस कालरा ने आगे कहा कि गरीब तबके के मरीजों को उनके नर्सिंग होम में विशेष छूट और प्राथमिकता के साथ उपचार दिया जाता है।

# गन्ना सट्टा प्रदर्शन कार्यों की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चाँदपुर ।** गन्ना विकास परिषद ने हाल ही में गन्ना किसानों के लिए नई कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक चांदपुर द्वारा ग्राम अजूपुरा और लिंडरपुर का दौरा कर गन्ना सट्टा प्रदर्शन कार्यों की समीक्षा की और किसानों से बातचीत की।

इस पहल का उद्देश्य किसानों को आधुनिक और टिकाऊ कृषि पद्धतियों से जोड़कर उनकी उपज और आय बढ़ाना है। पंचामृत योजना: एकीकृत कृषि का नया मॉडल गन्ना विभाग द्वारा संचालित पंचामृत योजना एक व्यापक दृष्टिकोण है जो किसानों को स्थायी और लाभदायक खेती के लिए प्रेरित करती है।

इस योजना के तहत, निम्नलिखित प्रमुख तकनीकों को एकीकृत किया गया है- पंचामृत खेती यह योजना का मुख्य आधार है। यह एक प्राकृतिक खेती का तरीका है जिसमें पाँच प्रमुख तत्वों- गौमूत्र, गोबर, गुड़, बेसन और मिट्टी का उपयोग किया जाता है। इसका मुख्य लक्ष्य मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाना और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता को कम करना है। यह विधि पर्यावरण के अनुकूल है और किसानों की लागत कम कर आय में वृद्धि करती है।

ट्रेंच विधि -ट्रेंच विधि में गन्ने को सामान्य विधि की बजाय गहरी खाइयों (ट्रेंच) में बोया जाता है। इस विधि से गन्ने की फसल को बेहतर पोषण और जल प्रबंधन मिलता है, जिससे फसल की जड़ें मजबूत होती हैं और पैदावार में वृद्धि होती है। यह विधि फसल को गिरने से भी बचाती है। सहफसली खेती यह एक ऐसी तकनीक है जिसमें गन्ने के साथ-साथ अन्य छोटी फसलें जैसे- प्याज, लहसुन, या दालें भी उगाई जाती हैं।

इससे किसान एक ही खेत से कई फसलों की पैदावार कर पाते हैं, जिससे उनकी आय के स्रोत बढ़ते हैं और मट्टी की उर्वरता भी बनी रहती है। ड्रिप इरिगेशन (टपक सिंचाई)- यह एक जल-बचत सिंचाई तकनीक है। इसमें पानी को सीधे पौधों की जड़ों में बूंद-बूंद करके पहुँचाया जाता है। यह पानी की बर्बादी को कम करता है और खरपतवारों के विकास को नियंत्रित करता है। गन्ने जैसी फसलों के लिए यह विधि अत्यधिक प्रभावी है और उपज को बढ़ाती है।

रटून मैनेजमेंट-यह एक ऐसी तकनीक है जिसमें गन्ने की कटाई के बाद उसकी दूसरी फसल (रटून) को सही तरीके से प्रबंधित किया जाता है। इसमें खेत की उचित देखभाल और पोषण प्रबंधन पर ध्यान दिया जाता है, जिससे अगली फसल की पैदावार अच्छी हो और लागत में भी कमी आए। ट्रेश मलचिंग- गन्ने कि पत्तियों को नालियों मे बिछाने से जहाँ खेत मे बायोमास रिजर्व होता है वही जमीन मे कार्बनिक पदार्थ की वृद्धि करता है। आधुनिक तकनीकों का उपयोग, ड्रोन और नई सुविधाएँ- चीनी मिल ने किसानों को आधुनिक तकनीक का लाभ उठाने के लिए ड्रोन छिड़काव की सुविधा भी प्रदान की है। इस सुविधा के तहत किसान कीटनाशकों जैसे अमिस्टआर टॉप, तालागोल्ड, नैनो यूरिया, और एनपीके पर छूट का लाभ उठा सकते हैं। छूट के बाद ड्रोन के किराए सहित किसानों से प्रति एकड़ केवल रुपए 700 का शुल्क लिया जा रहा है। किसानों ने इस सुविधा को फसल सुरक्षा के लिए बहुत उपयोगी बताया है।

इन सभी पहलों का उद्देश्य चाँदपुर और नूरपुर के गन्ना किसानों को आधुनिक और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके।

## पहरा लगाने वालों को पुलिस ने थाने बुलाकर हड़काया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** पुलिस की वेबजह डांट फटकार व दो घंटे तक थाने में बिठाए रखने से भयभीत मोहल्लेवासियो ने एसपी से मिलकर आपबीती बताई है। दरअसल रातों को पहरा देकर चौकसी करने वाले लोगों को पुलिस ने थाने बुलाकर डांट फटकार लगाते हुए दो घंटे तक थाने में बैठाये रखा। चालान करने की बात पर वह सहम गए। पहरा न देने व माफी मांगने पर बामुश्किल पुलिस से पीछा छुड़ाया। पूरे मामले की शिकायत एसपी से की गई है। मोहल्ला नौधा के पास जंगल स्थित है। मोहल्ले वासी पहरा लगा चौकसी करते है। बताया जाता है कि दो दिन पूर्व एक संदिग्ध मोहल्ले में दिखाई दिया था। रात के ढाई बजे संदिग्ध युवक पहरा लगा रहे लोगों को देखकर भाग गया।

# एनपीएस व यूपीएस के विरोध में रोष मार्च

## रोष मार्च में अनेक विभागीय संगठनों एवं किसान यूनियनों का रहा समर्थन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा/एनएमआ. ेपीएस के राष्ट्रीय आह्वान पर एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण के विरोध में रोष मार्च जिलाध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत, जिला महामंत्री सुभाष चंद्र यादव, महिला विंग जिलाध्यक्ष वसीमा बानो एवं जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत के नेतृत्व में निकाला गया। रोष मार्च इंदिरा बल भवन बिजनौर से जिलाधिकारी कार्यालय तक किया गया, जहां प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के संबोधन में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है जब तक पुरानी पेंशन बहाली नहीं होगी तब तक संघर्ष जारी रहेगा। एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण देश के करोड़ शिक्षकों एवं कर्मचारियों के खिलाफ षड्यंत्र है जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंडलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने कहा कि ये रोष मार्च पुरानी पेंशन बहाली के संघर्ष की आगाज है। उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सुधीर यादव राज्य सहित कर्मचारी परिषद के जिला संरक्षक देशराज सिंह एवं अध्यक्ष धीरज कुमार ने कहा कि अटेवा पुरानी पेंशन का आंदोलन कोई ईमानदारी से कर रहा है। संघर्ष की बदौलत एक दिन निश्चित पुरानी पेंशन बहाल होगी। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष मंडलीय मंत्री रूपेश कुमार एवं जिला अध्यक्ष अश्वनी कुमार ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारे बुढ़ापे की लाठी है, जिसके लिए अटेवा निरंतर संघर्षरत है। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि एवं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष दिग्विजय सिंह, सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष शूरवीर सिंह एवं विद्युत प्राविधिक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष लोक. ेंद्र चौधरी ने कहा कि सरकार जिस प्रकार सरकारी विभागों को निजीकरण कर रही है, वह अत्यंत के जनक है। राजकीय वाहन चालक संघ के जिला मंत्री नरेंद्र कुमार, पोलीटेक्निक स्टैटिक एसोसिएशन मनोज कुमार ने कहा आज का संघर्ष निश्चित पुरानी पेंशन बहाली के संघर्ष को धार देगा। इरिगेशन मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार एवं भंडार पाल कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष शिव कुमार दिवाकर ने कहा कि एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण हमारे साथ धोखा है जिसके लिए संगठित होकर संघर्ष जरूरी है। अटेवा जिला अध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत ने सभी का आभार व्यक्त किया। रोष मार्च को भारतीय किसान यूनियन टिकैत, भारतीय किसान यूनियन प्रधान, भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक, भारतीय किसान यूनियन तोमर, भारतीय किसान यूनियन एकता आदि किसान यूनियन का नैतिक समर्थन रहा।



इस अवसर पर अल्फिया जावेद, कौशल गौतम, रीवा सिंह, नीधि सिंह, रूचि काकरन, प्रियांश रानी, प्रेरणा, गीता रानी, हलीमा, मीनाक्षी, शिवाली यादव, सर्वेश, शीतल रानी, बबीता रानी, देशराज सिंह, क्रांति सिंह, जयप्रकाश पाल, पंकज कटारिया, संजीव कुमार, संदीप कुमार, डॉ. भूपेंद्र सिंह, गजेंद्र कुमार शर्मा, जावेद, आकाश दीप, तेजपाल सिंह, योगेंद्र कुमार, ओम प्रकाश सिंह, रामनाथ सिंह, खड़क सिंह, हेमराज सिंह, दुष्यंत कुमार, राजवीर सिंह, शादाब, रिहान, सिकंदर पाल सिंह, पुनीत गहलोत, मुजफ्फर इस्लाम, संजीव कुमार, अभिषेक कुमार, सुशील कुमार, सुधीर कुमार, विक्रांत, निपेन्द्र, अरशद, आफताब अली, सुभाष चंद्र, अमित कुमार, बिजेंद्र कुमार, शिवराज सिंह, अजयपाल, अनुज कुमार, युधिष्ठिर चौहान, सचिन कुमार, विनीत त्यागी, आवेश कुमार, विनय, जयकिशन आदि सैकड़ों शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय में छात्राएं कर रही साफ-सफाई

**बढ़ापुर।** प्राथमिक विद्यालय में छात्राओं से साफ-सफाई कराने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जोरों से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक छात्रा झाड़ू और दूसरी छात्रा वाईपर ले जाते हुए नजर आ रही है।

कस्बे के मुहल्ला नौमी के प्राथमिक विद्यालय में छात्राओं द्वारा झाड़ू लगाने व वाइपर ले जाने की एक वीडियो सोशल मीडिया पर जोरों से वायरल हो रही है। एक छात्रा प्राथमिक विद्यालय के आंगन में झाड़ू से साफ सफाई करते नजर आ रही है तो वहीं दूसरी छात्रा वाइपर ले जाते हुए नजर आ रही है। छात्राओं द्वारा कराई जा रही साफ-सफाई की यह घटना वहां से गुजर रहे किसी व्यक्ति ने मोबाइल कमरे में कैद कर ली और सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। वीडियो वायरल होने पर अभिभावकों में शिक्षिका के खिलाफ रोष है। वहीं इस संबंध में प्राथमिक विद्यालय की मुख्य अध्यापिका निधि अग्रवाल ने बताया कि विद्यालय के आंगन में बच्चे पौधे लगा रहे थे। एक बच्चे ने पानी कमरे में गिरा दिया था तभी वहां पर मौजूद एक छात्रा वाइपर उठाकर पानी को साफ करने लगी और एक छात्रा कमरे के बाहर सफाई करने लगी। विद्यालय में मजदूर रखकर साफ सफाई कराई जाती है। बच्चों से विद्यालय का कोई भी कार्य नहीं कराया जाता है।

## शराबी की नाले में गिरकर मौत

**स्योहारा।** गुरुवार की रात एक दर्दनाक हादसे में अत्यधिक शराब के नशे में धुत एक व्यक्ति की नाले में गिरकर मौत हो गई। मृतक की पहचान मुकेश शर्मा उर्फ जाजू (42 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय सुमेर चंद्र निवासी मोहल्ला चंचल पूरियांन, हिंदू चौधरीयान के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मुकेश शर्मा नशे की हालत में लड़खड़ाते हुए जा रहे थे तभी संतुलन बिगड़ने के कारण वे पास ही स्थित नाले में जा गिरे। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मौके पर पहुंचे और शव जेसीबी की मदद से नाले से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। प्राथमिक जांच में मौत का कारण अत्यधिक शराब सेवन बताया गया है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## आसपा नेताओं का स्वागत

**जलालाबाद।** कल्हेड़ी में आजाद समाज पार्टी के नेताओं का शानदार स्वागत हुआ। आजाद समाज पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं बिहार प्रदेश के चुनाव प्रभारी काशिफ रजा, मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी, सांसद प्रतिनिधि फहीम एडवोकेट, यूथ विंग के जिला प्रभारी शादमान शेख आदि के कल्हेड़ी में स्थित कैंप कार्यालय पहुंचने पर क्षेत्रीय कमेटी ने शानदार स्वागत किया। गौरतलब है कि प्रदेश में आजाद समाज पार्टी के बैनर तले मुस्लिम संवाद कार्यक्रम का सिलसिला जारी है, इसी कड़ी में कल्हेड़ी में उक्त कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

## टैंट व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

**नजीबाबाद।** टैंट व्यापार एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी नजीबाबाद को सौंपा। मोहम्मद अख्तर के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में जीएसटी में संशोधन, कैटरिंग सेवा का समय निर्धारण, टैंट के कारोबार को सूक्ष्म उद्योग का दर्जा देने, बैंकों द्वारा सरल लोन सुविधा उपलब्ध कराए जाने, टैंट कारोबारी का बीमा कराए जाने की मांग की।

**सूचना**

मैंने अपना नाम अनिल कुमार बत्रा से बदलकर अनिल कुमार कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

अनिल कुमार पुत्र वसंदा राम,
निवासी 1100 रेलवे रोड
लाजपत नगर देवबंद

**सूचना**

मेरी इंटरमीडिएट वर्ष 2018 अनुक्रमांक 4025491 मार्कशीट व सनद वास्तव में खो गई है।

हुसैन अहमद पुत्र जमीर अहमद
ग्राम फुलास अकबरपुर
देवबंद जिला सहारनपुर।

## इंस्पायर अवॉर्ड मानक योजना में गर्व व पाखी ने लहराया परचम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान के संयुक्त तत्वावधान में संचालित इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के अंतर्गत वीरा इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर में आयोजित जनपद स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में मधुर मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्योहारा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया।

# छड़ी जाहर दीवान मेले का शुभारंभ

**बिजनौर।** जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह एवं जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज महात्मा विदुर की तपोभूमि पर श्रावण मास में आयोजित छड़ी जाहर दीवान गंज मेला का संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं विधि विधान से पूजन अर्चना कर उद्घाटन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी द्वारा मेले को शांतिपूर्वक एवं सकुशल रूप से सम्पन्न होने की कामना की गई।

जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह ने मेले आयोजन की व्यवस्था एवं सुरक्षा पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि उत्साह व उमंग भरे इस मेले को जिले के लोग लम्बे समय से मनाते आ रहे हैं और जिले के असंख्य लोग यहां आकर अपनी आस्था को प्रकट करते है। उन्होंने जिले के प्रशासनिक, पुलिस अधिकारियों तथा मेले में व्यवस्था बनाने वाले अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुख सुविधाएं, सुरक्षा व मेले में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि मेले में पॉलीथीन का प्रयोग पूर्णत: प्रतिबन्धित कराएं तथा मेले में समस्त प्रमुख स्थान पर सीसीटीवी कैमरों का प्रयोग भी सुनिश्चित करें।

**सूचना**

मैंने अपना नाम SALAMA से बदल कर SALMA रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

SALMA W/O MD ISLAM
MOH-QILA DEOBAND
(SAHARANPUR)

**सम्बंध विच्छेद**

मेरा पुत्र नूर अहमद व पुत्रवधू फरहीन मेरे कहने सुनने में नहीं हैं इसलिए मैंने अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य व लेनदेन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

मौ. हामिद पुत्र कुर्बान शाह
निवासी मौहल्ला पठानपुरा (दगडा)
थाना देवबंद जिला सहारनपुर

# काउंटी चैंपियनशिप में साई-चहल का पंजा



● **डरहन ने पहली में 153 व दूसरी में 344 रन बनाए थे, जबकि सरी ने 322 और पांच विकेट पर 176 रन बनाकर मैच जीता**

**लंदन, वार्ता।** भारत के बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर और यजुवेंद्र चहल ने काउंटी चैंपियनशिप में अपनी-अपनी टीमों के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पांच-पांच विकेट झटके। साई किशोर के पंजे की बदौलत सरी ने डरहम को पांच विकेट से हराकर काउंटी चैंपियनशिप खिबात जीतने की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ा लिया है। इस मैच के दौरान सरी के लिए खेल रहे साई किशोर ने दूसरी पारी में 72 रन देकर पांच विकेट झटके, जबकि सैम करन ने भी 40 रन बनाकर लक्ष्य का पीछा करने में मदद की। डरहम ने पहली पारी में 153 और दूसरी में 344 रन बनाए थे, जबकि सरी ने 322 और पांच विकेट पर 176 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। साई किशोर ने पहली पारी में भी दो विकेट लिए थे। इस जीत से सरी को 21 अंक मिले, जिससे डिविजन-वन की अंक तालिका में शीर्ष पर है और उसकी पकड़ भी मजबूत हो गई है और वे लगातार चौथा खिताब जीतने की ओर बढ़ रहे हैं। वहीं डरहम को सिर्फ तीन अंक मिले, जिससे उनके रेलिगेशन की लचता का विषय बनी हुई है। डरहम की दूसरी पारी में ग्राहम क्लार्क (42) और कोडी यूसुफ (43) ने 71 रन की अहम साझेदारी की, जिससे उनकी बढ़त 136 तक पहुंच गई। लेकिन लंच के बाद साई किशोर और सैम करन की धारदार गेंदबाजी ने डरहम के आखिरी चार विकेट 33 रन देकर उनकी को समेट दिया। इसके बाद सरी को 176 रन का लक्ष्य मिला, जिसे उसने डॉम सिबली ने 35 रन, कप्तान रोरी बर्न्स (24) और रियान पटेल (28) ने भी उपयोगी सहयोग के बाद लक्ष्य की ओर तजी करन और डैन लॉरेंस (नाबाद 32) ने दिखाई। जब लक्ष्य मात्र नौ रन दूर था, तब करन लॉन्ग ऑन पर कैच हुए और अगले ही ओवर में बेन फोक्स भी बोल्ड हो गए, लेकिन जॉर्डन क्लार्क ने पहली ही गेंद को कवर के पार दो रन के लिए खेलकर सरी की जीत पक्की कर दी। यह साई किशोर का सरी के लिए इस सीजन का आखिरी मैच था और उन्होंने इसे अपने पंजे के साथ यादगार बना दिया। चहल की भी बेहतरीन गेंदबाजी की। वहीं नॉर्थैम्पटन शायर की ओर से खेल रहे भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने इस सीजन का पहला पंजा झटका, जिससे उनकी टीम को डर्बीशायर के खिलाफ पहली पारी में 173 रनों की बढ़त मिली। दूसरी पारी में भी वह अब तक दो विकेट झटक चुके हैं और उनकी टीम अंतिम दिन पारी की जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। ऑलराउंडर जस्टिन ब्रॉड और रॉब की शानदार शतकीय पारियों की बदौलत युज़्वेंद्र की टीम ने डर्बीशायर की पहली पारी के 377 रनों के जवाब में नौ विकेट पर 550 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। ब्रॉड ने 171 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 18 चौके और एक छक्का शामिल था। यह उनका इस महीने का दूसरा 150 से अधिक का स्कोर है। वहीं कीओघ ने नाबाद 125 रन बनाए। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 208 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की, जो डर्बीशायर के खिलाफ नॉर्थैम्पटनशायर की सातवें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले चहल ने पहली पारी में 118 रन देकर 6 विकेट लिए थे और डर्बीशायर की टीम 377 रनों पर ऑलआउट हो गई। इस पारी में मार्टिन एंडरसन ने 105 रन बनाए। डर्बीशायर की दूसरी पारी की शुरुआत भी बेहद खराब रही। केवल 52 रन पर ही उनके 4 विकेट गिर चुके हैं और वे अब भी 121 रन पीछे हैं।

# ऐटकिंसन-टंग ने भारत को 224 रन पर समेटा

● **गस ऐटकिंसन ने पांच विकेट और जॉश टंग ने तीन विकेट लेकर भारतीय टीम को सस्ते में आउट किया**

**लंदन, वार्ता।** गस ऐटकिंसन (पांच विकेट) और जॉश टंग (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड ने पांचवें टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को पहले सत्र में भारतीय टीम को पहली पारी में 224 रन के स्कोर पर समेट दिया। भारत की पारी 224 रनों पर सिमट गई है,

इस मैच में ना स्टोक्स थे और वोक्स भी चोटिल होने की वजह से आगे गेंदबाजी नहीं कर पाएंगे, फिर भी यह प्रदर्शन दिखाता है कि इंग्लैंड कितना तैयार है। अब जैसा पिच बर्ताव कर रही है उसको देखकर लग रहा है कि भारतीय गेंदबाज भी अगर पांच मीटर के करीब गें. दबाजी करेंगे तो उनको सफलता जरूर मिलेगी। अब देखना होगा कि भारतीय गेंदबाज कैसे जवाब देते हैं। भारत के कल के छह विकेट पर 204 रन से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में स्कोर में 14 रन का इजाफा हुआ था कि जॉश टंग ने करूण नायर 109 गेंदों में (57) को पगबाधा आउटकर भारत को सातवां झटका दिया। अगले ही ओवर में गस ऐटकिंसन ने वॉशिंगटन सुंदर (26) को अपना शिकार बना लिया। इसके बाद गस ऐटकिंसन ने मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा को बिना खाता खोले पवेलियन भेज कर भारतीय पारी का 224 के स्कोर पर अंत कर दिया। भारत ने अपने शेष चार विकेट आज मात्र 20 रन जोष्कर गंवा दिए। इंग्लैंड की ओर से गस ऐटकिंसन ने 33 रन पर पांच और जॉश टंग ने 57 रन पर तीन विकेट लिए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### यूएई, पाक और अफगानिस्तान के बीच टी-20 त्रिकोणीय सीरीज 29 अगस्त से

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान इस महीने के अंत में 29 अगस्त से शारजाह में शुरू होने वाली टी20 अंतर्राष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला में अफगानिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात से भिड़ेगा। यह टूर्नामेंट सितंबर में एशिया कप से पहले होगा, क्योंकि उपमहाद्वीप की टीमें अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी कर रही हैं। शुरुआती मुकाबले में पाकिस्तान का सामना पिछले साल के टी20 विश्व कप सेमीफाइनलिस्ट अफगानिस्तान से होगा। तीनों टीमें दो-दो बार आमने-सामने होंगी, और शीर्ष दो टीमें 7 सितंबर को होने वाले फाइनल में पहुंचेंगी।

### एक रोमांचक नया अध्याय: 'शेर' के तहत हमारी खेल पहचानों का एकीकरण

**मोहाली, वार्ता।** हम अपनी खेल यात्रा में एक निर्णायक मील का पत्थर साझा करते हुए बेहद उत्साहित हैं क्योंकि पंजाब एफसी, हमारी हॉकी, टेनिस और गोल्फ अकादमियों के साथ, एक शक्तिशाली प्रतीक, 'शेर' के तहत एकजुट हुए हैं।

पंजाब की महान योद्धा भावना और शक्ति एवं वीरता के चिरस्थायी मूल्यों से प्रेरित, शेर प्रतिभाओं को निखारने और भविष्य के लिए तैयार एथलीटों को आकार देने के हमारे जुनून का प्रतिनिधित्व करता है। यह एकीकृत पहचान एथलीटों को प्रेरित करने, समुदायों को जोड़ने और पंजाब और भारत को खेल उत्कृष्टता की ओर ले जाने की हमारी प्रतिबद्धता को पुष्ट करती है।

# पाक ने विंडीज को 14 रनों से हराया

● **सैम अयूब ने 58 रन बनाकर दो विकेट भी चटकाए**

**लॉडरहिल, वार्ता।** सैम अयूब (58 रन और दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने पहले टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 14 रनों से हरा दिया है।

इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है। 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के लिए जॉनसन चार्ल्स और जेवेल एंड्रयू की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले पहले विकेट के लिए 72 रन जोड़े। 12वें ओवर में मोहम्मद नवाज ने जेवेल एंड्रयू 33 गेदों में (35) को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। इसी ओवर की चौथी गेंद पर नवाज ने जॉनसन चार्ल्स (35) को और



अगली ही गेंद पर गुडाकेश मोती (शून्य) भी अपना शिकार बनाकर वेस्टइंडीज को तिहरा झटका दिया। अगले ओवर में सैम अयूब ने कप्तान शाई होप (दो) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। शरफेन रदरफोर्ड (11) भी सैम अयूब का शिकार बने। रोमारियो शेफर्ड 12 रन बनाकर आउट हुये। एक समय वेस्टइंडीज ने 16-1 ओवर में 110 रन पर अपने सात विकेट गंवा दिए थे। ऐसे संकट के समय जेसन होल्डर और शमार जोसेफ की जोड़ी ने पारी को संभाला और आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन भी किया लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। वेस्टइंडीज की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 164 रन ही बना सकी और 14 रन से मुकाबला हार गई। जेस होल्डर ने 12 गेंदों में चार छक्कों की मदद से नाबाद 30 रनों की पारी खेली। वहीं शमार जोसेफ ने 12 गेंदों में दो छक्के और एक चौका लगाते हुए नाबाद 21 रन बनाये। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद नवाज ने तीन और सैम अयूब ने दो विकेट लिए। शाहीन शाह अफरीदी और सुफियान मकीम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले वेस्टइंडीज ने गुरुवार रात खेले गये मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान ने सैम अयूब (58), हसन नवाज (24), फहीम अशरफ (15), साहिब. जादा फरहान (14) और कप्तान आगा सलमान (नाबाद 11) रनों की पारियों के सहयोग से निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 178 रनों का स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की ओर से शमार जोसेफ ने तीन विकेट लिए।

# वोक्स ओवल टेस्ट से बाहर



● **वोक्स को भारत की पहली पारी के 57वें ओवर में क्षेत्ररक्षण करते समय लगी थी कंधे में चोट**

**लंदन, वार्ता।** क्रिस वोक्स ओवल में पहले दिन लगाए गए डाइव के दौरान अजीब तरह से जमीन पर गिरने के बाद अपने बाएं कंधे में चोट लगा बैठे जिसके बाद वह बाकी मैच से बाहर हो गए हैं।

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को दूसरे दिन के खेल से पहले एक बयान में कहा कि इस समय, इस चोट के कारण वह आगे टेस्ट मैच में भाग नहीं ले पाएंगे। वोक्स को भारत की पहली पारी के 57वें ओवर में क्षेत्ररक्षण करते समय चोट लगी थी। उन्होंने मिड-ऑफ से गेंद का पीछा किया और डाइव लगाकर गेंद को वापस रस्सियों के अंदर खींच लिया। लेकिन वह अजीब तरह से जमीन पर गिरे और तुरंत ही अपना बायां कंधा पकड़े हुए दिखाई दिए। इंग्लैंड, जो पहले से ही इस मैच में बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर की सेवाओं से वंचित है, के पास अब केवल तीन तेज गेंदबाज़ी विकल्प होंगे-जोश टंग, गस एटकिंसन और जेमी ओवरटन। लेकिन उन्होंने भारत को पहली पारी में 224 रन पर समेट दिया। वोक्स, जिन्होंने सभी पांचों टेस्ट मैचों में हिस्सा लिया है, पूरी सीरीज में इंग्लैंड के लिए एक बेहतरीन गें. दबाज़ रहे हैं। उन्होंने 181 ओवर फेंके - दोनों टीमों में किसी और से ज्यादा और 11 विकेट लिए।

# भारत के युवा मुक्केबाज अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना अभियान शुरू करेंगे

● **पहले दिन चार युवा एथलीट देश का प्रतिनिधित्व करेंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की जूनियर मुक्केबाजी टीम आज बैंकॉक में अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में अपने अभियान की शुरुआत करेगी, जिसके पहले दिन चार युवा एथलीट देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा, ये उभरते सितारे एशिया के कुछ सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने साहस और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। सुबह 9:30 बजे भारतीय समय पर निर्धारित सत्र में सुमन कुमारी का मुकाबला महिला लाइट फ्लाईवेट (48 किग्रा) वर्ग में चीनी ताइपे की मेंग-सिन चेंग से हुआ, जिसमें भारतीय मुक्केबाज विजयी रहीं। इसके अलावा, आकाश बधवार पुरुष फ्लाईवेट (50 किग्रा) वर्ग में लरग में उतरेंगे, जहां उनका सामना उज्बेकिस्तान के ओडिलशोह खलीमोव जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी से होगा। शाम के सत्र में भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे मुकाबला जारी रहेगा, जहां सारथी सैनी लाइट मिडिलवेट (70 किग्रा) वर्ग में चीन के हाओशेंग झांग से भिड़ेंगे। बाद में, लोकेश लाइट हैवीवेट (80 किग्रा) वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, जहां उनका मुकाबला उज्बेकिस्तान के नोरबेक अब्दुल्लाएव से होगा। ये मुक. ाबले चैंपियनशिप में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण शुरुआत हैं, जहां प्रत्येक एथलीट भविष्य के गौरव का वादा लेकर आया है।

## इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग ने सीजन 2 के कैलेंडर की तारीखों की पुष्टि की

**मुंबई, वार्ता।** इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग (आईएसआरएल) ने फेडरेशन ऑफ मोटर स्पोर्ट्स क्लब्स ऑफ इंडिया (एफएमएससीआई) के सहयोग से, सीजन 2 के रेसिंग कैलेंडर की आधिकारिक पुष्टि कर दी है, जिससे भारत के सबसे रोमांचक स्टेडियम-आधारित मोटरस्पोर्ट शो की वापसी हो रही है।

तीन राउंड में 30,000 से ज्यादा लाइव दर्शकों और 11-50 मिलियन से ज्यादा प्रसारण और डिजिटल दर्शकों के साथ रिकॉर्ड तोड़ पहले सीजन के बाद, आईएसआरएल देश भर के मोटरस्पोर्ट प्रेमियों के लिए एक बड़ा,ज्यादा साहसिक और ज्यादा इमर्सिव अनुभव प्रदान करने के लिए वापस आ गया है।

# कैप्टन्स कप 2025 में देश के बेहतरीन फाइटर्स करेंगे आमना-सामना

**कोलकाता, वार्ता।** जंग का मैदान तैयार है और देश के कोने-कोने से आए योद्धा भारत के सबसे रोमांचक मार्शल आर्ट्स टूर्नामेंट-चौथे ट्रान्ज़िएंट कैप्टन्स कप 2025-के लिए कमर कस चुके हैं, जो 15 से 17 अगस्त तक सिल्वर पॉइंट स्कूल, कोलकाता में आयोजित होने जा रहा है। नेशनल कॉम्बैट स्पोर्ट्स फेडरेशन (एनसीएसएफ) द्वारा माइक्स मार्शल आर्ट्स के सहयोग से आयोजित इस संस्करण में इस बार पहले से कहीं अधिक ऊर्जा, प्रतिभा और दृढ़ निश्चय देखने को मिलेगा। मुंबई से असम, दार्जि. लिंग से बैरकपुर तक, देशभर की 12 दमदार टीमें कोलकाता में एकत्र होंगी और किकबॉलक्सग, क्योकुशिन कराटे और ब्राजीलियन जिउ-जित्सु जैसी विविध कॉम्बैट शैलियों में मुकाबला करेंगी। भाग लेने वाले प्रमुख एकेडमी में शामिल हैं - कॉम्बैटन्ट स्पोर्ट्स अकादमी (मुंबई), अन्बुज कॉम्बैट(दार्जिलिंग), राइनो (असम), ग्लैडिएटर अकादमी (बैरकपुर)। वहीं, कोलकाता की ओर से माइक्स मार्शल आर्ट्स, अल्फा फिटनेस एंड सेल्फ डिफेंस, बैटलबोर्न वॉरियर स्पोर्ट्स, द कॉम्बैट जिम, क्रैटोज कॉम्बैट, फिटक्लब कॉम्बैट और ओयामा डोजो जैसे प्रतिष्ठित क्लब अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं।

# भारतीय टीमों ने लंदन 2026 विश्व टेटे चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया

● **चार क्षेत्रीय चैंपियनों ने डब्ल्यूटीटीसी के लिए सीधे क्वालीफाई किया जो अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर के सबसे बड़े आयोजनों में से एक है**

**कोलकाता, वार्ता।** भारत की पुरुष और महिला टेबल टेनिस टीमों ने काठमांडू के राष्ट्रीय टेबल टेनिस केंद्र में आयोजित 2025 दक्षिण एशिया क्षेत्रीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के बाद, लंदन में 2026 विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीटीसी) के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। प्रत्येक लिंग के लिए केवल 16 प्रतिष्ठित एशियाई कोटा स्थान उपलब्ध होने के कारण, दांव बहुत ऊंचा था। मध्य एशिया, दक्षिण एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया और पश्चिम एशिया के चार क्षेत्रीय चैंपियनों ने डब्ल्यूटीटीसी के लिए सीधे क्वालीफाई किया, जो अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर के सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में से एक है। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) ने आज कहा कि भारतीय टीमों ने अपनी गहराई और दबदबे का प्रदर्शन करते हुए, अपनी जगह पक्की करने में कोई गलती नहीं की। दोनों भारतीय टीमें पांच देशों के राउंड-रॉबिन प्रारूप में अपराजित रहीं, जिससे दक्षिण एशियाई क्षेत्र में उनकी श्रेष्ठता और पुष्ट हुई। पुरुष टीम - जिसमें आकाश पाल, रोनित भांजा, अनिर्बान घोष, पी-बी- अभिनंद और दिव्यांश श्रीवास्तव शामिल थे - ने बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल और मालदीव को समान 3-0 से हराकर शानदार फॉर्म और रण नीतिक का परिचय दिया। इसी तरह, कृत्तिका, सेलेनादीप्ति, तनीषा, सयाली व सिंड्रेला के नेतृत्व वाली महिला टीम ने भी उतना ही प्रभावशाली प्रदर्शन किया।



# जसप्रीत बुमराह पांचवें टेस्ट के लिए टीम से रिलीज

**लंदन, वार्ता।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम से रिलीज कर दिया गया है। श्रृंखला का पांचवां और अंतिम टेस्ट लंदन के केनिंग्टन ओवल में चल रहा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी । बुम. राह को उनके कार्य प्रबंधन को देखते हुए सीरीज के तीन टेस्टों में ही खेलाया गया। वह पहले, तीसरे और चौथे टेस्ट में ही खेले । पांचवें टेस्ट के लिए भारत की अपडेटेड टीम: शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेट कीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, कुलदीप यादव, अंशुल कंबोज, अर्शदीप सिंह, एन जगदीशन (विकेट कीपर)।

# एआईएफएफ ने बनाया खालिद जमील को भारतीय टीम का मुख्य कोच



● **एआईएफएफ के पुरुष कोच ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित खालिद जमील को बहुमत के आधार पर चुना**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति (ईसी) ने खालिद जमील को सीनियर पुरुष भारतीय राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है।

महासंघ की तकनीकी समिति (टीसी) की सिफारिश पर आज बुलाई गई वर्चुअल बैठक में विस्तृत चर्चा के बाद खालिद जमील को सीनियर पुरुष भारतीय राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच बनाये जाने का फैसला लिया गया। बैठक में एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे, उपाध्यक्ष एनए हारिस, कोषाध्यक्ष किपा अजय, कार्यकारी और तकनीकी समितियों के सदस्यों, दोनों द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच बिमल घोष और अरमांडो कोलासो और ध्यानचंद पुरस्कार विजेता शब्बीर अली की उपस्थिति में, एआईएफएफ के तकनीकी निदेशक सैयद साबिर पाशा और राष्ट्रीय टीम के निदेशक सुब्रत पॉल ने राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के चयन के लिए खालिद जमील, स्टीफन कॉन्स्टेंटाइन और स्टीफन टारकोविच के नामों का प्रस्ताव रखा। इस दौरान हुई चर्चा में सदस्यों ने तीनों नामों पर विचार करने के बाद लगातार दो बार (2023-24 और 2024-25) में एआईएफएफ के पुरुष कोच ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित खालिद जमील को बहुमत के आधार पर कोच बनाया गया। भारत को इस महीने के आखिर में सीएएफए नेशंस कप 2025 में भाग लेना है, जिसके बाद अक्टूबर में सिंगापुर के खिलाफ लगातार दो एएफसी एशियन कप फाइनल राउंड क्वालीफायर मैच खेलने हैं।

# लैंकशायर क्लब ने पाक फैन से माफी मांगी

**मैनचेस्टर, वार्ता।** लैंकशायर काउंटी क्लब ने मैनचेस्टर टेस्ट के अंतिम दिन एक फैन को पाकिस्तान टीम की जर्सी पहनने के कारण बाहर निकाले जाने की घटना के लिए माफी मांगी है।

फारूक नजर नामक इस फैन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें स्टेडियम का एक सुरक्षा कर्मी उन्हें पाकिस्तान की पारंपरिक वनडे जर्सी को हटाने को कह रहा था। जब नजर ने इससे इनकार किया, तो उन्हें पुलिस की मदद से स्टेडियम से बाहर कर दिया गया।

लैंकशायर की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सुरक्षा टीम और पुलिस अधिका. रियों द्वारा स्टेडियम छोड़ने को कहे जाने पर उस फैन ने स्टाफ के प्रति अनुचित व्यवहार किया। क्लब ने घटना के लिए खेद प्रकट किया और कहा कि वे भविष्य में ऐसी परिस्थितियों से निपटने की प्रक्रिया की समीक्षा करेगा। हालांकि, क्लब ने यह भी स्पष्ट किया कि इस निर्णय के पीछे एक दिन पहले की एक घटना थी, जब भारतीय और पाकिस्तानी फैंस के बीच झड़प की स्थिति बन गई। उस शनिवार को कुछ दर्शकों ने पाकिस्तान का राष्ट्रीय झंडा लहराया था, जिससे पास के भारतीय समर्थकों में असंतोष फैल गया।

# सीएम योगी आदित्यनाथ 4 को आएंगे सहारनपुर

## जिलाधिकारी मनीष बंसल व नगर आयुक्त शिपू गिरी ने म्हाडी स्थल व जनमंच का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अगले दो-तीन दिन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित सहारनपुर दौरे को लेकर नगर निगम व प्रशासन तैयारियों को युद्ध स्तर पर अंतिम रुप दे रहा है। आज जिलाधिकारी व नगरायुक्त ने अधिकारियों के साथ गंगोह रोड स्थित गोगा महाड़ी व जनमंच का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिलाधिकारी मनीष बंसल, नगरायुक्त शिपू गिरी, सीडीओ सुमित राजेश महाजन व अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह व निगम अधिकारियों के साथ आज सुबह गंगोह रोड स्थित गोगा महाड़ी पहुंचे और मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के भ्रमण को लेकर तैयारियों का जायजा लिया। नगरायुक्त ने निगम अधिकारियों को महाड़ी के मुख्य द्वार के सामने का



कार्य आज रात तक पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने लाईट व पेयजल तथा हॉर्टिकल्चर सम्बंधी सभी कार्य व्यवस्थित ढंग से जल्दी पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने वाटर कूलर ऐसे स्थान पर रखने के निर्देश दिए जहां वह उपयोगी हो लेकिन लोगों के आगमन में बाधा न बनें। मुख्यमंत्री के महाड़ी भ्रमण कार्यक्रम को कैसे और कितना विस्तार दिया जाए, इस पर भी अधिकारियों ने विचार विमर्श किया।

जिलाधिकारी व नगरायुक्त ने गांधी पार्क स्थित जनमंच का भी निरीक्षण किया और वहां आवश्यक रुप से साफ सफाई, आसपास नाली नालों की मरम्मत, तथा रंगाई-पुताई आदि के सम्बंध में निगम अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के भ्रमण मार्गो पर भी घास-फूंस की कंटाई-छंटाई, सर्किट हाउस रोड सहित सभी मार्गो पर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

इस दौरान निगम के मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, अधिशासी अभियंता आलोक श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता/पथ प्रकाश प्रभारी वी बी सिंह, सहायक अभियंता विपुल कुमार, जेडएसओ राजीव चौधरी आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखण्ड में हुए पंचायती चुनाव में कांग्रेस का लहराया परचम: मुजतबा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तराखण्ड प्रभारी मुजतबा एडवोकेट ने कहा कि पंचायत चुनाव के नतीजे साफ साफ कांग्रेस के पक्ष में है।

मुजतबा एडवोकेट ने कहा कि उत्तराखण्ड की जनता ने कॉग्रेस के पक्ष में विजय हासिल कर साफ संकेत दे दिये की आने वाला कल कांग्रेस का है भाजपा के पास विकास के नाम पर कुछ नहीं है जनता ने कांग्रेस को अपना विकल्प चुना है जबकि भाजपा को नकारा है और भाजपा को फटकार लगायी है ओबीसी प्रभारी ने कहा कि भाजपा ने अगर सत्ता का दुरपयोग ना किया तो प्रदेश में ज्यादातर जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख कांग्रेस के बनने तय है। जनता के जनादेश से ये साफ है उन्होंने कहा कि 2027 में कांग्रेस भारी बहुमत से सत्ता में आयेगी और ठप पड़े विकास को फिर आगे बढ़ायेगी रोजगार के अवसर लायेगी।

## धर्मकांटे में चोरी

**नानौता।** रात्रि में अज्ञात चोरों ने धर्म कांटे पर बैटरा इनवर्टर सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर आदि सामान चोरी कर लिया गया।

नानौता क्षेत्र के दिल्ली हाईवे स्थित चौरा मोड़ पर बीती रात्रि धर्म कांटे के मुख्य द्वार का ताला तोड़ कर अज्ञात चोरों द्वारा सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर, इनवर्टर, बैटरा, वाई-फाई आदि सामान चोरी कर लिया तथा एलईडी को फोड़ दिया सुबह सवेरे जब अखबार डालने आए हॉकर ने धर्म कांटे का दरवाजा खुला देखा और सामान बिखरा हुआ देखा तो उसने धर्म कांटे के स्वामी दिपांकर पुत्र राजेन्द्र को पूरी घटना बताई कुछ देर बाद दिपांकर मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाई। चौकी प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि उक्त मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# सांसद इमरान के सवाल पर चौंकाने वाला खुलासा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सांसद इमरान मसूद द्वारा संसद में राष्ट्रीय पारिवारिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण एनएफएचएस और मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संकेतकों में देरी को लेकर पूछे गए प्रश्न के जवाब में केंद्र सरकार ने स्वीकार किया कि देश का अंतिम नेशनल फैमिली हैल्थ सर्वेक्षण वर्ष 2019-21 के दौरान किया गया था और उसकी रिपोर्ट 2022 में जारी की गई थी। इसके बाद अब तक कोई नया डेटा सार्वजनिक नहीं हुआ है।



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने लोकसभा में जवाब देते हुए बताया कि नेशनल फैमिली हैल्थ सर्वेक्षण-5 के बाद नेशनल फैमिली हैल्थ सर्वेक्षण-6 सर्वेक्षण की शुरुआत कर दी गई है, लेकिन उसके डेटा का प्रकाशन अभी लंबित है। उन्होंने बताया कि मातृ मृत्यु दर का आकलन सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम के माध्यम से किया जाता है, जो देश के 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लगभग 84 लाख लोगों की जनसंख्या को कवर करता है। इसका नवीनतम उपलब्ध आंकड़ा वर्ष 2020-22 के लिए है। सांसद मसूद ने सरकार से पूछा था कि स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एनएफएचएस और मातृ मृत्यु दर जैसे डेटा की समय पर उपलब्धता क्यों नहीं सुनिश्चित की जा रही, जबकि ये आंकड़े जननी सुरक्षा योजना, पोषण अभियान, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना, और एनीमिया मुक्त भारत जैसी योजनाओं की सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

सरकार ने जवाब में कहा कि एनएफएचएस डेटा लगभग हर तीन वर्षों में इकट्ठा किया जाता है और उसके प्रकाशन हेतु फैक्टशीट, यूनिट लेवल डेटा और रिपोर्ट्स सार्वजनिक की जाती हैं परंतु आंकड़ों में हो रही देरी को लेकर सरकार ने कोई ठोस समयसीमा नहीं बताई। संसदीय कार्य प्रभारी विपिन जैन के अनुसार सांसद इमरान मसूद ने स्वास्थ्य सम्बन्धी इस लेटलतीफी पर सरकार को घेरते हुये कहा कि यदि 140 करोड़ की आबादी वाले देश में केवल 84 लाख के सैंपल के आधार पर नीति बनाई जाए और वह डेटा भी समय पर न आए, तो योजनाओं की निगरानी व सुधार दोनों ही प्रभावित होते हैं। यह जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक गंभीर सूचना संकट की ओर इशारा करता है।

# रोटरी क्लब का इंस्टॉलेशन समारोह संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रोटरी क्लब सहारनपुर हार्मोनी का इंस्टॉलेशन समारोह एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजिट अत्यंत गरिमामय रूप से सम्पन्न हुआ।

अम्बाला रोड स्थित एक होटल में क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रो. सुनील छाबड़ा ने अपनी कार्यकारिणी के साथ पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो. रवि प्रकाश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने क्लब की ऑफिशियल विजिट भी की। निवर्तमान अध्यक्ष रो. अनिल भारद्वाज ने वर्ष 2024-25 की उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि क्लब को डिस्ट्रिक्ट 3080 में उत्कृष्ट कार्यों के लिए 16 प्रमुख पुरस्कार प्राप्त हुए। जिनमें बेस्ट प्रोजेक्ट, हाइएस्ट मेंबरशि. ाप ग्रोथ और एक्सीलेंट क्लब जैसी



श्रेणियाँ शामिल हैं। इसके साथ ही क्लब प्रेसिडेंट अनिल भारद्वाज को दो बार बैस्ट प्रेसिडेंट का अवार्ड भी मिला और क्लब को पूरे वर्ष में प्रत्येक माह उत्कृष्ट कार्यों के लिए ट्रॉफियाँ व सर्टिफिकेट भी मिलते रहे। उन्होंने चार्टर प्रेसिडेंट रो. संदीप गर्ग और क्लब ट्रेनर रो. राकेश सपरा के योगदान का विशेष रूप से उल्लेख किया। निवर्तमान सचिव रो. राकेश मेहता ने ऑडियो-विजुअल प्रेजेंटेशन के माध्यम से वर्ष भर की गतिविधियाँ प्रस्तुत कीं। इसके पश्चात डीजी रो. रवि प्रकाश व असिस्टेंट गवर्नर रो. नरेंद्र तायल ने नए अध्यक्ष रो. सुनील छाबड़ा एवं सचिव रो. जितेश नागपाल को शपथ दिलाई।

अपने प्रथम संबोधन में अध्यक्ष रो. सुनील छाबड़ा ने क्लब को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने और रोटरी के सभी एवेन्यूज में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। वहीं सचिव रो. जितेश नागपाल ने जुलाई माह में किए गए छह परियोजनाओं की जानकारी साझा की।

इस अवसर पर अनिल-पूनम भारद्वाज, संदीप-आशु गर्ग, राकेश-नीना सपरा, राकेश-ज्योति मेहता, सुनील-राधिका छाबड़ा, जितेश-प्रिया नागपाल, संजय-मंजुल श्रीवास्तव, विनीत-मानसी चौहान, सुभाष-शारदा सपरा, पंकज-आभा बंसल, आलोक-मीनू मित्तल, विभोर-शील ऐरन, मोहन-आभा बंसल आदि मौजूद रहे।

# सही मानी पार्षद टिंकू की शिकायत

## सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन का जताया आभार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन ने समाजवादी पार्टी महानगर प्रभारी एवं पार्षद टिंकू अरोडा की शिकायत को सही माना है। जिसके बाद टिंकू अरोडा ने एसोसिएशन का आभार जताते हुए कहा कि नितिन ग्रोवर के खिलाफ शिकायत बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा स्वीकार कर ली गयी है।

पार्षद टिंकू अरोडा द्वारा अधिवक्ता नितिन ग्रोवर के खिलाफ सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन में पंजीकरण को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। जिसका संज्ञान लेते हुए नितिन ग्रोवर को नोटिस जारी किया गया, लेकिन नितिन द्वारा कोई जवाब दाखिल नही किया गया। टिंकू अरोडा ने बताया कि उनकी शिकायत सही पायी गयी क्योंकि नितिन ग्रोवर के पास बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा जारी सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस नम्बर नही है और बिना इस नम्बर के किसी भी न्यायालय में वकालतनामा दाखिल करना विधि व्यवसाय करना विधि विरूद्ध है। एसोसिएशन द्वारा अभिषेक टिंकू अरोडा को पुलिस में मुकदमा करने



और बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में कानूनी कार्यवाही के लिए स्वतंत्रता दी गयी। टिंकू अरोडा ने बताया कि बार कांउसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में नितिन ग्रोवर के खिलाफ की गयी शिकायत को स्वीकार कर लिया गया है।

# कोर्ट के निर्णय से इंसाफ पसंद लोगों में चिंता: हाजी फजलुर्रहमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मालेगांव बम ब्लास्ट में साध्वी प्रज्ञा व कर्नल पुरो. हित को एनआईए की विशेष अदालत द्वारा बरी किए जाने के निर्णय पर पूर्व सांसद व समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी फजलुर्रहमान ने कहा कि कोर्ट के निर्णय से देश के इन्साफ पसंद लोगों में चिंता है।

■ पूर्व सांसद ने कहा-इंसाफ का एक ही रहे पैमाना



उन्होने कहा कि महाराष्ट्र सरकार अभी हाल ही में मुंबई ट्रेन ब्लास्ट केस में बरी हुए सभी आरोपियों के खिलाफ तत्काल ही सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई और फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। उन्होने महाराष्ट्र सरकार से मांग की है कि साध्वी प्रज्ञा व कर्नल पुरोहित के एनआईए कोर्ट के फैसले को सरकार हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे। ताकि इन्साफ का पैमाना एक ही रहे।

# सदस्य बना संगठन करें मजबूत: शाहजमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रालोद जिलाध्यक्ष शाहजमा खान एडवोकेट ने कहा कि संगठन को जनपद में मजबूती देने के लिये पदाधिकारी नये सदस्यों को जोडने का काम करें।

शाहजमा खान आज दिल्ली रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशन में संगठन को मजबूती देने के लिये सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसलिये सभी पदाधिकारी अधिक से अधिक सदस्य बनाये। महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष प्रियंका सिंह ने कहा कि रालोद की नीतियों से प्रभावित होकर भारी तादाद में महिलायें पार्टी से जुडी है। आगे भी संगठन को मजबूत किये





जाने के हरसंभव प्रयास किये जायेंगे।

प्रदेश महासचिव चौ.धीरसिंह, जिला महासचिव पंडित दिनेश शर्मा, अयूब हसन चौधरी, अर्जुन सिंह रजनीश चौहान, अनिल सैनी, युवी सिंह ने भी अपने विचार रखे।

बैठक में मूलचंद सिंह, फैसल त्यागी, जाहिद हसन, अंजुम त्यागी, नियम हसन, अरविंद मलिक, हर्षित राणा, गौरव राणा, नासिर अहमद, शालू, रुकसाना, वर्षा, लल्लन प्रसाद, रामदास, उपेंद्र कुमार, संजय कुमार आदि मौजूद रहे। संचालन चौधरी हरपाल सिंह वाल्मीकि ने किया।

# डीआईजी अभिषेक ने सुनी शिकायतें



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** परिक्षेत्र के उपमहानिरीक्षक अभिषेक सिंह ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जनता की शिकायतों सुनकर सम्बंधितों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

डीआईजी अभिषेक सिंह आज शासन की मंशा के अनुरूप जैन कालेज रोड स्थित अपने कार्यालय में पीड़ितों की जनसुनवाई कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने फरियादियों की समस्याओं और शिकायतों को गम्भीरता से सुना। श्री सिंह ने फरियादियों की शिकायत को सुनकर सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ितों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निष्पक्ष, पारदर्शी और शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि किसी भी फरियादी के साथ अन्याय न हो और न्याय समयबद्ध रूप से प्राप्त हो।

## संदिग्ध पकड़ा

**तीतरों।** गांव झाड़वन के ग्रामीणों ने रात के समय संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

चोरों की आशंका के कारण गांव झाड़वन के ग्रामीण रात के समय पहरा दे रहे हैं। गांव डूभर की ओर खड़ंजे से आने वाले पर एक व्यक्ति साइकिल पर आता दिखाई दिया ग्रामीणों ने गंगोह तीतरो मुख्य मार्ग पर स्थित होटल के पास पहरा दे रहे अन्य ग्रामीणों को कॉल संदिग्ध के आने की सूचना दी। जिस पर दूसरी ओर पहरा दे रहे ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। संदिग्ध व्यक्ति से ग्रामीणों ने पूछताछ की लेकिन वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका।

ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। रात के समय पुलिस मौके पर पहुंची और संदिग्ध व्यक्ति को थाने पर ले आई। पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ की लेकिन वह संतोष जनक जवाब नहीं दे सका।

# पुरानी पेंशन बहाली को शिक्षक व कर्मचारियों का मार्च

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एनपीएस, यूपीएस व निजीकरण से असंतुष्ट अटेवा से जुडे शिक्षकों व कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर कलैक्ट्रेट तक मार्च निकाला और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।

अटेवा से जुडे शिक्षक व कर्मचारी भारी तादाद में हकीकत नगर धरना स्थल पर एकत्र हुए और वहां से नारेबाजी करते हुए कलैक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला। मंडल अध्यक्ष तालिब हसन ने कहा हम सभी को ओपीएस बहाली तक आंदोलन करना होगा। मंडलीय महामंत्री प्रवीण चौधरी ने कहा कि यदि पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी आगे आंदोलन ओर उग्र होगा और पेंशन बहाली तक जारी रहेगा। जिलाध्यक्ष रजनीश सहगल ने कहा



कि यह रोष मार्च एक प्रदर्शन नहीं बल्कि सरकार को स्पष्ट संदेश है ओपीएस हमारी सामाजिक सुरक्षा है तथा निजीकरण भविष्य में रोजगार के लिए खतरा है। जिला महामंत्री पंकज सिरोही ने कहा कि हम सभी को एकजुट रहना है। जिला कोषाध्यक्ष शिवकुमार कटारिया ने कहा कि हमें अनवरत आंदोलन जारी रखना है। जिला संरक्षक अजय शर्मा ने कहा कि रामाशीष की शहादत जाया नहीं जाएगी।

पैदल मार्च व धरना प्रदर्शन में ललित राठी, निशांत कुमार, पंकज कुमार, कदम सिंह, राजेश भाटला, चंचल नागपाल, बृजेश देवी, रेखा रानी, लोकेश चौधरी, जितेंद्र कुमार, राकेश सोलंकी, अनुज कुमार, गुलाब सिंह, गजेंद्र कुमार, सतीश कुमार, सराफात अंसारी, गौरव कुमार, वसीम अहमद, अमित राठी, प्रमोद, लहरी सिंह, ब्रह्मपाल,धीर सिंह, वीरपाल, बनीत, अमित कुमार, हरपाल सैनी, अरुण कुमार, अरविंद, सोनी, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संदीप पंवार,रविंद्र पंवार, वीबीटीसी के जिला अध्यक्ष राजकुमार चौधरी, एससीएसटी संघ के जिलाध्यक्ष राक. `श नौटियाल, अटल बहादुर, उर्दू संघ जिलाध्यक्ष राव अब्दुल सत्तार, सुशील, प्रवीण चौधरी, सरदार सिंह, सुनील डोवल, सुनील पंवार, जसबीर, अलका भटनागर, कर्मसिंह, सुलेख चंद, स्वास्थ विभाग से अर्चना पार्ले, मीनाक्षी, साधुराम, वैभव चौहान आदि शामिल रहे।

# गुम्बर ने सीएम से की जीआई सर्वे निरस्त करने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर विधायक राजीव गुम्बर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर जीआईएस सर्वे निरस्त किये जाने की मांग की। कल देर शाम लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि नगर निगम द्वारा जीआईएस सर्वे कराकर टैक्स लगाया जा रहा है जिसमें अनेक प्रकार की विसंगतियां है। टैक्स लगाए जमे की इस जटिल व त्रुटिपूर्ण प्रकिया से व्यापारी एवं जनता परेशान है तथा लगतार इस विषय में शिकायतें प्राप्त हो रही हैं।

विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि इस सर्वे के अन्तर्गत एक मंजिला मकान/दुकान पर कई मंजिल दर्शाकर कर निर्धारण करके टैक्स लगाया गया है। यदि किसी 100 वर्ग गज के एरिया में मकान एवं दुकान दोनों निर्मित है



अर्थात् आंशिक रूप से भूमि के कुछ हिस्से में दुकान निर्मित है तथा बाकी हिस्से में मकान निर्मित है। ऐसी स्थिति में भी सर्वे के तहत उसे पूरी तरह से कर्मिशयल दर्शाकर टैक्स लगया गया है एवं एरिया के सर्किल रेट से अधिक सर्किल रेट दर्शाकर टैक्स लगाने का काम किया गया है जिससे कम सर्किल रेट वाले एरिया में भी टैक्स मूल्य काफी अधिक हो जा रहा है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी गलियों ध् मौहल्लों में परचून की दुकानों पर भी बड़े-बड़े कार्मिशयल काम्पलैक्स की तरह टैक्सॅ लगाया जा रहा है। सर्वे के अन्तर्गत यदि किसी का घर 800 स्क्वायर फिट है तो उसे ज्यादा स्क्वायर फिट दर्शाकर टैक्स लगाया गया है। सर्वे में कवर्ड एरिया को न मानते हुए पूरे एरिया पर टैक्स लगाया जा रहा है व बिना किसी आधार पर सुसंगत नियमों में प्रावधानित शुल्क से कई गुना अधिक शुल्क का आगणन बनाकर टैक्स लगाया गया है। टीनशेड एवं कच्चे निर्माण को भी व्यापारिक प्रतिष्ठान के अनुरूप टैक्स लगा दिया गया है। प्रथम एवं द्वितीय तल पर टीनशैड़ एवं कच्चे निर्माण को पक्का निर्माण दर्शाकर टैक्स लगाया गया है। विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि महानगर के व्यापारियों एवं जनता में इस नई कर प्रणाली को लेकर अत्यधिक आक्रोश है अतः जनहित में इन सभी समस्याओं को देखते हुए जीआईएस को समाप्त कर नगर निगम सहारनपुर को पुनः पुरानी प्रणाली से सर्वे कराकर टैक्स लगाए जाने के आदेश दिए जाएं ताकि जनता को इस समस्या से निजात मिल सकें।

## वांछित जेल भेजा

**रामपुर मनिहारान।** पुलिस टीम ने छेडछाड व मारपीट के मुकदमें में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से 1 अवैध देशी तमंचा व 1 जिन्दा कारत. ूस बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार पीड़ित नीरज कुमार पुत्र घसीटू निवासी ग्राम सढौली दुलीचन्दपुर थाना रामपुर मनिहारन की लिखित तहरीर पर आरोपी अंकुश पुत्र इन्द्रपाल व गौरव पुत्र इन्द्रपाल निवासी ग्राम सढौली दुलीचन्दपुर के खिलाफ पीड़ित व रास्ते मे खडी लडकियो के साथ गुण्डा गर्दी दिखाते हुए गाली गलौच व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया गया था।कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर सत्येंद्र नागर के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने मुकदमा उपरोक्त के वांछित आरोपी अंकुश पुत्र इन्द्रपाल को दिल्ली सहारनपुर हाईवे से गिरफ्तार किया है।

# आदेश वापस लेने पर सपाइयों ने बांटी मिठाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मर्ज स्कूलों के आदेश को वापस लेने पर सपाईयों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर इसे पीडीए की जीत बताया।

समाजवादी पार्टी द्वारा लगातार स्कूलों के मर्ज किए जाने का विरोध किया जा रहा था जिस संबंध में गांव-गांव और नगर नगर में पी डी ए पाठशालाओं का आयोजन किया जा रहा था जिसे देखकर भाजपा सरकार बैक फुट पर आ गई और सरकार द्वारा अपने ही दिए हुए निर्णय को वापस ले लिया इस संबंध में आज सपाईयों ने इसे जनता की जीत करार देते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया और विधानसभा प्रभारी अभिषेक टिंकू अरोड़ा और जिला कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी ने कहा भविष्य में उत्तर प्रदेश की जनता



से आह्वाहन किया कि अगर आप अपने बच्चों का भविष्य उज्जवल करना चाहते हैं तो आने वाले 2027 चुनाव में समाजवादी पार्टी को वोट देकर पढ़े-लिखे और शिक्षित जनता के हितेषी अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का काम करें। वरिष्ठ पार्षद फजलुर्रहमान ने कहा कि आज के समय में युवाओं के पास रोजगार नहीं है और बच्चों से शिक्षा छीनने का काम मौजूदा सरकार कर रही है। नगर विधानसभा अध्यक्ष काशिफ एलवी ने कहा जनता के हितों की रक्षा और युवाओं का रोजगार समाजवादी पार्टी की सरकार में ही मिल सकता है। इस मौके पर अमजद इरशाद, बंटी अरोड़ा, जोगिंदर सिंह, राजू आदि लोग मौजूद रहे।

# टैरिफ के मायने

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर टैरिफ की घोषणा तब की है, जब भारत–अमरीका द्विपक्षीय व्यापार समझौते की बातचीत अंतिम चरण में है। अगस्त में अंतरिम समझौते के सामने आने की भी संभावनाएं हैं। बुनियादी पेंच कृषि, डेयरी, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, इलेक्ट्रिक वाहन, वाइन आदि को लेकर फंसा है। भारत अपने किसानों, पशुपालकों, छोटे व्यापारियों, उद्यमों के हितों के मद्देनजर यह क्षेत्र व्यापार के लिए पूरी तरह खोलना नहीं चाहता अथवा शुल्क को कम करने को भी तैयार नहीं है, लेकिन अमेरिका आमादा है कि उसे भी इन क्षेत्रों में कारोबार करने की अनुमति दी जाए।

अमेरिकी टैरिफ से भारत की अर्थव्यवस्था पर कितने और क्या प्रभाव पड़ेंगे, उसकी समीक्षा सरकार ने शुरू कर दी है। बहरहाल अमरीकी रुख में कई विरोधाभास रहते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप एक ओर भारत और प्रधानमंत्री मोदी को दोस्त और रणनीतिक साझेदार कहते नहीं थकते। दूसरी ओर व्यापार समझौते के विमर्श के बावजूद 25 फीसदी टैरिफ थोपने का बयान दिया है। आखिर भारत के लिए अमेरिका के किस किरदार को स्वीकार किया जाए? बीते वित्त वर्ष के दौरान दोनों देशों के बीच 131.84 अरब डॉलर का कारोबार किया गया।

अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। 2024–25 में भारत ने 7.51 लाख करोड़ रुपए का निर्यात किया और अमेरिका से 3.52 लाख करोड़ रुपए का आयात किया। भारत मुनाफे की स्थिति में है। दरअसल अमेरिका सबसे ज्यादा रूस के साथ भारत के तेल और हथियारों के व्यापार पर बहुत चिढ़ता है। राष्ट्रपति ट्रंप का बार–बार कहना है कि भारत के साथ अमेरिका का कारोबार कम हुआ है। भारत दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ लगाता है। अमेरिका उसे संतुलित करना चाहता है। भारत रूस से कच्चा तेल 15–20 डॉलर प्रति बैरल की छूट पर खरीदता है। नतीजतन 2023 में 10 अरब डॉलर की बचत हुई। 2024 में भारत ने करीब 43 फीसदी तेल रूस से खरीदा। रूस से ही हर साल 2–3 अरब डॉलर के रक्षा उपकरण भारत खरीदता है। बीते 10 साल में जरूरत का 70 फीसदी सामान रूस से ही खरीदा गया, जबकि 2008 के बाद अमेरिका से 24 अरब डॉलर के रक्षा–सौदे हुए।

बहरहाल अमेरिकी टैरिफ से भारत का निर्यात जरूर प्रभावित होगा। सबसे अधिक प्रभावित फार्मा क्षेत्र होगा, जो 8.1 अरब डॉलर का निर्यात करता है। अमेरिका 40 फीसदी जेनेरिक दवाएं भारत से ही लेता है। 2025 में निर्यात 85,000 करोड़ रुपए रहा। इसके अलावा, टेलीकॉम उपकरण, हीरे, रत्न, कीमती पत्थर, सोना और जेवरात, कपड़े, लोहा और इस्पात, ऑटो कंपोनेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स, पेट्रो केमिकल, ऑर्गेनिक केमिकल आदि का अरबों डॉलर में निर्यात अमेरिका को किया जाता है। 2024–25 में भारत ने 86.51 अरब डॉलर का निर्यात किया और 45.33 अरब डॉलर का आयात अमेरिका से किया। विशेषज्ञों के आकलन हैं कि टैरिफ से निर्यात में 7 अरब डॉलर सालाना की गिरावट आ सकती है। भारतीय मुद्रा रुपया बुधवार को ही अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया।

## नई फुटवियर-लेदर नीति से मिलेगा प्रोत्साहन



सरकार फुटवियर, लेदर और नॉन–लेदर विनिर्माण के क्षेत्र को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने की दिशा में ठोस कदम उठाने के लिये तैयार है। उत्तर प्रदेश को इस क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाने की अपार संभावनाएं हैं। राज्य के पारंपरिक कौशल, प्रशिक्षित श्रमबल, कच्चे माल की प्रचुरता और आगरा, कानपुर व उन्नाव जैसे सशक्त औद्योगिक केंद्रों की मौजूदगी को देखते हुए एक समग्र, व्यावहारिक और परिणामोन्मुखी नीति का निर्माण आवश्यक हो गया है। नीति में स्पष्ट रूप से यह परिभाषित किया जाए कि प्रदेश के कौन–से क्षेत्र इस उद्योग के लिए सबसे उपयुक्त हैं, यदि उत्पादन, डिज़ाइन, अनुसंधान और प्रशिक्षण को एकीकृत किया जाए तो यह क्षेत्र न केवल बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित कर सकता है, लाखों युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध करा सकता है। **योगी आदित्यनाथ, सीएम यूपी**

# एशिया की बिसात पर चीन की घेराबंदी, लंदन और तेल अवीव का बड़ा दांव





**वाहिद नसीम**

काकेशस से उठती चिंगारी और एशिया का सुलगता नक्शाजिस आग का धुआं काकेशस से उठ रहा है, उसकी चिंगारियां अब पूरे एशिया को भस्म करने की ओर हैं। अयातुल्ला खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार अली अकबर वेलायती की चेतावनी सिर्फ ईरान की चिंता नहीं, बल्कि एक भू–राजनीतिक रेड अलर्ट है। जंगेजुर गलियारा केवल एक भौगोलिक परियोजना नहीं, बल्कि प्रतिरोधी धुरी ईरान, रूस और चीन को तोड़ने की एक सोची–समझी योजना है, जिसके पीछे वॉशिंगटन की CIA, लंदन की MI6 और तेलअवीव के थिंक टैंक मिलकर चालें चल रहे हैं।

दक्षिण–पूर्व एशिया में पश्चिम की चालबाजी और चीन को यूक्रेन–रूस जैसे जाल में फंसाने की साजिश थाईलैंड और कंबोडिया की सीमाओं पर तनाव का खेल, म्यांमार में रंगीन क्रांति की पुनरावृत्ति की तैयारी और ताइवान को यूक्रेन की तरह प्रतिरोध की प्रयोगशाला बनाने की कवायद इसी बिसात का हिस्सा हैं।

ऑस्ट्रेलिया, जापान, भारत और दक्षिण कोरियाकृए सभी देश एक अघोषित एशियाई नेटो के सदस्य की तरह प्रयोग किए जा रहे हैं, लेकिन इस जाल का असली बुनकर कौन है? तेलअवीव और लंदन की पुरानी जोड़ी एक सदी पुरानी चाल की वापसी जिस तरह सौ साल पहले ऑटोमन साम्राज्य को तोड़ा गया था, आज वैसी ही कूटनीतिक शतरंज एशिया में बिछाई जा रही है। लंदन का MI6 और तेल अवीव की सैन्य लॉबी चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव BRI को रो. कने के लिए सीमा–रेखाओं को युद्ध क्षेत्र में बदलने की कोशिश कर रही हैं और बदल भी रही हैं। हर समुद्री रूट, हर कूटनीतिक शिखर सम्मेलन, एक नया मोर्चा बनाने की के सडयंत्र जारी है।

**यूरोप की जर्जर होती सैन्य और ऊर्जा रीढ़**

यूक्रेन युद्ध ने यूरोप की सामरिक और आर्थिक रीढ़ की कमजोरियां उजागर कर दी हैं। अमेरिका और यूरोप द्वारा भेजे गए हथियारों की रूस द्वारा तबाही, यूरोपीय हथियार भंडारों के घटते शस्त्रगार, कारखानों की डिमांड पूरी ना कर पाने की स्थिति और ऊर्जा आपूर्ति में रूसी कटौती ने पश्चिमी देशों को गहरे संकट में डाल दिया है। महंगाई बेलगाम है, जनमानस असंतुष्ट है और राजनीतिक स्थिरता अब एक सपना बनती जा रही है। इस बीच, नाटो की रणनीतियां खोखली गीदड़ भबकी साबित होती जा रही हैं।

**भारत की डगमगाती विदेश नीति और घरेलू दुविधा**

भारत की डगमगाती विदेश नीति और घरेलू दुविधा भारत इस भूचाल के बीच वसुधैव कुटुम्बकम की बात करता है, लेकिन उसकी पश्चिम–प्रस्त विदेश नीति और घरेलू राजनीतिक प्राथमिकताओं के बीच तालमेल अब दूर की कोड़ी बन चूका है। पश्चिम से सामरिक करीबी का चुनावी लाभ और निर्यात निर्भरता दूसरी ओर रूस–चीन से किफायती संसाधनों पर निर्भरता ने भारत को एक असमंजस की स्थिति में ला खड़ा किया है। ट्रंप की धमकियों और चीन की सतर्क निगाहों के बीच भारत की सामरिक निष्पक्षता की नीति अब भारी दबाव में दिखाई देने लगी है।

**ट्रंप 2.0–विश्व नेतृत्व नहीं, वैश्विक अस्थिरता का इंजीनियर**

ट्रंप की भू–आर्थिक रणनीति का केंद्र अब यूरोप नहीं, बल्कि ब्राजील, भारत और ा̆मछ देशों पर है। ब्रिक्स को कमजोर करना और रूस–चीन को अलग–थलग करना अमेरिका की प्राथमिकता है। लेकिन यह रणनीति अब खुद अमेरिका के लिए ही उलझन बनती जा रही है। Mi6 CIA और तेलअवीव द्वारा पालपोस कर तैयार किए गए घोड़े बग्गी में जुड़ने की स्तिथि खो चुके हैं।

**भारत की उधार की अर्थव्यवस्था**

भारत ने कोई वैकल्पिक अर्थव्यवस्था की तैयारी नहीं की? रूस से भारत को सस्ता तेल मिल रहा है, चीन से सस्ता अर्ध–तैयार माल। यह गठजोड़ भारत की घरेलू मांग और निर्यात की रीढ़ बन चुका है। लेकिन यह सिर्फ आर्थिक समीकरण नहीं, बल्कि अस्थाई राहत मात्र है जो डोमेस्टिक राजनी. ति में विपक्ष को चुनावी जवाब तो हो सकता है मगर भारत की आत्मनिर्भरता के लिए बहुत बड़ा छलावा भी है जो दूरगामी आर्थिक निति के विकल्प कम कर सकता है। चीन के आगे झुकने को मजबूर कर सकता है। पिछले 11 वर्षों में रूस ने बार–बार अनुभव किया है कि भारत का झुकाव पश्चिम की ओर है और पूर्व की तरह सशक्त नहीं बल्कि अवसरवादी हो चला है। परिणामस्वरूप, वह चीन के साथ मिलकर अपने दुसरे सहयोगियों को हाई–स्पीड हाइपरसोनिक हथियार दे रहा है, जो युद्ध की तैयारी से अधिक एक मनोवैज्ञानिक संकेत है कि 'हम अब पश्चिम की भाषा में जवाब देंगे।'

**बिखरती पश्चिमी बिसात और उलझे हुए सहयोगी**

पश्चिम द्वारा बिछाई गई बिसात अब स्वयं में ही उलझती जा रही है। पारंपरिक सहयोगीकृजैसे फ्रांस, जर्मनी और इटली, अब आर्थिक और सैन्य रूप से थक चुके हैं। वे अपने निर्णयों में ही सहमति असहमती के खेल में फस चुके हैं और नीतियों में दिशाहीन दिखाई देने लगे हैं और नए रणनीतिक साझेदार जैसे भारत ताइवान भी घरेलु राजनितिक रोड मेप सत्ता की मजबूती वाली धार्मिक जंजीर की कड़ियों के टांके। ऐसा प्रतीत होता है कि जिस अवसर्वदिता को पश्चिम ने वैश्विक व्यवस्था कहा था, वही अब अपने ही वजन से चरमराने लगी है। सभ्यताओं के भविष्य की रणभूमि अब एशिया की बिसात केवल शक्ति संतुलन की लड़ाई नहीं, बल्कि सभ्यताओं के भविष्य का रण बन चुकी है। भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती है, जिसे गंभीरता से समझे बिना रास्ते और जटिल हो सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्व की राजनी. तिक कुटनीतिक मामलों पर गहरी और बारिक पकड़ रखते हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ब्रेकअप से टूट गए, फिर से खुद को संभालें

**कुछ योग आसन आपके दिल को फिर से खोलने में मदद कर सकते हैं। जैसे ऊंट मुद्रा, सेतु बंध मुद्रा और भुजंग मुद्रा। यह आसन आपकी छाती को खोलते हैं और मन की भावनाओं को बाहर निक. ालने में मदद करते हैं। सूर्य नमस्कार से शुरुआत करें और फिर दोनों हाथों को दिल के पास श्अंजलि मुद्राश् में जोडें और कुछ गहरी सांसें लें। इससे आपके अंदर शांति और ऊर्जा दोनों आएगी। प्रकृति से जुड़ने के लिए पहाड़ों पर घुम कर आएं प्रकृति में बहुत शक्ति है। हरेभरे पेड, ठंडी हवा, बारिश की बूंदें और पक्षियों की आवाज, ए सब दिल को सुकून देते हैं। रोज कुछ समय बाहर बिताएं। टहलते हुए तीन गहरी सांसें लें और महसूस करें कि हर सांस के साथ हरा रंग आपके दिल में भर रहा है। यह छोटा सा अभ्यास भी आप में जीने की इच्छा जगा देगा।**

ब्रेकअप का दर्द असहनीय हो सकता है, ऐसा लगता है जैसे जिंदगी थम सी गई हो और आगे बढने की सारी उम्मीदें खत्म हो गई हों। यह सच है कि किसी खास इंसान का जाना एक गहरा जख्म दे जाता है, लेकिन याद रखें, एक व्यक्ति के चले जाने से आपकी पूरी जिंदगी खत्म नहीं होती। जैसे हर इंसान एक नए मौके का हकदार होता है, वैसे ही आप भी एक नई शुरुआत के काबिल हैं। ब्रेकअप के बाद आगे बढना मुश्किल जरूर है, लेकिन नामुमकिन नहीं। आइए जानते हैं कि कैसे आप खुद को टूटे हुए रिश्ते की अंधेरी गलियों से बाहर निकालकर फिर से रोशनी की ओर ले जा सकते हैं।



1. **स्वीकार करें कि आप टूट चुके हैं और खुद को ठीक करने की कोशिश करें**

दिल टूटना आसान नहीं होता। पहला कदम है अपनी भावनाओं को स्वीकार करना और कहना, श्हां, मुझे दुख हुआ है।श कभीकभी हम अपना दर्द छिपा लेते हैं, लेकिन इससे वह और गहरा हो जाता है। यह जरूरी है कि आप जो महसूस कर रहे हैं, उसे महसूस करें, चाहे वह उदासी हो, गुस्सा हो या उलझन। रोने का दिल करें तो रोएं, दिल में जो भी चल रहा है उसे लिखें, लेकिन खुद से झूठ न बोलें। दर्द को स्वीकार करना ही असली हिम्मत है और ठीक होने की शुरुआत है।

2. **खुद को दोष देने की बजाय खुद से प्यार करें**

ब्रेकअप के बाद, हमारे मन में अक्सर सवाल आते हैं कि क्या मैंने कोई गलती की?, क्या मैं काफी अच्छा नहीं था? ऐसे विचार आपको और भी ज्यादा दुखी कर सकते हैं। इसके बजाय, सोचें कि अगर आपका कोई करीबी दोस्त इस दौर से गुजर रहा होता, तो आप क्या कहते। अब खुद से भी यही बातें कहें। प्यार में कुछ गलत हुआ, यह आपकी गलती नहीं है। खुद को कोसना बंद करें, खुद के प्रति दयालु बनें और धीरेधीरे फिर से मुस्कुराना सीखें।

3. **खुद से फिर से प्यार करना शुरू करें**

ब्रेकअप के बाद जिंदगी बिखर सकती है, लेकिन यही वो समय है जब आप अपने लिए खडे हो सकते हैं। खुद से जुडें, ऐसे काम करें जिनसे आपको अच्छा महसूस हो, चाहे वो किताब पढना हो, टहलने जाना हो, या अकेले में चाय पीना ही क्यों न हो। याद रखें, जब तक आप खुद से प्यार नहीं करेंगे, आप किसी और से भी ठीक से प्यार नहीं कर पाएंगे।

4. **समझें कि अपने दिल की बात कहना कोई कमजोरी नहीं है**

अपनी भावनाओं को दबाना अच्छा विचार नहीं है। इससे आपका दिल भारी हो जाता है और धीरे–धीरे आपकी ऊर्जा खत्म हो जाती है। अगर बोलना, लिखना, गाना या चिल्लाना मुश्किल हो रहा है तो अपनी भावनाओं को रचनात्मक तरीकों से व्यक्त करें। आप चित्रकारी, संगीत, नृत्य या डायरी लिखने का सहारा ले सकते हैं। रोजाना बस 10 मिनट निकालकर जो भी आपके मन में आए उसे महसूस करें, यह खुद से प्यार करने का एक तरीका है।

5. **माफ करें और दिल का बोझ हल्का करने की कोशिश करें**

किसी को माफ करना मुश्किल है, लेकिन जरूरी भी है। दूसरों को माफ करने का मतलब खुद को हल्का करना और अपने दिल का बोझ उतारना है। अगर आप माफ नहीं करते, तो आपके अंदर ही अंदर गुस्सा और उदासी जमा हो जाती है, जो आपको आगे बढने से रोक सकती है।

आपके दिल को फिर से प्यार की जरूरत है, इसीलिए आगे बढ़ने से पहले उसे पुराने दर्द से आजाद करना जरूरी है। नए रिश्तों को धीरेधीरे अपनाएं, जल्दबाजी न करें। सही लोग सही समय पर मिल जाएंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# चीन पर काफी निर्भर है देश का इलेक्ट्रॉनिक उद्योग

भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, और इसमें इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग का एक महत्वपूर्ण योगदान है। लेकिन यह उद्योग पूरी तरह से आत्मनिर्भर नहीं है। भारत में कई ऐसे इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद हैं जिन्हें देश में बनाया नहीं जाता बल्कि केवल असेंबल किया जाता है। इनमें प्रमुख रूप से मोबाइल फोन, टेलीविजन, लैपटॉप, टैबलेट, स्मार्टवॉच, इयरबड्स, होम अप्लायंसेज और अन्य स्मार्ट डिवाइसेज शामिल हैं। ये उत्पाद मुख्यत: चीन से आयात किए जाते हैं, और भारतीय कंपनियां या फैक्ट्रियां इन्हें स्थानीय स्तर पर केवल असेंबल करती हैं। भारत सरकार ने 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे अभियानों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है, लेकिन कुछ उत्पादों और तकनीकों के मामले में देश अब भी चीन पर निर्भर है, और इनका घरेलू निर्माण व्यवहारिक या आर्थिक रूप से अभी संभव नहीं हो पाया है।

मोबाइल फोन निर्माण भारत में सबसे तेजी से बढ़ता हुआ क्षेत्र है। भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल बाजार है, लेकिन इसकी बड़ी मात्रा चीन से आयातित पार्ट्स पर निर्भर है। Xiaomi, Realme, Oppo, Vivo और OnePlus जैसी कंपनियां भारतीय बाजार में अग्रणी हैं। इन कंपनियों के अधिकांश पार्ट्स जैसे कि डिस्प्ले पैनल, कैमरा मॉड्यूल, चिपसेट, बैटरी, प्रिंटेड सर्किट बोर्ड और अन्य मुख्य घटक चीन या ताइवान से आते हैं। भारत में Foxconn] Dixon Technologies और Lava जैसी कंपनियां असेंबली का कार्य करती हैं, लेकिन उनके पास पूरी तरह से एंड–टू–एंड मैन्युफैक्चरिंग की तकनीक या क्षमता नहीं है। उदाहरणस्वरूप, Apple ने अपने कुछ iPhone मॉडल्स की असेंबली भारत में शुरू की है, लेकिन उनके मुख्य घटक चीन, जापान और कोरिया से आते हैं। Apple की सप्लाई चेन का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा अब भी चीन और एशियाई देशों से जुड़ा हुआ है। भारत की असेंबली यूनिट्स जैसे Foxconn (चेन्नई), Pegatron और Wistron केवल आईफोन का बाहरी ढांचा बनाते हैं, लेकिन उनका प्रोसेसर या OLED डिस्प्ले जैसी एडवांस टेक्नोलॉजी चीन में ही बनती है। यही स्थिति Xiaomi, Realme और Vivo के स्मार्टफोन के साथ भी है।

टेलीविजन सेक्टर में भी भारत की निर्भरता चीन पर बनी हुई है। भारत में LG, Sony, Samsung, Xiaomi, OnePlus और TCL जैसे ब्रांड प्रमुख हैं। भारत में जो टीवी असेंबल किए जाते हैं, वे आमतौर पर चीन, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और थाईलैंड से आयात किए गए पार्ट्स पर आधारित होते हैं। खासकर पैनल जो टीवी की सबसे महंगी और तकनीकी रूप से जटिल इकाई होती है, वह अधिकतर BOE, CSOT और LG Display जैसी कंपनियों द्वारा चीन या कोरिया में निर्मित की जाती है। भारत में टेलीविजन असेंबली यूनिट्स को केवल पैनल, बॉडी, मदरबोर्ड और अन्य हिस्सों को जोड़कर तैयार प्रोडक्ट बनाना होता है। भारत में पैनल बनाने की कोई मेजर फैक्ट्री नहीं है। IHS Markit की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में बेचे जाने वाले 94 प्रतिशत टीवी पैनल विदेशों से आते हैं, जिनमें से 70 प्रतिशत केवल चीन से आयात होते हैं। इसलिए पैनल निर्माण जैसी अत्याधुनिक तकनीक के लिए भारत को लंबे समय तक विदेशी सप्लायर्स पर निर्भर रहना होगा।

इसी तरह से लैपटॉप और टैबलेट जैसे प्रोडक्ट्स में भी भारत की स्थिति लगभग वैसी ही है। Dell, HP, Lenovo, Acer, Asus और Apple जैसे ब्रांड भारत में अपनी असेंबली यूनिट्स चलाते हैं, लेकिन चिपसेट Intel, AMD, Apple Silicon, SSD, मदरबोर्ड, स्क्रीन और बैटरी जैसे घटक चीन, ताइवान और दक्षिण कोरिया से आते हैं। भारत सरकार ने 2023 में IT हार्डवेयर PLI योजना Production Linked Incentive लागू की थी ताकि देश में लैपटॉप और पीसी के निर्माण को प्रोत्साहित किया जा सके, लेकिन अभी यह प्रारंभिक चरण में है। HP और Lenovo जैसी कंपनियों ने भारत में असेंबली की सुविधा शुरू की है, लेकिन उनका निर्भरता आयातित हिस्सों पर बनी हुई है। भारत की सेमीकंडक्टर निर्माण की तकनीक और इकोसिस्टम अब तक विकसित नहीं हो पाया है। गुजरात और उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर फैब की योजनाएं बनाई गई हैं लेकिन वे 2026 से पहले चालू होने की संभावना नहीं है। स्मार्टवॉच, फिटनेस बैंड और TWS -True Wireless Stereo ईयरबड्स जैसे वियरेबल्स भी भारत में बड़े स्तर पर बिकते हैं लेकिन इनमें से अधिक. ांश का निर्माण चीन और वियतनाम में होता है। Boat, Noise, Fire Boltt जैसी भारतीय ब्रांड्स भी अपने प्रोडक्ट्स चीन से इम्पोर्ट कर भारत में असेंबल करती हैं। इन डिवाइसेज में इस्तेमाल होने वाली ब्लूटूथ चिप्स, सेंसर्स, बैटरी और ड्राइवर यूनिट्स चीन से आती हैं और भारत में केवल केसिंग और पैकेजिंग होती है। IDC की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 2023 की चौथी तिमाही में बिके 84 प्रतिशत TWS ईयरबड्स चीन से आयातित घटकों पर आधारित थे। सस्ता उत्पादन, परिपक्व आपूर्ति श्रंखला और तकनीकी दक्षता चीन को इस उद्योग में अत्यंत प्रतिस्पर्धी बनाते हैं। भारत अभी इस स्तर की दक्षता और संसाधन विकसित नहीं कर पाया है जिससे वह पूरी तरह से स्वदेशी वियरेबल्स बना सके।

होम अप्लायंसेज जैसे रेफ्जिरेटर, वॉशिंग मशीन, माइक्रोवेव ओवन, एयर कंडीशनर आदि में भारत की कुछ स्वदेशी निर्माण क्षमताएं विकसित हुई हैं, लेकिन तकनीकी और विशेषीकृत पार्ट्स जैसे कि कंप्रेसर, मोटर, PCB यूनिट्स और सेंसर चीन और कोरिया से आते हैं। Voltas, Whirlpool, Samsung, LG और Haier जैसी कंपनियां भारत में असेंबली प्लांट्स चला रही हैं लेकिन पूरी मैन्युफैक्चरिंग केवल कुछ बुनियादी मॉडलों तक सीमित है। उदाहरण के लिए, Voltas अपने एयर कंडीशनर के कंप्रेसर को अभी भी थर्ड पार्टी सप्लायरों से लेती है जो अधिकतर चीन में हैं। Whirlpool और Haier की भी ऐसी ही स्थितियां हैं।

इसके अतिरिक्त, इलेक्ट्रॉनिक घटकों जैसे कि डायोड्स, कैपेसिटर्स, रेसिस्टर्स, कनेक्टर्स और SMD Surface Mount Devices कंपोनेंट्स का भी भारी मात्रा में आयात होता है। भारत में इनकी मैन्युफैक्चरिंग अब तक सीमित है। ELCINA-Electronic Industries Association of India के अनुसार, भारत का कुल इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट आयात 2022–23 में लगभग 32 बिलियन डॉलर था, जिसमें से 45 प्रतिशत से अधिक केवल चीन से आयातित था। इससे यह स्पष्ट होता है कि भारत अभी भी मूलभूत इलेक्ट्रॉनिक सामग्रियों के निर्माण में पिछड़ा हुआ है।

कुछ भारतीय कंपनियां जैसे Dixon Technologies, Lava, Optiemus, Syrma SGS और Bharat FIH असेंबली में दक्ष हैं और भारत में बड़े पैमाने पर उत्पादन करती हैं। Dixon Technologies us Samsung, Motorola, Xiaomi और OnePlus के लिए मोबाइल असेंबली का काम किया है। Lava ने कुछ स्तर पर अपना मोबाइल डिजाइन करना शुरू किया है, लेकिन वह भी चीन से आयातित पार्ट्स पर निर्भर है। Optiemus और Syrma SGS भी असेंबली पर केंद्रित हैं और उनके पास अभी डिजाइन और रॉ मटेरियल निर्माण की क्षमताएं नहीं हैं। भारत को जिन उत्पादों के लिए केवल असेंबली पर ध्यान देना चाहिए, वे वे उत्पाद हैं जिनमें अत्यधिक उच्च तकनीकी जटिलता, भारी पूंजी निवेश, व्यापक सप्लाई चेन और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की आवश्यकता होती है। उदाहरणस्वरूप, स्मार्टफोन के प्रोसेसर, हाई–एंड ग्राफिक्स कार्ड, OLED डिस्प्ले, सेमीकंडक्टर चिप्स, टीवी पैनल, SSD ड्राइव्स, डिवाइस सेंसर्स, और मिनिएचर बैटरी यूनिट्स। इन सभी में चीन की तकनीकी क्षमता व लागत–प्रभाविता भारत से बहुत आगे है।

**–एम. इमरान**

# गाजा में इजरायल का कातिलाना तांडव, 175 फलस्तीनियों की हत्या

## नौ सीरियाई व एक लेबनानी मीडियाकर्मी को भी मार डाला




**गाजा।** गाजा पट्टी पर इज़राइली हवाई हमलों, बमबारी, स्नाइपर्स और सैन्य कार्रवाई में कम से कम 175 फलस्तीनी, नौ सीरियाई और एक लेबनानी मीडियाकर्मी मारे गए हैं। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट (आईएफजे) ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि इस दौरान और कई लोगों पर हमला किया गया है और उन्हें मनमाने ढंग से हिरासत में लिया गया।

इसके अलावा इन हमलों में कई मीडियाकर्मी घायल हो गए या विकलांग हो गए हैं। लापता मीडियाकर्मियों की संख्या भी अच्छी खासी है। बयान में कहा गया है कि उक्त घटनाएं गत सात अक्टूबर, 2023 से अब तक की है। गत 25 जुलाई को अल-कुद्स टीवी और अल-कुद्स टुडे टीवी के लिए काम करने वाले फ़ोटो पत्रकार एडम अबू हरबिंद की गाजा शहर में उनके परिवार के तंबू पर इजराइली हवाई हमले में मौत हो गई। गत 24 जुलाई को आईएफजे ने इज़राइली सरकार द्वारा गाजा की आबादी के खिलाफ़ भुखमरी को एक हथियार के रूप

**■ इस दौरान और कई लोगों पर हमला किया गया और उन्हें मनमाने ढंग से हिरासत में लिया गया**

में जानबूझकर इस्तेमाल करने की निंदा की। भुखमरी में पत्रकार भी शामिल हैं जो इज़राइल द्वारा विदेशी मीडिया पर प्रतिबंध के बीच एकमात्र गवाह बने हुए हैं। चार प्रमुख समाचार एजेंसियों, एजेंस फ्रांस प्रेसे (एएफपी), एसोसिएटेड प्रेस (एपी), रॉयटर्स और बीबीसी ने चेतावनी दी है कि स्थानीय पत्रकार भुखमरी का सामना कर रहे हैं और तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। उन्होंने कहा कि 21 महीने से चल रहे युद्ध को कवर करने वाले फीलांसर उन्हीं विकट परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं, जिन्हें वे कवर कर रहे हैं। उन्हें न तो बहुत कम भोजन मिल रहा है और साफ पानी का भी इंतजाम नहीं है। एएफपी ने इज़राइल से गाजा स्थित अपने पत्रकारों और उनके परिवारों को निकालने की अनुमति देने का आह्वान किया है। इज़राइल ने अक्टूबर 2023 से विदेशी पत्रकारों के गाजा में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है।

### इजरायल ने दक्षिण लेबनान में हिजबुल्लाह के हथियार उत्पादन केंद्रों को निशाना बनाया

**बेरूत/यरूशलम।** इज़रायल के युद्धक विमानों ने गुरुवार को पूर्वी और दक्षिणी लेबनान के कई इलाकों में लेबनानी समूह हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाकर गहन हवाई हमले किए। लेबनान के आधिकारिक मीडिया और एक सैन्य सूत्र ने यह जानकारी दी। लेबनान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी के अनुसार इज़रायल के हवाई हमलों की एक श्रृंखला ने पूर्वी लेबनान के बेका क्षेत्र में पूर्वी पर्वत श्रृंखला और दक्षिणी लेबनान के भीतरी इलाकों में विस्तृत क्षेत्रों को निशाना बनाया। लेबनानी सेना की खुफिया एजेंसी के एक सूत्र ने बताया कि इजरायल के युद्धक विमानों ने पूरे क्षेत्र में आधे घंटे से भी कम समय में 18 हवाई हमले किए, जिनमें हिजबुल्लाह के उन ठिकानों को निशाना बनाया गया जो पिछले हमलों में नष्ट हो चुके थे।

# कमला हैरिस ने राजनीति को अलविदा कहने का बनाया मन

## कहा: देश का पॉलिटिकल सिस्टम टूट गया



**वॉशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने राजनीति छोड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने द लेट शो विद स्टीफन कोलबर्ट में इंटरव्यू में कहा कि वह अब किसी भी राजनीतिक पद के लिए चुनाव नहीं लड़ेंगी, जिसमें कैलिफोर्निया के गवर्नर का पद भी शामिल है।

हैरिस ने कहा कि अमेरिका का पॉलिटिकल सिस्टम टूट चुका है और मैं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने लिए मजबूत नहीं हूं। कैलिफोर्निया की गवर्नर रह चुकी हैरिस ने कहा कि उन्होंने अपने पूरे करियर में जनता की सेवा की है। उन्होंने कहा कि मैंने गवर्नर बनने के बारे में बहुत सोचा। मुझे अपने राज्य कैलिफोर्निया से प्यार है, लेकिन अब मुझे लगता है कि मेरी सिस्टम में बदलाव लाने की क्षमता घट गई है। टीवी होस्ट ने हैरिस से कहा कि आप जैसी इतनी काबिल शख्सियत का यह कहना कि सिस्टम टूट गया है, ये चिंताजनक है। हैरिस ने यह भी बताया कि वह अब देशभर में घूमकर लोगों से बात करना चाहती हैं, लेकिन वोट मांगने के लिए नहीं, बल्कि उनकी बात सुनने के लिए। उनकी नई किताब 107 डेज 23 सितंबर को रिलीज होने वाली है। जिसमें उन्होंने अपनी 107 दिन के राष्ट्रपति चुनाव कैंपेन के अनुभवों का जिक्र किया है। हैरिस से पूछा गया कि उन 107 दिनों में सबसे ज्यादा क्या हैरान करने वाला था, हैरिस ने कहा, हर रात मैं प्रार्थना करती थी कि मैंने आज अपने पूरे सामर्थ्य के साथ सबकुछ किया हो। कमला हैरिस को 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ हार मिली थी।

## संक्षिप्त समाचार

### लगातार पांचवीं बार सस्ता हुआ वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने होटल-रेस्त्रां आदि में इस्तेमाल होने वाले वाणिज्यिक रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर के दाम शुक्रवार से कम कर दिए। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल की बेवसाइट के अनुसार, दिल्ली में आज से 19 किलोग्राम वाला एलपीजी सिलेंडर 1631.50 रुपये का हो गया है। पिछले महीने इसकी कीमत 1665 रुपये थी। इस प्रकार यह 33. 50 रुपये सस्ता हुआ है। इस साल मार्च के बाद से लगातार पांचवीं बार वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम कम किए गए हैं।

### यूक्रेन में रूसी हमले में मरने वालों की संख्या 28 हुई

**कीव।** यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूसी मिसाइल और ड्रोन हमलों में तीन बच्चों सहित मृतकों की संख्या बढ़कर 28 हो गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यूक्रेन की राज्य आपातकालीन सेवा ने बताया कि गुरुवार को हुए हमले में 159 लोग घायल भी हुए हैं। सबसे ज़ड़ादा नुकसान स्वियातोशिस्की जिले में हुआ, जहां एक नौ मंजिला इमारत का एक हिस्सा ढह कर नष्ट हो गया। घटनास्थल पर राहत एवं बचाव कार्य जारी है।

### 'मन्नू क्या करेगा' का टीजर रिलीज

**मुंबई।** फिल्म 'मन्नू क्या करेगा' का टीज़र अब रिलीज़ हो गया है। फिल्म मन्नू क्या करेगा का निर्देशन संजय त्रिपाठी ने किया है। इस फिल्म को शरद मेहरा ने क्यूरियस आइज़ सिनेमा के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म हिंदी सिनेमा में व्योम और साची बिंद्रा की पहली फिल्म है, जो इंडस्ट्री की सबसे ताज़ा जोड़ी के रूप में दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार हैं।

### मोदी, अमित शाह असम का करेंगे दौरा

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आठ सितम्बर को और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 29 अगस्त को राज्य की कई प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के लिए राज्य का दौरा करेंगे। सरमा ने यहां लोक सेवा भवन में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नुमालीगढ़ में करीब 4,000 करोड़ रुपये की लागत से बनी दूसरी पीढ़ी की बांस से इथेनॉल बनाने वाली परियोजना का उद्घाटन करेंगे।

# पहली बार हिमालय के बादलों में मिली जहरीली धातुएं

## ये धातुएं गंभीर बीमारी का बन सकती हैं कारण

**नई दिल्ली।** वैज्ञानिकों ने पहली बार पूर्वी हिमालय और पश्चिमी घाट के पर्वतीय इलाकों के बादलों में जहरीली भारी धातुओं का पता लगाया है जो कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का कारण बन सकती हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के तहत स्वायत्त संस्थान बोस इंस्टीट्यूट ने मानसून के आगमन के दौरान पूर्वी हिमालय और पश्चिमी घाट में असंघनित बादलों में जहरीली धातुओं की मौजूदगी पाई है।

उन्होंने पाया कि कभी सबसे स्वच्छ पानी का स्रोत माने जाने वाले ये बादल प्रदूषित निचले इलाकों से अपने साथ विषैली भारी धातु भी लेकर आते हैं और धरती के सबसे ऊँचे तथा भंगुर पारिस्थितिकियों तक पहुंचाते हैं।

**■ जहरीली धातुओं से देश में व्यस्कों की तुलना में बच्चों को 30% अधिक खतरा**

विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह खोज न सिर्फ पहाड़ों की साफ बारिश के मिथक को तोड़ती है, बल्कि कैंसर और बच्चों में विसंगतियों के विकास के प्रति चिंता भी पैदा करती है। बोस इंस्टीट्यूट के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सनत कुमार दास के नेतृत्व वाली वैज्ञानिकों की टीम ने बताया कि पूर्वी हिमालय में प्रदूषण का स्तर 1.5 प्रतिशत बढ़ गया है। इसका कारण निचले इलाकों में वाहनों उद्योगों से निकलने वाले कैडमियम, तांबा और जिक जैसी धातुओं की मात्रा में 40 से 60 प्रतिशत की वृद्धि है। ये कैंसर का कारण बन सकते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि असंघनित बादलों में मौजूद ये धातु सीधे सांसे के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश करती हैं। इन जहरीली धातुओं से देश में व्यस्कों की तुलना में बच्चों को 30 प्रतिशत अधिक खतरा है। इनसे कैंसर के अलावा दूसरी बीमारियां भी हो सकती हैं। टीम ने यह भी पाया कि बादलों में घुले हुए क्रोमियम साँस के जरिये लेने से कैंसर का कारण बनने वाली बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। इन बादलों में कैडमियम, क्रोमियम, तांबा और जिक की ऊंची मात्रा पाई गई है जिसका कारण वाहनों और उद्योगों से निकलने वाला प्रदूषण है।

### जापान ने फुकुशिमा परमाणु संयंत्र से शोधित जल की निकासी फिर शुरू की

**टोक्यो।** जापान ने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) को बताया है कि सुनामी के खतरे के कारण फुकुशिमा-1 परमाणु ऊर्जा संयंत्र से रोके गए शोधित रेडियोधर्मी जल को शुक्रवार से फिर से समुद्र में छोड़ना शुरू कर दिया गया है। आईएईए ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार जापान के फुकुशिमा-1 परमाणु ऊर्जा संयंत्र में एएलपीएस प्रणाली द्वारा शोधित जल की निकासी रोक दिया गया है। आईएईए ने एक्स पर कहा कि जापान ने आईएईए को बताया है कि फुकुशिमा दाइची परमाणु ऊर्जा स्टेशन के तट से एएलपीएस द्वारा शोधित जल की निकासी आज फिर से शुरू हो गई है। गौरतलब है कि बुधवार को रूस के कामचटका प्रायद्वीप के तट पर रिक्टर पैमाने पर 8.8 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।




नई दिल्ली। मानसून सत्र के दौरान संसद के बाहर SIR के विरोध में प्रदर्शन करते विपक्षी सांसद।

### जोमार्ट तोकायेव के निमंत्रण पर तीन अगस्त को कजाकिस्तान आएंगे गुटेरेस

**अल्माटी।** कज़ाखस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट तोकायेव के निमंत्रण पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस तीन अगस्त को यहां आएंगे। राष्ट्रपति कार्यालय ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि तीन अगस्त को, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस राष्ट्रपति तोकायेव के निमंत्रण पर कज़ाखस्तान का दौरा करेंगे। राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार दोनों नेता अल्माटी में वार्ता करेंगे और 2025 में संयुक्त राष्ट्र के एक प्रस्ताव द्वारा स्थापित पश्चिम एशिया और अफगानिस्तान के लिए सतत विकास लक्ष्यों के वास्ते स्थापित संरा के क्षेत्रीय केंद्र जाएंगे। गुटेरेस ने इससे पहले 2024 में संरा कार्यालय पहुंचे थे।

# चीन ने यूक्रेन संकट पर अमेरिकी आरोपों को किया खारिज

**संयुक्त राष्ट्र।** चीन ने कहा है कि न तो यूक्रेन संकट उसने शुरू किया और न ही वह इसमें शामिल है। उसने किसी भी पक्ष को कभी भी घातक हथियार नहीं दिए और उसने ड्रोन सहित दोहरे इस्तेवाल वाली चीजों के निर्यात पर कड़ा नियंत्रण रखा है।

संयुक्त राष्ट्र (संरा) में चीनी राजदूत ने अमेरिकी आरोपों के जवाब में यह बात कही। इससे पहले सुरक्षा परिषद की बैठक मेंअमेरिकी प्रतिनिधि ने कहा कि चीन इस युद्ध का 'सबसे महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता' है। इसके जवाब में, संरा में चीन के उप-स्थाई प्रतिनिधि गेंग शुआंग ने अमेरिका के चीन के खिलाफ लगाए इन आरोपों को झूठा, अपमानजनक और पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया। शुआंग ने कहा कि संघर्ष के पक्ष सुरक्षा परिषद के प्रतिबंधों के अधीन नहीं हैं। चीन के रूस और यूक्रेन के साथ सामान्य व्यापारिक संबंध हैं। ऐसा करके, वह अंतर्राष्ट्रीय कानून या अपने अंतर्राष्ट्रीय दायित्वों का उल्लंघन नहीं करता है। उन्होंने आगे कहा कि दरअसल, अब तक अमेरिका ने रूस के साथ अपना व्यापार जारी रखा है। अगर अमेरिका खुद ऐसा कर रहा है, तो वह दूसरों को भी ऐसा करने की अनुमति क्यों नहीं देता? अमे. रिका के लिए यह अनुचित है कि वह चीन से संघर्ष समाप्त करने में भूमिका निभाने की उम्मीद करे, तो दूसरी ओर चीन पर लगातार दबाव बनाए रखे।

# न्यूयॉर्क व न्यूजर्सी में भारी बारिश के कारण आपात की घोषणा

## एक घंटे में 3 इंच बारिश, सड़कें-मेट्रो स्टेशनों में पानी भरा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्वी तट पर गुरुवार को तेज तूफान और भारी बारिश से बाढ़ आ गई। जिसके बाद न्यूयॉर्क शहर और न्यू जर्सी में इमरजेंसी घोषित कर दी गई। तूफान का असर न्यूयॉर्क से वॉशिंगटन डीसी तक दिखा। मौसम विभाग के अनुसार, कुछ इलाकों में एक घंटे में 3 इंच (7.6 सेमी) तक बारिश हुई, जिससे नाले और नदियां उफान पर आ गईं। न्यूयॉर्क में मेट्रो स्टेशनों में पानी भर गया। स्टेशन में दीवारों से पानी रिसता दिखा। भारी बारिश के कारण पटरियां पानी में डूब



**14 हजार लोग बिना बिजली के रह रहे, भारी बारिश के कारण पटरियां पानी में डूब गईं जिससे कई ट्रेनें व यात्री फंस गए**

गईं जिससे कई ट्रेनें और यात्री फंस गए। रेस्क्यू टीम ने यात्रियों को बचाया। सड़कों पर पानी भरने से कई गाड़ियां डूब गईं, और एक्सप्रेसवे बंद करना पड़ा। वहीं न्यू जर्सी में 14 हजार से ज्यादा लोग 24 घंटे बिना बिजली के रहे। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने शहर और आसपास के इलाकों में आपातकाल की घोषणा की है। शुक्रवार तक और बारिश की आशंका है। प्रशासन ने लोगों को यात्रा न करने और बाढ़ से बचने की सलाह दी है।

# पुणे के दौंड में आपत्तिजनक पोस्ट के बाद तनाव

**पुणे।** पुणे के दौंड में शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक पोस्ट के बाद तनाव बढ़ गया है। दो गुटों की भीड़ ने सड़कों पर कई गाड़ियों को आग लगा दी गई। धार्मिक स्थल पर पथराव किया है।

घटना पुणे से 80 किमी दूर दौंड के यवत गांव की है। तनाव को देखते हुए यवत का साप्ताहिक बाजार बंद कर दिया गया है। पुलिस ने हालात को काबू पाने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। यवत पुलिस निरीक्षक नारायण देशमुख ने बताया कि आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले युवक का नाम सैय्यद है और हिरासत में ले लिया है। दरअसल, 26 जुलाई को यवत

**■ धार्मिक स्थल पर पथराव, गाड़ियों को आग लगाई शिवाजी महाराज के अपमान के विरोध में प्रदर्शन हो रहा था**

के नीलकंठेश्वर मंदिर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की घटना हुई थी। इसी को लेकर गुरुवार से ही विरोध हो रहा था। इसी विवाद पर शुक्रवार को एक युवक की आपत्तिजनक पोस्ट वायरल हो गई। इसके बाद प्रदर्शनकारी यवत के सहकार नगर में युवक के घर पहुंचे और तोड़फोड़ की। तभी दो पक्षों में टकराव हो गया और तनाव की स्थिति बन गई।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC..
:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

ROOP RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट